CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

बरेली, शनिवार 22 फरवरी 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 90 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ फाल्गुन पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2081 | 23 शाबान 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

तापमान: अधिकतम :23°C न्यूनतम: 07°C

सेंसेक्स 75,311.06 निफ्टी 22,795.90

सोना 89,140 चांदी 100,500



## गुजराती काश पटेल बने अमेरिकी एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



## कोहली ने की कैच पकड़ने में अजहर के रिकॉर्ड की बराबरी

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### उत्तराखंड में नया भू-कानून बजट सत्र में हुआ पारित

# नया भू-कानून राज्य में भू सुधार के लिए प्रयास : धामी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- राज्य की भूमि को भू माफियाओं से बचाने और दुरुपयोग रोकने की कोशिश
- राज्य में अलग-अलग जिलों की परिस्थितियां भी भिन्न-भिन्न प्रकार की हैं

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र में शुक्रवार को नया भू-कानून बिल पास कर दिया गया है।

नए भू-कानून पर चर्चा के दौरान शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सदन को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और डेमोग्राफिक स्थिति, अवैध कब्जों और भू माफियाओं पर अंकुश की आवश्यकता को देखते हुए सशक्त भू कानून लाया जा रहा है। राज्य में लाए जा रहे नए भू कानून को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि ये भू कानून एक प्रकार से भू सुधार है और भू प्रबंधन है। ये कोई अंत नहीं है, बल्कि ये शुरुआत है। हम लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास रखने वाले लोग हैं। प्रदेश के बाहर के लोगों द्वारा विभिन्न उद्योगों के नाम पर और स्थानीय लोगों को रोजगार देने के नाम पर अन्य प्रयोजनों के लिए जमीन का उपयोग किया जा रहा था। अब सशक्त भू कानून के बाद ऐसे लोगों को सफलता नहीं मिल पाएगी। राज्य बनने के बाद औद्योगिक निवेश और विकास के लिए पैकेज भी दिया गया, जिसके तहत उद्योगों का विकास हुआ इसलिए हम ये भी चाहते हैं कि औद्योगिक विकास भी न रुके और साथ ही राज्य की भूमि का सदुपयोग भी हो। इसके लिए भू-कानून में भू प्रबंधन का ध्यान रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में 3461.77 एकड़ वन भूमि को कब्जा हटाने का काम हुआ है। राज्य के -शेष पृष्ठ दो पर

# 2029 तक यूपी बनेगा एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था: सीएम योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा सदस्य रागिनी के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री का दावा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि वर्ष 2029 तक उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के अपने लक्ष्य को हासिल कर लेगा।

श्री योगी ने विधानसभा के बजट सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा सदस्य रागिनी सोनकर के एक सवाल के जवाब में कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार आई थी, तब राज्य की अर्थव्यवस्था 12 लाख करोड़ रुपये थी, जो इस वित्तीय वर्ष के अंत तक 27.5 लाख करोड़ रुपये हो जाएगी। प्रदेश सरकार 2029 तक उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि जो लोग भारत को विकसित राष्ट्र नहीं मानते, वे उत्तर प्रदेश की आर्थिक वृद्धि पर भी सवाल उठाते हैं, भारत आज दुनिया की एक बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ रहा है।

# विकसित भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व जरूरी

## पीएम ने भारत मंडपम में 'सोल' लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का किया उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

> कहा राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए देश के हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में दिन-रात काम करने के लिए उत्तम से उत्तम नेतृत्व की जरूरत है, जो वैश्विक सोच और स्थानीय विकास के विचार पर चले। पीएम मोदी ने शुक्रवार को यहां भारत मंडपम में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप (सोल) लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। उनके साथ भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी मौजूद थे।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, तो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये कार्यक्रम सोल लीडरशिप कॉन्क्लेव भी ऐसा ही आयोजन है। राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास जरूरी है, व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण। उन्होंने कहा कि यदि जन से जगत तक किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन लीडर्स का विकास बहुत जरूरी है और समय की मांग है। इसलिए सोल की स्थापना 'विकसित भारत' की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत को गुलामी से बाहर निकालकर भारत को परिवर्तित करना चाहते थे और उनका विश्वास था कि अगर सौ लीडर उनके पास हों, तो वह भारत को आजादी ही नहीं, बल्कि दुनिया का नंबर वन देश बना सकते हैं। इसी मंत्र को लेकर हम सबको आगे बढ़ना है। आज हर भारतीय, 21वीं सदी के 'विकसित भारत' के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे में 140 करोड़ के देश में भी हर सेक्टर में, हर वर्टिकल में, जीवन के हर पहलू में हमें उत्तम से उत्तम लीडरशिप की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के लिए हमारी लड़ाई से बेहतर साझा उद्देश्य का कोई उदाहरण नहीं हो सकता, आज हमें स्वतंत्रता की भावना को पुनर्जीवित करना होगा और इससे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना होगा, यदि आप स्वयं को विकसित करते हैं, तो आप व्यक्तिगत सफलता का अनुभव कर सकते हैं। यदि आप एक टीम विकसित करते हैं, तो आपका संगठन विकास का अनुभव कर सकता है और यदि आप नेताओं को विकसित करते हैं, तो आपका संगठन बहुत तेजगति से प्रभावी विकास कर सकता है।



### भागलपुर से किसान सम्मान निधि का वितरण करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी कर 22000 करोड़ रुपये की राशि का वितरण करेंगे। श्री चौहान ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी देते हुए बताया कि भागलपुर में 24 फरवरी को देशव्यापी किसान सम्मान समारोह आयोजित होगा। प्रधानमंत्री मोदी मुख्य अतिथि होंगे। श्री चौहान ने कहा कि किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त में 22,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि किसानों को सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने अब्बास अंसारी मामले में आदेश वापस लिया

शाह टाइम्स ब्यूरो

> पुलिस से पूछा- क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपना एक आदेश वापस ले लिया, जिसमें पुलिस से गैंगस्टर एक्ट के तहत एक मामले में विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ जांच 10 दिनों के भीतर पूरी करने को कहा गया था।

कोर्ट ने इसकी बजाय यह जानना चाहा कि क्या उनके खिलाफ कोई जांच लंबित है? जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 6 मार्च को तय की। आदेश वापस लेने का वाकया तब हुआ, जब अब्बास अंसारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है और यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मामले में आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि राज्य ने मामले में गलत हलफनामा दाखिल किया है और अब्बास अंसारी के खिलाफ कुछ भी लंबित नहीं है। यूपी सरकार की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने कहा कि उन्हें मामले पर और स्पष्टीकरण की जरूरत है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस को गैंगस्टर अधिनियम के तहत विधायक अब्बास अंसारी के खिलाफ एक मामले में 10 दिनों के अंदर जांच पूरी करने का निर्देश दिया था।

### छत्तीसगढ़ को सुप्रीम कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने नागरिक पूर्ति निगम (एनएएन) घोटाले में पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत की मांग वाली उनकी याचिका पर शुक्रवार को छत्तीसगढ़ सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने छत्तीसगढ़ सरकार के अधिवक्ता का यह बयान दर्ज किया कि अदालत के अगले आदेश तक उनके खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### एक करोड़ की ड्रग्स के साथ लेडी डॉन जोया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने गैंगस्टर हाशिम बाबा की तीसरी पत्नी जोया खान को 270 ग्राम ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ रुपये है। जोया को पुलिस ने 20 फरवरी को नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के वेलकम इलाके से गिरफ्तार किया। जोया खान का नाम लंबे समय से पुलिस की निगरानी लिस्ट में था, लेकिन वह हर बार बच निकलती थी। 33 साल की जोया को अपने पति के गैंग को संभालने और कानून से बचने में माहिर माना जाता था। पुलिस को लंबे वक्त से शक था कि वह अपराधों में शामिल है, लेकिन पुख्ता सबूत न मिलने के कारण अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई थी। इस बार दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। हाशिम बाबा पर हत्या उगाही और हथियार तस्करी के दर्जनों मामले दर्ज हैं।

### नई दिल्ली स्टेशन पर भगदड़ के वीडियो हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर 15 फरवरी को हुई भगदड़ में 18 लोगों की मौत हो गई थी। मामले में अब तक जांच रिपोर्ट नहीं आई है, लेकिन रेलवे ने एक फरमान जरूर जारी किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को नोटिस जारी कर 288 वीडियोज लिंक हटाने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने 17 फरवरी को यह नोटिस भेजा था और एक्स को 36 घंटे में घटना से जुड़े सभी वीडियो लिंक हटाने का निर्देश दिया था।

### सोनिया गांधी को मिली अस्पताल से छुट्टी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष तथा पार्टी की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को एक दिन तक डॉक्टरों की देख रेख में रखने के बाद शुक्रवार को यहां गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिल गई। श्रीमती गांधी को गुरुवार सुबह पेट दर्द के बाद यहां सर गंगा राम अस्पताल से नियमित चेकिंग के लिए ले जाया गया, जहां पेट से जुड़ी समस्या के कारण उन्हें भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार श्रीमती गांधी की गुरुवार सुबह नियमित जांच की गई, लेकिन पेट में मामूली संक्रमण होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कर दिया और शुक्रवार सुबह छुट्टी दे दी गई।

### सज्जन कुमार की सजा पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में कोर्ट ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के खिलाफ सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। पीड़ित पक्ष ने सज्जन कुमार के लिए मौत की सजा की मांग की है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 12 फरवरी को सज्जन कुमार को दोषी ठहराया था। उन पर 1984 में दंगों के दौरान सरस्वती विहार में जसवंत सिंह और उसके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या का दोषी पाया।

# दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता एक्शन मोड में, लिए 5 बड़े फैसले

**नई दिल्ली।** दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक दिन बाद रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम आतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है।



इसके अलावा आतिशी सरकार ने जिन अधिकारियों के कर्मचारियों को दूसरी जगह -शेष पृष्ठ दो पर

1. आतिशी व पूर्व मंत्रियों का पर्सनल स्टाफ हटाया
2. मोहल्ला क्लीनिकों की होगी जांच
3. दिल्ली में लागू होगी आयुष्मान भारत योजना
4. कैग की रिपोर्ट होगी पेश
5. महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा जारी रहेगी

**अरविंदर लवली प्रोटेम स्पीकर होंगे**

# ईडी ने बीबीसी इंडिया पर 3.44 करोड़ का लगाया जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

- एफडीआई नियमों के उल्लंघन का आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर 3.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। ईडी ने इसके तीन डायरेक्टर्स पर भी 1.14 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया है। यह आदेश भारतीय विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत दिया गया।

एक रिपोर्ट के अनुसार, बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, 100 प्रतिशत एफडीआई वाली कंपनी है। बीबीसी डिजिटल न्यूज मीडिया है, लेकिन कंपनी ने एफडीआई को 100 प्रतिशत बनाए रखा। जबकि सरकार द्वारा 2019 में जारी आदेश के तहत डिजिटल मीडिया में एफडीआई की सीमा 26 प्रतिशत निर्धारित की गई थी, जिसे कंपनी ने नजरअंदाज किया। ईडी ने 4 अगस्त 2023 को बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, इसके तीन डायरेक्टर और वित्त प्रमुख को एक शो-काज नोटिस जारी किया था। बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर कुल जुर्माना 3 करोड़ 44 लाख 48 हजार 850 रुपये का लगाया गया है। इसके अलावा, फेमा 1999 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए 15 अक्टूबर 2021 के बाद हर दिन के लिए 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है, दिल्ली के केजी मार्ग स्थित इस इमारत में बीबीसी का ऑफिस है। यहीं पांचवें और छठे फ्लोर पर आईटी ने रेड की थी।

# भारत-पाक सीजफायर बनाए रखने पर सहमत

**जम्मू।** भारत और पाकिस्तान ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के चक्कन-दा-बाग क्रॉसिंग प्वाइंट पर आयोजित ब्रिगेडियर-स्तरीय फ्लैग मीटिंग में सीमा पर शांति के लिए नए सिरे से संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए हैं।

आधिकारिक सूत्रों ने यहां बताया कि हाल ही में सीमा तनाव के मद्देनजर शुक्रवार सुबह भारत और पाकिस्तान के बीच ब्रिगेडियर- स्तरीय फ्लैग मीटिंग हुई। उन्होंने कहा कि बैठक बहुत सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई और एक घंटे से अधिक समय तक चली। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष सीमा पर शांतिपूर्ण माहौल के लिए 25 फरवरी, 2021 को नए सिरे से किए गए संघर्ष विराम समझौते का सम्मान करने पर सहमत हुए हैं। इस वर्ष पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम का कई बार उल्लंघन हुआ है।

حج عمرہ و زیارات

IATA बिस्मिल्लाह ISO 9001:2015 CERTIFIED COMPANY

टूर एण्ड ट्रैवल्स (दधेड़ू वाले)

हज, उमराह, ज़ियारत

25 अप्रैल 2025 उमरा टूर RS. 75,000/- 20 दिन

फुल रमजान उमरा पैकेज RS.1,20,000/-

मक्का होटल : 650 मीटर जोरत मानसिया और हुसैन मोद्दा सीमीलर | मदीना होटल: 800 मीटर पी0सी0 अल मदीना और अल फिरदौस सीमीलर

डाइरेक्ट फ्लाइट

होटल में रहना, खाना व ज़ियारत

मज़ीद जानकारी व बुकिंग के लिए राब्ता करें।

हाजी आलम - 9756508234

एयर टिकट, टूरिस्ट एण्ड बिजनेस वीज़ा के लिए सम्पर्क करें।

मुजफ्फरनगर ऑफिस: निकट सरवट गेट चौराहा, लताफत अली खान मार्किट, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर 0131-2644200, 7017145399, 8534039577

दिल्ली ऑफिस: 1-एफ, बिल्डिंग सेकण्ड फ्लोर, भरत नगर, न्यू फ्रैन्डस कॉलोनी, नई दिल्ली-110025 011-41251668, 9821106157

E-mail:bismillah786@gmail.com

www.bismillahtourandtravel.com info@bismillahtourandtravels.com

# हमारे आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारतीय चुनाव में यूएस फंडिंग वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बयान पर बोला विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर बयान दिया है। इसे लेकर विदेश मंत्रालय ने जवाब दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमें अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ यूएस गतिविधियों और फंडिंग के बारे में जानकारी दी गई।

यह बेहद परेशान करने वाली है। भारत के आंतरिक मामलों में विदेशी दखल चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग और एजेंसियां इस मामले की जांच कर रही हैं। इस समय सार्वजनिक टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अधिकारी इस पर गौर कर रहे हैं और उम्मीद है कि हम बाद में इस पर अपडेट दे पाएंगे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डालर देने की क्या जरूरत है? मुझे लगता है कि वे (बाइडन सरकार) चाहते थे कि चुनाव में किसी और को चुना जाए।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस बारे में कि क्या सार्क पर चर्चा हुई या नहीं। जब विदेश मंत्री ने मस्कट में बांग्लादेश के विदेश सलाहकार से मुलाकात की थी, तब यह मामला बांग्लादेश की ओर से विदेश मामलों की बैठक में उठाया गया था। दक्षिण एशिया में हर कोई जानता है कि कौन सा देश और कौन सी गतिविधियां सार्क को बाधित करने के लिए जिम्मेदार हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश को आतंकवाद को सामान्य नहीं बनाना चाहिए।

## चीन के साथ संबंधों में महत्वपूर्ण प्रगतिः एस.जयशंकर



**जोहान्सबर्ग/नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को चीन के विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात करके सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति का प्रबंधन, कैलाश मानसरोवर यात्रा, उड़ान कनेक्टिविटी और यात्रा सुविधाओं के बारे में चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार डा. जयशंकर ने जी-20 विदेश मंत्री बैठक से इतर हुई इस बैठक में अपने आरंभिक वक्तव्य में कहा कि मुझे खुशी है कि हम शुक्रवार को जोहान्सबर्ग में जी-20 विदेश मंत्रियों की बैठक से इतर मिल सकते हैं। इस तरह की सभाओं ने हमारी बातचीत के लिए एक अवसर प्रदान किया है, तब भी जब हमारे संबंध एक कठिन चरण से गुजर रहे थे। हमें यह भी स्वीकार करना चाहिए कि ध्रुवीकृत वैश्विक स्थिति में, हमारे दोनों देशों ने एक संस्था के रूप में जी 20 को संरक्षित और संरक्षित करने के लिए कड़ी मेहनत की है।

# आशा कार्यकर्ताओं का पारिश्रमिक विडंबना: न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यन ने आशा कार्यकर्ताओं के पारिश्रमिक में सुधार के मुद्दे को एक 'विडम्बना' बताते हुए कहा है कई बार जो सबसे अधिक योगदान करते हैं उन्हें सबसे कम मिलता है। उन्होंने केंद्र और राज्यों से इसका समाधान निकालने को कहा है।


न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन शुक्रवार को यहां आशा कार्यकर्ताओं के विषय में आयोग द्वारा आयोजित कोर समूह की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं की इस शिकायत का उल्लेख किया कि उनका पारिश्रमिक समाज में उनके योगदान के अनुपात में नहीं है। उन्होंने कहा कि विडंबना यह है कि कई बार जो सबसे अधिक योगदान देते हैं, उन्हें सबसे कम मिलता है, जो हाशिए पर पड़े लोगों की देखभाल करते हैं, वे खुद हाशिए पर चले जाते हैं। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं की कार्य स्थितियों और जीवन स्तर में सुधार के लिए ठोस नीति और कार्यान्वयन योग्य उपाय करने का भी आह्वान किया। आयोग



■ केन्द्र और राज्य सरकारों से समाधान निकालने को कहा

के अध्यक्ष ने देश में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सुधार के लिए पिछले 20 वर्षों में आशा कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। इसका विषय था मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं (आशाओं) को सशक्त बनाना: सम्मान के साथ काम करने के अधिकार को सुरक्षित करना। उन्होंने जोर देकर कहा कि आशा कार्यकर्ताओं के योगदान से नवजात और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। न्यायमूर्ति रामसुब्रमण्यन ने आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने दिखाया है कि औपचारिक शिक्षा के बिना भी व्यक्तियों को कुशल श्रमिक बनने के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षित लोगों की संख्या बहुत है, लेकिन कुशल श्रमिकों की संख्या कम हो रही है। आशा योजना के माध्यम से इस अंतर को दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और न्यूनतम मजदूरी तय करना राज्य का विषय है।

## राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठें और शिक्षा का राजनीतिकरण न करें स्टालिन: प्रधान



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के रूख की आलोचना करते हुए उनसे शिक्षा का राजनीतिकरण न करने तथा छात्रों के हित में राजनीतिक मतभेदों से उपर उठकर निर्णय लेने को कहा है। प्रधान ने स्टालिन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का विरोध किए जाने पर शुक्रवार को एक पत्र लिखकर यह हिदायत दी। केन्द्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह पत्र साझा करते हुए कहा कि किसी राज्य द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अदूरदर्शी दृष्टिकोण से देखना तथा राजनीतिक आख्यानों को बनाए रखने के लिए धमकियों का उपयोग करना अत्यधिक अनुचित है। सरकार विश्व स्तर पर शाश्वत तमिल संस्कृति और भाषा को बढ़ावा देने तथा लोकप्रिय बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मैं विनम्रतापूर्वक अपील करता हूं कि शिक्षा का राजनीतिकरण न करें तथा हमारे छात्रों के सर्वोत्तम हित में राजनीतिक मतभेदों से उपर उठें। प्रधान ने पत्र में लिखा है कि यह जरूरी है कि राज्य सरकार राजनीति से ऊपर उठे और ऐसी नीतियों को प्राथमिकता दे, जो हमारे छात्रों को भविष्य के लिए ज्ञान, कौशल और अवसरों से सशक्त बनाएं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति केवल एक सुधार नहीं है, यह एक परिवर्तनकारी दृष्टि है, जो हमारी भाषाई और सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित और मजबूत करते हुए भारत की शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों तक बढ़ाने का प्रयास करती है।

# डोलाल्ड ट्रम्प ने भारत में अमेरिकी चुनावी फंडिंग को रिश्वतखोरी बताया

न्यूयार्क, वार्ता



■ कहा- मैं परवाह क्यों करूं, हमारी अपनी बहुत परेशानियां, तीन दिन में जारी किया चौथा बयान

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन दिन में चौथी बार भारत में अमेरिकी चुनावी फंडिंग पर सवाल उठाया। उन्होंने बाइडेन प्रशासन की तरफ से भारत को दी गई 182 करोड़ रुपए की फंडिंग को रिश्वतखोरी बताया। ट्रम्प ने कहा कि मैं हैरान हूं, इतना पैसा पाकर भारत क्या सोचता होगा। ये एक किक-बैक स्कीम है। जो लोग ये पैसा भारत को भेज रहे हैं, उसका कुछ हिस्सा लौटकर उन्हीं लोगों के पास आ रहा है।

ट्रम्प ने कहा कि मैं इसकी परवाह क्यों करूं, हमारी अपनी परेशानियां कम नहीं हैं। हमने ये सारी स्कीमें बंद कर दी हैं। अब हम सही रास्ते पर हैं। ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी के स्टेट गवर्नर्स की बैठक में शामिल हुए थे। ट्रम्प अमेरिकी शहर मियामी में सऊदी सरकार की फ्यूचर इंवेस्टमेंट इनिशिएटिव समिट में बोल रहे थे। इससे पहले ट्रम्प ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन पर भारत के आम चुनाव में दखल देने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा कि बाइडेन का प्लान भारत में किसी अन्य नेता (नरेंद्र मोदी के अलावा) को चुनाव जिताने का था। उन्होंने कहा कि बाइडेन प्रशासन ने भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए 182 करोड़ रुपए का फंड मुहैया कराया। ट्रम्प ने कहा कि ये बड़ा खुलासा है, हम इस बारे में भारत सरकार को बताएंगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने वोटर टर्नआउट बढ़ाने के नाम पर भारत को 182 करोड़ रुपये का फंड दिया। अमेरिकी चुनाव में रूस ने सिर्फ दो हजार डालर (1.73 लाख रुपये) का इंटरनेट विज्ञापन दिया तो मुद्दा बना था, जबकि अमे. रिका भारत को बड़ी रकम दे रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### गुजराती पटेल यूएस एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल के कश्यप काश पटेल, अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के डायरेक्टर बन गए है। अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। गुरुवार को वोटिंग के दौरान उन्हें 51.49 के मामूली बहुमत से पद के लिए चुना गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के अलावा पटेल के विरोध में दो रिपब्लिकन सांसद सुसान कॉलिन्स और लिसा मर्कोव्स्की दोमात्र ने भी वोट किया। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों को इस बात का डर है कि काश पटेल पद संभालने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प के आदेशों का पालन करेंगे और उनके विरोधियों को निशाना बनाएंगे। मंजूरी मिलने के बाद पटेल ने राष्ट्रपति ट्रम्प और अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### अमेरिका से निकाले गए 300 अप्रवासी पनामा में कैद

**पनामा।** अमेरिका ने 300 अवैध अप्रवासियों को डिपोर्ट करके पनामा भेजा है। यहां इन लोगों को एक होटल में हिरासत में रखा गया है। इन अप्रवासियों में भारत के अलावा नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, चीन, वियतनाम और ईरान के लोग शामिल हैं। ये लोग अपने देश लौटने को तैयार नहीं हैं। होटल की खिड़कियों से ये लोग मदद की गुहार लगा रहे हैं। कुछ लोग कागजों पर 'हमारी मदद करें' और 'हमें बचाएं' लिखकर खिड़की से दिखा रहे हैं। अमेरिका अवैध अप्रवासियों को उनके देश डिपोर्ट करने के लिए पनामा को पड़ाव के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। इसके लिए पनामा के अलावा ग्वाटेमाला और कोस्टारिका के साथ भी करार किया है।

### वाराणसी में हाईवे पर हादसा, पांच लोगों की मौत

**वाराणसी।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के रूपापुर (भेड़हरा) गांव के समीप नेशनल हाईवे पर शुक्रवार की सुबह खड़े एक ट्रक में महाकुंभ की तरफ जा रही क्रूजर ओवर टेक करने के दौरान हादसे का शिकार हो गई, जिसमें महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस घटना में एक महिला का सिर धड़ से अलग हो गया था। इस बाबत 108 एंबुलेंस के प्रभारी कृष्ण देव ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पांच एंबुलेंस मौके पर भेजी गई थी। क्रूजर में कर्नाटक के रहने वाले 11 लोग सवार थे। इसमें पांच लोग की मौत हुई है। मरने वालों में कर्नाटक के संतोष कुमार, सुनीता, गणेश, शिवकुमार सहित अन्य लोग हैं। कार में कुल 13 लोग सवार थे, जिसमें 7 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए।

### रेखा गुप्ता, प्रवेश ने की धनखड़ से शिष्टाचार भेंट

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुकवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट की। उप राष्ट्रपति सचिवालय ने यहां यह जानकारी दी। गुप्ता सुबह उपराष्ट्रपति निवास पहुंची और धनखड़ से मुलाकात की। उनके साथ दिल्ली के लोक निर्माण विकास, संसदीय मामले, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, जल और गुरुद्वारा चुनाव मंत्री प्रवेश साहिब सिंह भी थे। सचिवालय ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया है।

# कांग्रेस संगठन को मजबूत करें कार्यकर्ता: राहुल

रायबरेली, वार्ता

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली में युवाओं को संबोधित करते हुए बीजेपी पर जमकर हमला बोला और कहा कि अगर आप रोजगार चाहते हो, तो छोटे व्यापारियों को मजबूत करना होगा। जीएसटी सिस्टम को बदलना होगा, जितनी जीएसटी आप देते हैं उतनी अडाणी देते हैं। मोदी अमेरिका में जाकर कहते है कि मेरा पर्सनल मैटर है।

कांग्रेस नेता और लोकसभा सांसद राहुल गांधी दो दिवसीय रायबरेली के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने युवा संवाद के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को मजबूत करने और 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों की तैयारी शुरू करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उस बैंक का दरवाजा आपके लिए खोलना होगा, जो आज बड़े-बड़े लोगों के लिए हो। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार फेल्योर सरकार है, काम करना आता नहीं, उल्टी सीधी बातें करते रहते हैं। दिल्ली की सरकार फेल सरकार है। इसको हटाइये और कांग्रेस की सरकार लाइए। उन्होंने कहा कि दो हिन्दुस्तान है-एक अडाणी, अंबानी



■ कांग्रेस नेता ने बीजेपी पर जमकर बोला हमला

और एक गरीबों का। आपने जो शादी देखी वो उनका नहीं, आपका पैसा है। दो हिंदुस्तान नहीं चाहिए, आपको डरना नहीं चाहिए, सवाल पूछना चाहिए। रोजगार कब पैदा होंगे, बेरा. जगारी कब खत्म होगी।

इससे पहले राहुल गांधी ने शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकता की। राहुल गांधी से पार्टी कार्यकर्ताओं की मुलाकात उनके संसदीय आवास भुएमऊ में हुई। उन्हें विभिन्न मुद्दों, खासकर दलितों से संबंधित मुद्दों से अवगत कराया गया। रायबरेली में कांग्रेस अनुसूचित जाति विंग के अध्यक्ष सुनील कुमार गौतम ने मुलाकात के बाद कहा कि समुदाय के 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राहुल गांधी से उनके भुएमऊ आवास पर मुलाकात की। गौतम ने बताया कि उन लोगों ने अनुसूचित जाति समुदाय से संबंधित मुद्दों को लेकर बातचीत की।

## आरएसएस-भाजपा को विदेशी एजेंसियों से मिलती है गुप्त सहायता : कांग्रेस

# लोकतंत्र अस्थिर करने को ले रहे मदद

नई दिल्ली, वार्ता



■ देश में संवैधानिक संस्थाओं को किया जा रहा ध्वस्त: पवन खेड़ा
■ पीएम मोदी सुनते रहे ट्रम्प की धमकी

कांग्रेस पार्टी ने शुक्रवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी देश में लोकतंत्र को अस्थिर करने और संवैधानिक संस्थाओं को ध्वस्त करने के लिए विदेशी एजेंसियों से गुप्त सहायता ले रहे हैं और इसके सबूत उसके पास हैं।

पार्टी ने कहा है कि मोदी सरकार अमेरिका की सरकारी एजेंसी यूएसएड द्वारा भारत के चुनावों को प्रभावित करने के लिए धन देने के मामले को लेकर इस समय जो प्रचार कर रही है, वह वास्तव में असली मुद्दों को भटकाने की उसकी कोशिश है, क्योंकि खुद सत्ता पक्ष से जुड़े लोग प्रदेश की एजेंसियों से सहायता लेते रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस पहले ही भारत में यूएसएड फंडिंग पर श्वेतपत्र की मांग कर चुकी है, यह स्पष्ट कर दें कि हम वैश्विक भागीदारी विकास एजेंसियों, यूएसएड जैसी सहायता तंत्रों को बेईमान नहीं मानते। खेड़ा ने कहा कि भाजपा ही सबसे पहले 'डीप स्टेट' की कहानी शुरू की और यूएसएड को बदनाम करना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि हालांकि हमारे पास पर्याप्त सबूत हैं कि आरएसएस-भाजपा भारतीय लो. कतंत्र को अस्थिर करने और हमारे संविधान को ध्वस्त करने के लिए विदेशी एजेंसियों से गुप्त सहायता ले रही है। कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पिछली अमेरिका यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने यहां आयातित सामानों पर 'जवाबी शुल्क' लगाने और ब्रिक्स समूह को खत्म करने की बात कर रहे थे, तो मोदी मुस्कुरा रहे थे। उन्होंने कहा कि इस तरह हमारे प्रधानमंत्री अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकी सुनते रहे और चुपचाप स्वदेश वापस आ गए और अब मोदी सरकार कह रही है कि उसे अस्थिर करने के लिए अमेरिका से धन लिया गया है।

### मोदी की यात्रा के बाद भी नहीं रुक रहा अमेरिका में भारतीयों का अपमान: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के बाद भी वहां भारतीयों का अपमान नहीं रुक रहा है और भारतीय नागरिकों को स्वदेश भेजने की बजाय लैटिन अमेरिकी देशों में भेजा जा रहा है। कांग्रेस महासं. चव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि मोदी अमेरिका के नव नियुक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मित्र बताते हुए उनसे बातचीत कर स्वदेश आ गए हैं, लेकिन उनके लौटने के महज एक सप्ताह बाद वहां से भारतीय नागरिकों को वापस भेजने की बजाय लैटिन अमेरिकी देशों में भेजा जा रहा है।

### दिल्ली में कांग्रेस की बदौलत जीती भाजपा: मायावती



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवारको कहा कि बसपा पर उंगुली उठाने से पहले उन्हे अपने गिरेबान में झांक कर देख लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा की बी टीम बन कर चुनाव मैदान पर उतरी, जिसके कारण भाजपा को दिल्ली की सत्ता में आने का मौका मिला। इससे पहले रायबरेली के दौरे पर आए गांधी ने बसपा पर प्रहार करते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव में बसपा भाजपा की बी टीम बन कर चुनाव में उतरी।

उन्हें नहीं पता कि बसपा अध्यक्ष ने ऐसा क्यों किया। यदि बसपा अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस का साथ दिया होता, तो भाजपा केंद्र की सत्ता में नहीं आती। गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए सुश्री मायावती ने एक्स पर सिलसिलेवार ट्वीट में कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा आमचुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बनकर चुनाव लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहां बीजेपी सत्ता में आ गई है। वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता कि यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए। अतः इस पार्टी के सर्वेसर्वा राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर व खासकर बीएसपी की प्रमुख पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी जरूर झांक कर देखना चाहिए, तो यह बेहतर होगा। इनको यही सलाह। उन्होंने कहा कि दिल्ली में बनी नई भाजपा सरकार को यहां चुनाव में खासकर जनहित व विकास सम्बंधी किए गए अपने तमाम वादों को समय से पूरा करने की चुनौती है, वरना आगे चलकर इस पार्टी का भी हाल कहीं कांग्रेस जैसा बुरा ना हो जाए।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली के चलते चौथे दिन भी टूटा बाजार

मुंबई, वार्ता

अमेरिका की संभावित जवाबी टैरिफ और विदेशी निवेशकों की लगातार जारी बिकवाली को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण शुक्रवार को शेयर बाजार में चौथे दिन भी गिरावट का सिलसिला जारी रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 424.90 अंक अर्थात 0.56 प्रतिशत का गोता लगाकर 75,311.06 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 117.25 अंक यानी 0.51 प्रतिशत कमजोर रहकर 22,795.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.18 प्रतिशत लुढ़ककर 40,374.02 अंक और स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत उतरकर 45,856.00 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4060 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2246 में बिकवाली जबकि 1701 में लिवाली हुई, वहीं



113 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी 37 कंपनियों में गिरावट, जबकि 13 में तेजी रही।

बीएसई में धातु की 1.23 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 20 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इससे ऑटो 2.60, कमोडिटीज 0.01, सीडी 1.49, ऊर्जा 0.86, एफएमसीजी 0.51, वित्तीय सेवाएं 0.45, हेल्थकेयर 1.60, इंडस्ट्रियल्स 0.11, आईटी 0.71, दूरसंचार 1.19, यूटिलिटीज 0.21, बैंकिंग 0.82, कैपिटल गुड्स 0.06, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.87, तेल एवं गैस 1.42, पावर 0.31, रियल्टी 1.33, टेक 0.54, सर्विसेज 0.70 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.84 प्रतिशत लुढ़क गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिला. जुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04, जापान का निक्केई 0.26, हांगकांग का हैंगसेंग 3.99 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.85 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि जर्मनी के डैक्स में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 123 अंक गिरकर 75,612.61 अंक पर खुला, लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,748.72 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से यह लगातार गिरता हुआ दोपहर बाद 75,112.41 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

अंत में पिछले दिवस के 75,735.96 अंक के मुकाबले 0.56 प्रतिशत की गिरावट लेकर 75,311.06 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 56 अंक उतरकर 22,857.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,921.00 अंक के उच्चतम जबकि 22,720.30 अंक के निचले स्तर पर रहा।

### विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 635.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में भारी गिरावट से 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह बाद 2.54 अरब डॉलर लुढ़ककर 635.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.52 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 539.6 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.94 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 74.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.9 अरब डॉलर हो गया।

# खाद्य तेलों में टिकाव, मसूर दाल महंगी

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से शुक्रवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मसूर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में मार्च का पाम ऑयल वायदा 33 रिंगिट उतरकर 4849 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.23 सेंट की गिरावट के साथ 47.03 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में मसूर दाल में 50 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। चना, दाल चना, मसूर दाल, और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी



वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000-7100, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 7750-7850 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4300-4400, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18462 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 15457 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16044 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नया भू-कानून...**

इतिहास में पहली बार हुआ है कि वन भूमि पर इतना बड़ा कब्जे हटाने का अभियान चलाया है। सरकार ने पिछले दिनों अवैध कब्जे हटाने के अभियान में वन भूमि पर अवैध कब्जों को हटाने का काम किया था, जिससे इकोलॉजी और इकोनॉमी को संरक्षित करने का काम करेगा। देखा गया है कि तमाम लोगों ने जिस प्रयोजन के लिए जमीन खरीदी थी उसका उपयोग उस कार्यों के लिए नहीं किया गया है। राज्य में कृषि एवं औद्योगिक प्रयोजन के लिए भूमि क्रय की अनुमति 11 जनपदों में समाप्त कर दी गई है। केवल हरिद्वार और ऊधमसिंहनगर में कलेक्टर की बजाए सिर्फ राज्य सरकार के स्तर से ही निर्णय लिया जाएगा। और ये केवल किसी भी व्यक्ति के पक्ष में 12.5 एकड़ के लिए ही अनुमति दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य में आवासीय प्रयोजन के लिए 250 वर्ग मीटर के लिए भी शपथ पत्र देना होगा, शपथ पत्र गलत पाए जाने पर उसको सरकार में निहित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि राज्य में हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जनपद में औद्योगिक निवेश बड़ी मात्रा में है।

**दिल्ली सीएम....**

नियुक्त किया था उन्हें फौरन अपने मूल विभाग में रिपोर्ट करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शुक्रवार दोपहर सचिवालय पहुंची और मंत्रियों-अफसरों के साथ मीटिंग की। इसमें दिल्ली जल बोर्ड, पीडब्ल्यूडी और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को खास तौर पर बुलाया गया था। मीटिंग में खराब सड़कों, पानी और मोहल्ला क्लिनिक को मॉडिफाई करने पर चर्चा हुई। शपथ लेने के बाद रेखा गुप्ता ने पहली कैबिनेट मीटिंग में दिल्ली में आयुष्मान योजना लागू करने पर मुहर लगाई।

उन्होंने कहा कि 24 फरवरी से विधानसभा का सत्र बुलाया जाएगा, जो 27 फरवरी तक चलेगा। इसमें स्पीकर और डिप्टी स्पीकर पर फैसला हो सकता है। नए विधायक भी इसी दिन शपथ लेंगे। विधानसभा अध्यक्ष पद के उम्मीदवार विज. ेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि अरविंदर सिंह लवली प्रोटेम स्पीकर होंगे। उन्होंने बताया कि सत्र में 25 फरवरी को कैग की सभी 14 पेंडिंग रिपोर्ट पेश होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि 'आप' सरकार की शराब नीति में गड़बड़ी से दिल्ली को 2026 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

### पाकिस्तान में मिनी-बस नाले में गिरी, आठ लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत में शुक्रवार तड़के एक खुले नाले में मिनीबस के गिरने से कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई ओर अन्य दो घायल हो गए। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने स्थानीय मीडिया को बताया कि यह दुर्घटना पूर्वी पंजाब प्रांत के कसूर जिले में उस समय हुई, जब मिनीबस एक संगीत समूह के सदस्यों को लेकर एक विवाह समारोह से लौट रही थी और अनियंत्रित होकर सड़क से लुढ़ककर नाले में गिर गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर बचाव टीमें और पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भेजा गया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि अन्य दो को चोटें आई हैं। बचाव अधिकारियों ने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट से पता चला है कि वाहन चलाते समय चालक को अचानक से झपकी लग गई, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। पाक में सड़क दुर्घटनाएं एक चिंताजनक मुद्दा बन गई हैं, पिछले कुछ वर्षों में दुर्घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लाप. रवाही से वाहन चलाना, सड़कों की खराब स्थिति और अपर्याप्त वाहन रखरखाव उच्च दुर्घटना दर के प्राथमिक कारणों में से हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

काले इल्म व सिपली इल्म की काली तांत्रिक शक्तियों का चमत्कार सात घंटों में अपनी आंखों से देखें।
पंडित जी शर्मा
9634608433
जैसे:- नौकरी, व्यापार, कारोबार, पति-पत्नी में झगड़ा, लव मैरिज में अड़चन, शादी में रुकावट, प्यार में धोखा खाये प्रेमी व प्रेमिका एक बार अवश्य फोन करें। आपका बेटा-बेटी, पति-पत्नी किसी के वश में हो महावशीकरण करवाएं या तुड़वाएं, सौतन-दुश्मन को अपनी आंखों के सामने तड़पता देखें, घर में खून के छींटे या प्रेत आत्माओं का साया।
My Promise आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा।
महावशीकरण व मुठकरनी के स्पेशलिस्ट
माताएं व बहनें घर बैठे गारंटीड समाधान करवाएं।
21 वर्षों से आपकी सेवा में
अजमेर शरीफ

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दहेज के लिए सास नंदों एवं रिश्तेदारों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। बेटी को बचाने आये बाप व भाई को भी पीटकर चोटिल कर दिया। पुलिस को तहरीर दे दी है।

थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव साथलपुर मढेयों निवासी राजेंद्र सिंह ने अपनी बेटी शीतल की शादी ढाई माह पहले कोतवाली हसनपुर के गांव सिरसा रुखालू निवासी युवक के साथ की थी। शीतल का आरोप है की शादी के कुछ दिनों के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज लाने के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। शादी के 25 दिन की बाद उसकी मां की मौत हो गई थी। मायके से दहेज न लाने से गुस्साये सुसराल पक्ष के लोगों ने दो दिन से शीतल को खाना भी नहीं दिया था। शीतल ने फोन कर अपने मायके वालों को जब इसकी सूचना दी तो उसके पिता राजेंद्र सिंह व उसका भाई विक्की बहन की ससुराल आये थे।आरोप है कि सास नंदो व अन्य रिश्तेदारों ने शीतल के साथ उसके पिता व भाई के साथ मारपीट कर उन्हें धक्के देकर घर से निकाल दिया। पीड़ित कोतवाली पहुंचे तथा पुलिस को आरोपियों के खिलाफ तहरीर दे दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बचाने आये पिता व भाई को भी पीटा**

### 92 किलो में सतीश ने जीता मेडल



**हसनपुर।** महात्मा ज्योतिबा फूले रूहेलखण्ड के द्वारा कराई गई ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी ग्रैपलिंग प्रतियोगिता में गांव सहसोली के सतीश कुमार ने 92 किलो भार वर्ग में प्रतिभाग किया। जिसमें उन्होंने नेशनल कंपटीशन में ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया। क्षेत्र में नेशनल स्तर पर पहले खिलाड़ी बने सतीश कुमार अपनी प्रैक्टिस के साथ साथ और बच्चों को भी प्रैक्टिस करवाते है। जिससे बच्चे बहुत आगे बढ़ रहे है।

# युवती को प्रेम जाल में फंसा पांच लाख हड़पे

## और पैसे न देने पर फोटो वायरल करने की धमकी दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। वैवाहिक विज्ञापन की साइड पर युवक की युवती से दोस्ती हो गयी। मां को बीमार बता युवक ने कई खातों में पांच लाख रूपये ट्रांसफर करा लिये। और पैसे मांगे तो युवती ने इंकार कर दिया। जिस पर युवक ने उसके फोटो अडिट कर वायरल करने की धमकी दी। जिस पर युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया। पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला का है। यहां रहने वाले व्यक्ति की बेटी की मुलाकात सालभर पहले एक वैवाहिक विज्ञापन वाली वेबसाइट पर रो. हिक धुरिया नाम के युवक से हुई थी। युवक ने खुद को जयपुर का निवासी बताया था तथा कहा था कि जयपुर में उसका कपड़ों का शोरूम है। दोनों ने एक दूसरे के मोबाइल नंबर ले लिए तथा बात होने लगी। रोहित ने युवती से शादी करने की बात कही तथा जल्दी ही स्वजन के साथ अमरोहा आने का भरोसा दिलाया। इस दौरान रोहित ने युवती को पूरी तरह से झांसे में ले लिया तथा उसके फोटो ही वाटसएप पर ले लिए। आरोप है कि इसी दौरान रोहित ने युवती से कहा कि उसकी मां की तबियत खराब है कुछ पैसों की जरुरत है। झांसे में आई युवती ने कई बार में रोहित को पांच लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में रोहित ने युवती से कहा कि उसे और पैसों की जरुरत है। अगर पैसे नहीं दिए तो वह उसके फोटो को एडिट कर प्रसारित कर देगा। जिसके बाद युवती गुमसुम रहने लगी। उसने आत्महत्या का प्रयास किया तो स्वजन ने बचा लिया। जब सारी हकीकत पूछी तो उनके होश उड़ गए। बैंक स्टेटमेंट देखा तो पांच लाख रुपये दिल्ली निवासी मयूर गुप्ता व प्रताप सिंह समेत आठ लोगों के खाते में भेजे गए हैं। काल करने पर भी वह लगातार धमकी दे रहा है। इस मामले में युवती की मां ने नगर कोतवाली में तहरीर दी थी। जिसके आधार पर आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि इस मामले में जांच की जा रही है। जल्दी ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज**

# अधिवक्ताओं ने जुलूस निकाल सौंपा ज्ञापन

## अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में उतरे वकील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। केंद्र सरकार द्वारा 2025 में लाए जाने वाले अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में देशभर में अधिवक्तओं का प्रदर्शन जारी है। बार काउंसिल के आह्वान पर शुक्रवार सुबह बार एसोसिएशन जनपद अमरोहा के संयोजन में अधिवक्ता कचहरी परिसर स्थित बार भवन में जुटे और वहां से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां पर डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। बाद में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। बार अध्यक्ष सलीम अहमद खान ने कहा कि केंद्र सरकार अधिवक्ता समाज को सुरक्षा और सुविधा तो दे नहीं पा रही लेकिन उसकी आवाज दबाने का कुचक्र रच रही है। जिसे हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। अधिवक्ताओं ने केंद्र सरकार अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 को तत्काल वापस लेने के साथ ही अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को जल्द लागू किए जाने समेत कई और मांगों को प्रमुखता से उठाया। कहा कि अगर उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान महासचिव सतीश कुमार त्यागी, इरशाद बेग अय्यूब, प्रमोद कुमार शर्मा, नवनीत कुमार गोला, इसरार अहमद, रिजवान मलिक, सतीश कुमार चौहान, नदीम अहमद आदि मौजूद रहे। उधर, जनपद अमरोहा बार एसोसिऐशन के पदाधिकारियों ने भी बिल के विरोध में कलक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। अध्यक्ष सफदर हुसैन, सचिव अली इमाम रिजवी, हुकम सिंह सैनी, शाहनवाज नबी, यूसुफ कुरैशी, जुनैद खान, जाहिद हुसैन, राशिद सैफी, जमील अहमद, इजहार अहमद आदि मौजूद रहे।



# नौकरी दिलाने के नाम पर युवक से सवा पांच लाख ठगे

## दम्पति ने मदरसे में नौकरी का दिया था झांसा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। मदरसा में नौकरी लगवाने का झांसा देकर दंपति ने युवक से 5.30 लाख रुपये ठग लिए। फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया। पीड़ित जब मदरसा में पढ़ाने गया तो वहां कोई मदरसा नहीं मिला। मामले में आठ साल बाद आरोपी दंपति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

मामला शहर के मोहल्ला इकरार नगर का है। मूल रूप से नौगावां सादात के गांव हादीपुर निवासी अबरार अहमद वर्तमान में परिवार के साथ इसी मोहल्ले में रहते हैं। जानक. ारी के मुताबिक जनवरी 2017 में अबरार की मुलाकात मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव सरकड़ा खास निवासी गुड्डू से हुई थी। गुड्डू ने अबरार को मदरसा में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। जिसका खर्च 5.30 लाख रुपये बताया था। झांसे में आए अबरार ने 26 मार्च 2017 को अपने प्रमाण पत्र व 1.50 लाख रुपये दे दिए। इसके बाद 15 मई 2017 को भी अबरार ने गुड्डू व उसकी पत्नी शबाना को एक लाख रुपये दिए। इसके बाद 18 मई 2017 को भी उधार लेकर ढाई लाख रुपये आरोपी दंपति को दिए। 30 जून 2017 को गुड्डू व शबाना अबरार की पिता की दुकान पर पहुंचे तथा फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया। बकाया 30 हजार रुपये भी ले गए। नियुक्ति पत्र मदरसा गौसे पाक बगदादी सरकड़ा खास के नाम से था। अबरार जब वहां गया तो पता चला कि वहां कोई मदरसा नहीं है। सिर्फ दो कमरो में बच्चों को बैठा कर पढ़ाया जाता है। अबरार ने पूछताछ की तो गुड्डू ने कहा कि जल्दी मदरसा की अनुमति मिल जाएगी। अबरार ने पैसे वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी। पंचायत के बाद भी आरो. पियों ने पैसे देने से मना कर दिया। लिहाजा पीड़ष्ति ने शहर कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में गुड्डू व शबाना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

**आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

# फंदेड़ी में मुरादाबाद पुलिस ने की छापेमारी

## चोरी के मामले में एक युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। मुरादाबाद पुलिस ने चोरी के मामले में फंदेड़ी सादात में छापा मारकर यहां से चोरी में प्रयुक्त हुई पिकअप गाड़ी व एक युवक को पूछताछ के लिए साथ ले गई। गांव में बाहरी पुलिस के छापे से हड़कंप मच गया। स्थानीय पुलिस इस बात की जानकारी से इनकार कर रही हैं।

बताया जाता है कि मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बीते जनवरी महीने में बिजली विभाग का सामान (ट्रांसफार्मर) चोरी हुआ था। घटना के बाद से ही पुलिस जांच कर रही थी। जांच में पुलिस को सीसीटीवी के जरिए एक पिकअप गाड़ी का पता चला जिससे ट्रांसफार्मर को ले जाया गया। गाड़ी के चोरी की घटना में इस्तेमाल होने की बात सामने आई तो पुलिस ने गाड़ी के नंबरों के आधार पर गाड़ी मालिक के बारे में जानकारी जुटाई। इसके बाद जांच में पता चला कि गाड़ी अमरोहा जनपद के मंडी धनौरा इलाके के गांव फंदेडी सादात निवासी युवक की हैं शुक्रवार की दोपहर मुरादाबाद पुलिस फंदेडी गांव पहुंच गयी पुलिस को गाड़ी गांव में युवक के घर के बाहर ही खड़ी मिली इसके बाद पुलिस ने गाड़ी चालक को भी पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया बताया जा रहा है कि पुलिस गाड़ी चालक व गाड़ी को लेकर मुरादाबाद के लिए रवाना हो गयी। हालांकि स्थानीय पुलिस इस तरह की किसी जानकरी से इनकार कर रही हैं



अमरोहा। महाशिवरात्रि को लेकर कलेक्ट्रेट में बैठक लेतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

# कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराएं

## महाशिवरात्रि पर सफाई की करें बेहतर व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। कांवड़ यात्रा के दौरान एवं महाशिवरात्रि पर साफ सफाई प्रकाश वरिकेडिंग सीसीटीवी, क्षतिग्रत मार्गो के सुदृढ़ीकरण सुरक्षा चिकित्सा में लापरवाही करने वाले अधिकारियों की खैर नहीं है। कार्रवाई भी अमल में लाई जायेगी।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा को प्लास्टिक और पालीथीन मुक्त किया जाये। पॉलीथिन और प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाये। अधिकारी अभियान चलाकर इसके लिए कार्य करे। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा और महाशिवरात्रि को सकुशल शांतिपूर्ण आपसी सौहार्द के साथ संपन्न कराये।किसी भी स्तर पर लाप. रवाही न होने पाये। कहा कि कांवड़ यात्रा और महा शिवरात्रि पर जनपद में प्रमुख मंदिरों में जलाभिषेक और पूजन अर्चना के द्रष्टिगत तैयारियों के बारे में दिशा दिये। कहा कि शिविर कांवड़ को प्लास्टिक और पालीथीन मुक्त किया जाये। पॉलीथिन और प्लास्टिक पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाये। नगर पालिका और नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अभियान चलाकर इसके लिए कार्य करें। जिलाधिकारी ने कहा कि एसडीएम और सीओ सभी आयोजकों की डिटेल अपने पास रखें। कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी मुख्य विन्दुओ पर एम्बुलेंस को तैनाती कर दिया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ब्रजेश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार, उपजिलाधिकारी हसनपुर अमरोहा नौगांवा धनौरा क्षेत्राधिकारी अधिशासी अभियंता विद्युत अधिशासी अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### 27 तक बंद रहेंगी अंडा व मांस की दुकानें

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में 20 से 27 फरवरी तक अंडा, मांस और अन्य खाद्य पदार्थों की दुकानें बंद रहेगी। एसडीएम चंद्रकांता ने नगर पालिका मंडी धनौरा, बछरायूं और गजरौला के ईओ को इस बाबत निर्देशित किया है। कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर जगह-जगह शिव मंदिरों में जलाभिषेक किया जाएगा। हरिद्वार और बृजघाट गंगा से बड़ी संख्या में शिवभक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए गंगाजल लेकर आएंगे। ऐसे में उनके मार्ग पर मांसाहारी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगाई जाए।

# शराब सेल्समैन से मारपीट का वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। देशी शराब की दुकान पर दबंगों ने मामूली बात पर सेल्समैन से कहा सुनी होने पर जमकर तोड़फोड़ व मारपीट करते हुए अफरा तफरी फैला दी। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। सेल्समैन से मारपीट का लाइव वीडियो भी सामने आया है। नगर में रहरा अड्डे पर देशी शराब की दुकान है। शुक्रवार को करीब एक दर्जन से अधिक युवक लाठी डंडे एवं सरिया लेकर दुकान पर पहुंच गये। और शराब उधार मांगने लगे। जिस पर सेल्समेन तेजपाल ने उधार देने को मना कर दिया। जिस पर दबंग हमलावर हो गये। और सेल्समेन के साथ मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं दबंगों ने देसी शराब की दुकान में जमकर तोड़फोड़ की। दबंगो पर नगदी लूटने का भी आरोप लगा है। दिनदहाड़े हुई इस मारपीट की घटना से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज संदीप पंवार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। वही मारपीट का लाइव वीडियो भी सामने आया है।

# भाजपा नेता की दुकान से हजारों की चोरी

## तीन माह में दुकान से दूसरी बार चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। चोरों ने बीती रात्रि भाजपा नेता की दुकान को निशाना बनाते हुए गल्ला तोड़कर हजारों रुपए की नगदी चोरी कर ली। 3 माह के अंदर चोरों ने भाजपा नेता के यहां दूसरी बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

भाजपा के जिला प्रतिनिधि पवन राज जाटव नगर के अतरासी मार्ग पर कबाड़ की दुकान करते हैं। भाजपा नेता पवन राज जाटव प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की प्रात: दुकान खोली तो उनके होश उड़ गये। दुकान का गल्ला टूटा हुआ पड़ा था। और उसमें से रुपए गायब थे। दुकान में चोरी होने की सूचना भाजपा नेता द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। भाजपा नेता के यहां चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। पुलिस द्वारा तुरंत घटना स्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया गया। भाजपा नेता द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कोतवाली पुलिस से जल्द घटना का खुलासा करने की मांग की है। वहीं भाजपा नेता पवन राज जाटव द्वारा बताया गया कि तीन महीने में यह उनकी दुकान में दूसरी चोरी है। इस चोरी में उनके गले में रखे लगभग चार हजार रुपए चोरी हुए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है उसके बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।



हसनपुर। चोरी के बारे में जानकारी देते भाजपा नेता पवन राज जाट।

### मौहम्मद तारिक को पीएचडी की उपाधि



**अमरोहा**। श्री वैंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय ने मौहम्मद तारिक को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य डा. नागेन्द्र सिंह के निर्देशन में पूर्ण किया। उनका विषय मानवाधिकार न्यायशास्त्र के उद्भव और विकास में जनहित याचिका की भूमिका रहा। डा. मौहम्मद तारिक वर्तमान में हकीम महताब उद्दीन हाशमी लॉ कालेज में प्रवक्ता के पद पर कार्य कर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार व कालेज में जश्न का माहौल है।




गजरौला। एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में खेल प्रतियोगिता में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

# दौड़ में मयंक व शॉटपुट में शुभनीत प्रथम

## एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में 'वार्षिक खेल प्रतियोगिता' का शुभारंभ रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया गया, साथ ही कक्षा छह व सात की छात्राओं ने गणेश वंदना प्रस्तुत करके कार्यक्रम को गति प्रदान की। शुक्रवार को स्कूल में आयोजित खेल समारोह का शुभारंभ विद्यालय के एमडी वीरेंद्र सिंह, डायरेक्टर पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेंद्र चतुर्वेदी, कोऑर्डिनेटर साक्षी सिंह ने हवा में रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर किया। एमडी वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज का युग बेहतर शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने का है। हमारा विद्यालय इन सभी अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सतत प्रयासरत है। प्रधानाचार्य डीके चतुर्वेदी ने विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया कि हमारा स्कूल सीबीएसई द्वारा फिट इंडिया स्कूल के रूप में सम्मानित किया गया। इसी तरह की कई उपलब्धियां बताते हुए उन्होंने छात्र-छात्राओं से आगे भी इसी तरह आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। डायरेक्टर पुनीत सिंह ने कहा कि खेलों से जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है। प्रतियोगिता में हाउसवाइज कबड्डी में भास्कर हाउस की छात्राएं विजयी रहीं। छात्रों की रिले दौड़ में रोहिणी हाउस प्रथम, कल्पना हाउस द्वितीय व आर्यभट्ट हाउस तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में कक्षा नौ के मयंक ने प्रथम, प्रिंस ने द्वितीय व वर्णित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉट पुट में कक्षा 08 के शुभप्रीत प्रथम तो वहीं अनस द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर स्टॉफ के सदस्य व अभिभावक गण भी मौजूद रहे।

**आज का युग शिक्षा के साथ खेलों में भी आगे बढ़ने का: एमडी**

# अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में वकील

## बांहों पर काली पट्टी बांध, प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा/हसनपुर।** भारत सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 में किए गए संशोधन से वकीलों में रोष है। शुक्रवार को नाराज अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर कार्य बहिष्कार कर दघ्यिा। कानून मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम चंद्रकांता को सौंपकर संशोधन किए गए अधिवक्ता एक्ट को निरस्त कराए जाने की मांग की है।

शुक्रवार को तहसील परिसर में बार एसोसिएशन के पदाधिकारी और अधिवक्ताओं ने बिल के विरोध में प्रदर्शन किया। सभा में वकीलों ने कहा कि अधिवक्ताओं ने राष्ट्र की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। धारा-35ए में दिए गए प्रावधान अधिवक्ताओं के स्वतंत्र रूप से कार्य करने, अपनी बात को प्रभावी रूप से प्रदर्शित करने से रो. कते हैं। धारा-45वी अधिवक्ताओं को स्वतंत्र रूप से कार्य करने में बाधा उत्पन्न करती है। इसके बाद अधिवक्ता जुलूस की शक्ल में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। उन्होंने एसडीएम चन्द्रकान्ता के माध्यम से केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल को ज्ञापन भेजा। उन्होंने केंद्र सरकार के प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम संशोधित बिल को



तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की है। वहां पर बार अध्यक्ष अवधेश त्यागी, महासचिव ओमवीर सैनी, विवेक सिंह, अनुराग कुमार, विनोद शास्त्री, जितेंद्र कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, सुमनलता, उमेश त्रिवेदी, संजय कुमार, अनिल भटनागर, संजय कुमार, सर्वेश शर्मा, संदीप अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, मूलचंद त्यागी, अनुज त्रिवेदी, रविन्द्र प्रताप, चौधरी अली रफी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। उधर **हसनपुर** में प्रस्तावित अधिवक्ता अधिनियम संशोधन बिल 2025 को वापस लिए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया है। शुक्रवार को तहसीलदार बार एसोसिएशन ने उप जिलाधिकारी विभा श्रीवास्तव को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन देते हुए कहा कि प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन बिल 2025 की धारा 4, धारा 9, धारा 24 ए, धारा 24 बी, धारा 26 ए, धारा 35 ए, धारा 36 धारा 49 ए, तथा धारा 49 ए 1 व अधिवक्ताओं के विरुद्ध अन्य प्रस्तावित संशोधन का पूर्ण विरोध करती है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधन अधिवक्ताओं को प्रदत्त संवैधानिक अधिकार अनुच्छेद 19 व अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित संशोधन अधिवक्ताओं के संवैधानिक स्वतंत्रता स्वात्ता के विरुद्ध है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जाये। अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए योजनाएं लागू की जाये। अधिवक्ताओं के सामूहिक बीमा योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि को 5 लाख से बढ़कर 25 लाख किया जाये। इस दौरान वकीलों ने प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर अध्यक्ष चंद्रसेन अग्रवाल, महासचिव मदन कुमार, ओमपाल सिंह, मोहम्मद नावेद, उदल सिंह, संजय सिंह, कुलदीप कुमार, तीरथ सिंह, रवि शंकर शर्मा, नुसरत अली गंगासरण खडगवंशी आदि मौजूद थे।

# एसपी ने 28 दरोगाओं को किया इधर-उधर

## दो एसएसआई व तीन चौकी प्रभारी नियुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** एसपी अमित कुमार आनंद ने 28 दारोगा के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। इनमें दो एसएसआई व तीन चौकी प्रभारियों को तैनाती दी गई है।

एसपी ने प्रभारी वॉच एंड वार्ड आउटपोस्ट पैनेसिया सतवीर सिंह को गजरौला की कुमराला चौकी का प्रभारी बनाया। कुमराला चौकी प्रभारी अनूप सिंह पैसल को आउटपोस्ट पैनेसिया पर तैनाती दी। परविंद्र कुमार को पुलिस लाइन से ढबारसी चौकी प्रभारी, अभिलाष प्रधान को एसएसआई शहर तथा संजय कुमार को एसएसआई रजबपुर के रूप में नई जिम्मेदारी दी। इसके अलावा पुलिस लाइन से बलवान सिंह को शहर, बालकिशन सिंह को नौगावां सादात, अनुज कुमार को गजरौला, सीमा खोखर को नौगावां सादात, ईशम सिंह को गजरौला, वीरेंद्र सिंह, करमजीत सिंह व अनीता शर्मा को डिडौली, सतीश कुमार व शिशुपाल सिंह को मंडी धनौरा में तैनाती दी। वहीं दिनेश कुमार को बछरायूं, प्रहलाद सिंह को रहरा, आकाश कुमार को रजबपुर, प्रेमपाल को हसनपुर, पवन कुमार को सैदनगली, अनुज कुमार व चुन्नीलाल को हसनपुर, जसवीर सिंह को सैदनगली, विजेयता तोमर को अमरोहा देहात, देवेंद्र सिंह को गजरौला भेजा। वहीं, आशा तोमर को शहर, विकास त्यागी को बछरायूं व विपिन कुमार को नौगावां सादात में तैनाती दी।

# आबादी में लगे मोबाइल टावर को हटाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आबादी के बीच स्थित मोबाइल टावर का स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि मोबाइल टावर से निकलने वाले विकिरण के साथ साथ हाल ही में लगीं मशीनों से हो रहे शोर के कारण खासकर स्कूली बच्चों को पढ़ने में परेशानी हो रही है। बता दें कि नगर के मोहल्ला बुध बाजार में पिछले कई वर्षों से मोबाइल का टावर लगा है। शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने इस टावर से परेशानी होने की बात सामने रखी।

### बुधबाजार के लोगों ने एसडीएम को भेजा पत्र

उन्होंने बताया कि हाल ही में टावर में नई मशीनें लगीं हैं जो कि बहुत शोर करती हैं। इससे खासकर स्कूली बच्चों को काफी परेशानी हो रही है। मोबाइल टावर कंपनी द्वारा नई केबिल भी बिछाई जा रही थी जिसे लोगों ने रूकवा दिया है। सभासद अंशु के माध्यम से मोबा. इल टावर से स्थानीय लोगों को हो रहे नुकसान की शिकायत एसडीएम व नगर पालिका से की गई है। लोगों की मांग है कि इस टावर को मोहल्ले से हटाया जाए ताकि लोगों को व स्कूली बच्चों को इस समस्या से निजात मिल सके। टावर का विरोध करने वालों में प्रशांत रस्तोगी, प्रवेश शर्मा, विवेक शर्मा, मिनाक्षी रस्तोगी, राधा गुप्ता, शालू गुप्ता, मोना शर्मा, श्रुविता देवी आदि लोग शामिल हैं।



# बारातियों की कार में लगी आग, बाल-बाल बचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं।** शादी के बाद वापस लौट रहे बारातियों की कार में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। कार धूं-धूं कर जल उठी। बारातियों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव तिगरी निवासी एक युवक की बारात मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर में आई थी। शुक्रवार तड़के बारात को विदा किया गया। कुछ बाराती एक कार में सवार होकर तिगरी जा रहे थे। बताया जाता है कि जैसे ही कार थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर पट्टी के पास स्टेट हाईवे पर पहुंची कि अचानक हुए शार्ट सर्किट से कार में आग लग गई। कार से धुआं उठता देख बारा. तियों में चीख पुकार मच गई। चालक ने कार को रोक दिया। एक-एक कर सभी लोग कार से बाहर निकल आए। वहीं देखते ही देखते कार से आग की ऊंची लपटें उठनी शुरू हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गजरौला से दमकल टीम को भी बुला लिया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि कार हापुड़ निवासी दीपक कश्यप के नाम पंजीकृत है। कार सवार सभी लोग सुरक्षित हैं।

# तहसील का लोकार्पण करें मुख्यमंत्री योगी

## विधायक महेन्द्र सिंह से मुलाकात के बाद सीएम ने दिया भरोसा



**हसनपुर।** विधायक महेंद्र सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उनके समक्ष हसनपुर तहसील के लोकार्पण का प्रस्ताव रखा। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने बताया कि मेरे द्वारा रखे गये तहसील के लोकार्पण के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए मार्च 2025 के प्रथम सप्ताह में हसनपुर तहसील का लोकार्पण करने का आश्वासन दिया है। विधायक ने बताया कि मेरे द्वारा मुख्यमंत्री जी को अपने निर्वाचन क्षेत्र के अन्य विकास कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के बारे में भी अवगत कराया गया है। गौरतलब है कि अमरोहा मार्ग पर हसनपुर की नवनिर्मित तहसील के निर्माण को पूर्ण हुए कई माह बीत चुके हैं। परन्तु मुख्यमंत्री की व्यस्ता के चलते अभी तक लोकार्पण नहीं हो सका है। विधायक के प्रयास से उम्मीद जगी है कि जल्द ही लोकार्पण होगा।

# दंत चिकित्सा कैम्प में 60 का परीक्षण

## मुस्लिम कमेटी बज्मे ख्वातीन की ओर से लगा कैम्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** मुस्लिम कमेटी बज्मे ख्वातीन की ओर से निशुल्क दंत चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें 60 रोगियों के दांतों का परीक्षण किया गया।

नगर के मौहल्ला शफातपो स्थित जायर डेंटल क्लीनिक पर निशुल्क दंत चिकित्सा कैम्प का आयोजन किया गया। उद्घाटन आसिफा आलमी एडवोकेट ने किया। इस दौरान डॉक्टर्स ने लोगों को छह माह के अंतरा में डेंटिस्ट से दांत का चेकअप कराने को कहा। सुबह-शाम दो बार ब्रश करने की बात कही। ठंड में लोगों को दांत में कई तरह की परेशानी होती हैं।बच्चों सहित लगभग 60 महिलाओं की दंत जांच की गई और जिन लोगों को आगे उपचार की आवश्यकता थी, उन्हें संबंधित हॉस्पिटल्स रैफर किया गया। कैम्प में डॉ सुलेहा जैदी, डॉ अमित तीर्थ डॉ आलिया खानम, डॉ अतिया द्वारा चैक अप किया। इस मौके पर डा. राना परवीन, हिना खान, डॉ लुबना हामिद रेशमा सरताज, अर्शी जमाल निजामी, चंदा हबीब, नगमा मंसूर, सादिया कमर, उजमा मोअज्जम, नाजिया सिद्दीकी ,नाहिद जैदी,हिना कौसर आदि योगदान किया।



# सरदार हमीदी में मातृभाषा दिवस मना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर सरदार हमीदी तालीम मिशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हाफिज जफीरुद्दीन साहब ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मातृभाषा वह होती है जो हम घर पर बोलते हैं और हमारी मातृभाषा उर्दू है। अगर हम बचपन से ही मेहनत करें और अन्य विदेशी भाषाओं की तरह उर्दू का भी अभ्यास करें तो हमें यह कभी मुश्किल नहीं लगेगी। उन्होंने बच्चों को आसान तरीके से उर्दू के बारे में समझाया। डॉ. इफ्तिखार अनीस सिद्दीकी ने कहा कि जबान लोगों को जोड़ने का काम करती है। विश्व में भाषाई एवं सांस्कृतिक विविधता तथा बहुभाषिकता को बढ़ावा देने के लिए हर वर्ष 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया जाता है। सुश्री फरीदा ने कहा कि बच्चा अपनी मातृभाषा अपनी मां से सीखता है और अपने अनुभव से सीखता है, इसलिए बच्चे को बुनियादी शिक्षा उसकी मातृभाषा में दी जानी चाहिए। शिक्षा समाज के विकास की नींव है


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी हसनपुर, जनपद अमरोहा

पत्रांक: 2121/टेण्डर/2024-25 दिनांक: 21.02.2025

### निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्यदायी संस्था क्षेत्र पंचायत हसनपुर के द्वारा 15वां वित्त आयोग (टाईड) की धनराशि से कराये जाने वाले निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग/सिंचाई विभाग/ग्रामीण अभियंत्रण विभाग/जिला पंचायत/ अन्य केन्द्र व राज्य सरकार की कार्यदायी विभागों में पंजीकृत निविदादाताओं से मैनुअल विधि के माध्यम से प्रतिशत के आधार पर निम्नलिखित कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं दिनांक 07.03.2025 की दोपहर 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 04.00 बजे निविदादाताओं तथा निविदा खोलने के लिए अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष खोली जायेंगी। यदि उक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में दोपहर 12 बजे खोली जायेगी। निविदा की आवश्यक शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न होगी तथा निविदा प्रपत्र एवं आवश्यक शर्ते की तिथि से दिनांक 06.03.2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्रात: 01. 00 बजे से सांय 05.00 बजे तक कार्यालय समय में आंकिक पटल से खरीदी जा सकती है तथा नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा एक से अधिक कार्यो के लिए निविदा डाल सकता है। कार्य का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राकलित धनराशि (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम धीमरखेड़ी में तालाब से नहर की ओर नाला निर्माण कार्य। | 9.95 | 20,000 | 766 | 3 माह |
| 2 | ग्राम हथियाखेड़ा में दोजी के मकान से मेडिकल स्टोर की ओर नाला निर्माण कार्य। | 9.939 | 20,000 | 766 | 3 माह |
| 3 | ग्राम रूद्रपुर में ग्राम समाज की भूमि से देशराज के मकान तक व फतेह सिंह के मकान से जहांगीर के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 3.03 | 6,100 | 766 | 3 माह |
| 4 | ग्राम दयावली खालसा में हरिओम के खेत से तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य। | 3.492 | 7,000 | 766 | 3 माह |
| 5 | ग्राम पीपली दाउद में विरम सिंह के मकान से तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य। | 9.286 | 19,000 | 766 | 3 माह |
| 6 | ग्राम चकौरी में उदेश के मकान से खेमचंद के मकान की ओर नाला निर्माण कार्य। | 6.403 | 13,000 | 766 | 3 माह |
| 7 | ग्राम माछरा भगवानपुर में प्रधान जी के प्लाट से त्रिलोकी के खेत तक नाला निर्माण कार्य। | 3.952 | 8,000 | 766 | 3 माह |
| 8 | ग्राम ओसा माफी में जसराम के मकान से तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य। | 9.939 | 20,000 | 766 | 3 माह |
| 9 | ग्राम पीपली मेकचंद में लल्लू के मकान से तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य। | 9.939 | 20,000 | 766 | 3 माह |
| 10 | ग्राम शेखुपुर झकड़ी में विक्रम के मकान से तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य। | 9.95 | 20,000 | 766 | 3 माह |
| 11 | ग्राम बाईखेड़ा में नेमचंद के मकान से बलजीत के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 7.845 | 16,000 | 766 | 3 माह |
| 12 | ग्राम शाहपुर छोटे में जबर सिंह व अतर सिंह के मकान से तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य। | 9.963 | 20,000 | 766 | 3 माह |
| 13 | ग्राम भीमा ठीकरी में भीमसैन के मकान से नहर की ओर नाला निर्माण कार्य। | 9.41 | 19,000 | 766 | 3 माह |

नोट:- निविदा आमंत्रणकर्ता को आई.टी.बी. के कलॉज के अनुसार शुद्ध पत्र जारी करने का अधिकार होगा तथा अधोहस्ताक्षरी में निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

खण्ड विकास अधिकारी
हसनपुर, अमरोहा


# बाईपास पर दबंगों ने मचाया भौकाल

## गजरौला चांदपुर मार्ग पर मची अफरा तफरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** बाईपास मार्ग पर दबंगो में मारपीट हो गयी बीच सड़क पर 15 मिनट तक मारपीट से अफरा तफरी मची रही। मारपीट के कारण सड़क पर वाहनों के पहिए भी थम गई। बीच सड़क पर दबंगो ने जो तांडव मचाया उससे हर कोई हैरान रह गया। यहां हाथ मे लाठी डंडे लिए दबंग युवकों का भौकाल देखने को मिला, वहां से गुजर रहे किसी राहगीर में मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई हैं।शुक्रवार की शाम करीब चार बजे गजरौला-चांदपुर बाईपास मार्ग पर होलिपार्क के पास हाथ में लाठी डंडे लिए कुछ दबंग युवकों ने बीच सड़क पर ही मारपीट शुरू कर दी। बीच सड़क पर हुई मारपीट की घटना से अफरातफरी मच गई। वाहनों के पहिये भी थम गए। बीच सड़क पर 15 मिनट तक चली मारपीट में दबंगो ने जमकर तांडव मचाया। युवकों ने बीच सड़क पर मारपीट कर भौकाल दिखाया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया मामला संज्ञान में नही हैं अगर कोई शिकायत मिलती हैं तो आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# मांगों के समर्थन में मैंस यूनियन ने किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**अमरोहा।** कॉमरेड शिवगा. पाल मिश्रा के आह्वान पर शुक्रवार को भोजनावकाश के समय नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन ने अखिल भारतीय मांग दिवस के रूप में कई मांगे रखीं और प्रदर्शन किया।

यूनियन ने कहा कि रेलवे में खाली पड़े पदों को अविलम्ब भरा जाए, रेलवे मे निजीकरण, निगम. ीकरण एवं आउटसोर्सिंग पर रोक लगाई जाए।रेलवे की जर्जर कालोनियों की जगह नए आवा. सों का निर्माण एवं रेलवे कॉलोनी में सुधार की व्यवस्था की जाए। सभी रेल कर्मियों से 8 घंटे से ज्यादा काम न लिया जाए। वर्षों से लंबित कैडर रिस्ट्रक्चरिंग लागू कर रेलवे कर्मियों को प्रोन्नति के अवसर प्रदान किया जाए। यूपीएस की कमियों अविलंभ किया जाए आदि मांगो को तत्काल पूरा किया जाएगा। इस दौरान मैंस यूनियन ने प्रदर्शन करके अपनी मांगो पर केन्द्र सरकार से अविलम्ब ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर तेजपाल, अनिल, कुंवर सिंह, चरन सिंह, देवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित समेत अनेकों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बुआ का दामाद बनकर 13 हजार की ठगी

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** खबरदार, होशियार अगर आपके पास कोई अनजान कॉल आती है और वह तुम्हें अपना रिश्तेदार बताता है तो जनाब सावधान हो जाये। यह साइबर ठगी करने वालों की भी कॉल हो सकती है। एक ऐसा ही मामला हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरसा गुर्जर निवासी जयवीर पुत्र खान चंद के साथ हुआ है। उनके फोन पर गुरुवार को एक अनजान कॉल आई। कॉल करने वाले युवक ने बताया कि वह आपकी बुआ का दामाद बोल रहा है। उन पर पैसे कम है। वह दवाई लेने के लिए आये हैं उन्हें तत्काल 13 हजार रुपए की जरूरत है। फिर क्या था युवक ने अंजन कॉल करने वाले को रिश्तेदार समझ कर छह बार में दो दो हजार तथा एक बार में एक हजार रुपए टोटल रकम 13 हजार रुपए फोन पे पर डाल दिये। इसके बाद युवक को ठगी का एहसास हुआ तो उसके होश उड़ गये। शुक्रवार की सुबह युवक कोतवाली पहुंचा और ठगी की तहरीर पुलिस को दी। तहरीर लेने के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

# यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविरार्थियों ने चतुर्थ दिन जनमानस को यातायात नियमों के पालन करने के प्रति रैली निकाली। शिविर के प्रथम सत्र में

### रासेयो विद्यार्थियों ने निकाली रैली

'सड़क सुरक्षा' विषय पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अगले चरण में महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. संदीप कुमार ने 'साइबर अपराधों से बचाव' विषय पर व्याख्यान दिया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्रोफेसर इंद्रदेव सिंह ने 'सड़क सुरक्षा' के लिए सरकारी नीतियों और उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। इसके बाद डॉ.संयम ने 'सड़क सुरक्षा: एक सामाजिक जिम्मेदारी' विषय पर अपना व्याख्यान दिया। शिविरार्थियों ने कार्यक्रम प्रभारी डॉ.श्वेता अग्रवाल के मार्गदर्शन में सभी कार्यक्रमों में उत्साह के साथ भाग लिया। कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाध्यापिका गीता रानी सागर ने भी शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



# पंचायत उपचुनाव में देववती बनीं चंदपुरा की ग्राम प्रधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** बिसौली ब्लाक के ग्राम पंचायत चन्दपुरा में ग्राम प्रधान के रिक्त पद पर हुए उपचुनाव की मतगणना शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से हुई। जिसमें देववती ने 441 मत प्राप्त कर विजय हासिल की। शुक्रवार को ब्लॉक परिसर में स्थित हाल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना कराई गई। सुबह 8:00 बजे से मतगणना कार्य शुरू हुआ। कुछ ही घंटे बाद नतीजा भी सामने आ गया। देववती ने 441 मत प्राप्त कर ग्राम प्रधान पद पर विजय घोषित हुई। निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें जीत का प्रमाण पत्र दिया। समर्थकों ने स्वागत कर जीत की बधाई दी। वहीं उनकी प्रतिद्वंदी प्रत्याशी मीरा को 284 मत प्राप्त कर दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। इसके अलावा तीन प्रत्याशियों को मात्र 7-7 मत ही प्राप्त हुए।

# निर्विरोध क्षेत्र पंचायत सदस्य को अधिकारियों ने प्रमाण पत्र सौंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** क्षेत्र के गांव भोजपुर में पिछले कई महीनों से क्षेत्र पंचायत सदस्य का पद रिक्त होने के चलते पिछले दिनों क्षेत्र पंचायत सदस्य का उपचुनाव कराया गया जिसमें आसफपुर विकास खंड क्षेत्र के गांव भोजपुर से क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्चना यादव निर्विरोध घोषित किया गया । बीते दिन शुक्रवार को आसफपुर विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी ज्योति शर्मा व ब्लॉक प्रमुख माननीय ओम कृष्ण सागर व ए आर ओ कामेंद्र सिंह ने नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्चना यादव को सदस्यता प्रमाण पत्र सौंपा इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ओम कृष्ण सागर , विकास खंड अधिकारी ज्योति शर्मा , ए आर ओ कामेंद्र सिंह , ए डी ओ लोकमन सिंह , नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्चना यादव के पति सुमित यादव ठेकेदार व लक्ष्मीपुर सोसायटी सभापति ताहिर नवी , अमित कुमार यादव उर्फ टीटू , सुरेंद्र सिंह , उदयवीर भारती , सचिन ठाकुर व चौतन्य प्रकाश मौर्य आदि मौजूद रहे ।

इस अवसर पर नव निर्वाचित क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्चना यादव के पति सुमित यादव ठेकेदार ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों व पदाधिकारियों का मुंह मीठा कराकर खुशी का इजहार किया । यह जानकारी ए आर ओ कामेंद्र सिंह ने दी ।

# मजदूरी के रुपये मांगने पर दो भाईयों को लाठी-डंडे से पीटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी।** गुरुवार शाम 6:30 के आसपास बदायूं के थाना उझानी क्षेत्र के उझानी कस्बे के पठान टोला मोहल्ले में मजदूरी के रुपए मांगने पर चार लोगों ने आमिर और नदीम दो भाइयों को लाठी डंडा, धारदार हथियार व लात घूसें मारकर लहूलुहान कर दिया। घायलों ने मारपीट करने वालों की थाना पुलिस से शिकायत की है।

थाना पुलिस ने घायल आमिर व नदीम दोनों भाइयों का उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराया है। जहां चिकित्सक राजकुमार गंगवार ने घायलो की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां उनका इलाज चल रहा है।

# सिद्ध बाबा मंदिर के दानपत्र का ताला तोड़कर दस हजार रुपये हुए चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी ।** शुक्रवार को थाना उझानी क्षेत्र के मलिकपुर गांव में स्थित सिद्ध बाबा के मंदिर के दानपत्र का ताला तोडकर दानपत्र से 10 हजार रुपए अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गया। मंदिर के महंत बलवीर सिंह ने बताया अज्ञात चोर उनकी गैर मौजूदगी में मंदिर में रखे दानपत्र का ताला तोडकर उसमें रखे 10 हजार रुपए चोरी कर ले गया है। जब वह मंदिर पहुंचे तो दानपत्र का ताला टूटा देखा और दानपत्र से रुपए गायव देखे तो उन्हें चोरी का एहसास हुआ । महंत बलवीर सिंह ने थाना उझानी पुलिस को चोरी की तहरीर दी है। पुलिस ने जाकर बारीकी से निरीक्षण किया है । फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# गाड़ियों से बैटरी चोरी करने वाला चोर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज ।** वजीरगंज की फोर व्हीलर गाड़ियों से बैटरियों की चोरी दुकानदार को बैटरी बेचते वक्त चोर को पकड़ा गया ।

कल दिनांक 19 फरवरी सन 2025 को काली मंदिर के पास मोहल्ले की काफी गाड़ियां खड़ी होती है जिसमें से एक मारुति वैन संख्या नच 25 ठअ 3330 बेन गाड़ी से एक चोर बैटरी गाड़ी के अंदर से निकाल कर ले गया। जिससे आज बाजार में निकट रोडवेज वजीरगंज पर अमीरुल हसन की दुकान पर बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इससे पहले पप्पू गुप्ता दूध बालों के टैंपो से एक बड़ा बैटरी गाड़ी से निकाल कर चोरी कर लिया गया था। और इसके बाद अनुज गुप्ता दूध वाले जिनकी मारुति वैन से भी 14 फरवरी 2025को उनकी गाड़ी के अंदर से बैटरी निकाल ली गई ।।चोर का नाम राधे पुत्र विजय वार्ष्णेय निवासी माली मोहल्ला वार्ड नंबर 12 का है । चोर बहुत ही शातिर प्रवृत्ति का है। अत: लगातार अंजाम दिए जा रहा है चोर राधे द्वारा सभी बैटरी कबूल कर ली गई है।

जिसके खिलाफ मोहल्ले के समस्त लोगों ने कल थाने में तहरीर देकर चोरी की घटनाओं में मुकदमा दर्ज करने की शिकायत वजीरगंज थाने में की हैं।।।जिससे चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और चोर को कानूनी कार्रवाई कर दंडित किया जा सके ।

# यूपी बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए बिजली है संकट

## कई को बिल न देने के कारण अंधरे में करने पड़ेगी पढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे कई छात्र-छात्राओं के लिए बिजली बिल बकाया संकट बन गया।बिल बकाया होने पर उनके कनेक्शन पोल से काट दिए।

जिससे उन छात्र-छात्राओं के चेहरे पर चिंता की लकीरें हैं। इंटर और हाई स्कूल की यूपी बोर्ड परीक्षा 24 फरवरी से शुरू हैं।छात्र- छात्राएं लगातार रात-दिन पढ़ाई कर के तैयारी कर रहे हैं।इसी बीच शुक्रवार को नगर में विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया को लेकर अभियान चलाया गया।जहाँ कई के 10 हजार रुपए से ऊपर के बकाया बिल होने पर पोल से कनेक्शन काट दिए गए। जिनमें काटे गए कई उपभोक्ता का कहना है कि उनके घर की बिजली बाधित रहने से बच्चों परीक्षा की तैयारी में बांधा आ रही है। उनकी उच्च अधिकारियों से फरियाद है कि 1 माह के अंदर बकाया बिजली बिल देय करा दिया जायेगा। इस समय उनके घर की बिजली सुचारू करा दी जाए।

# श्री निकुंज कोल्ड स्टोरेज का हुआ उद्घाटन, आलू सत्र की हुई शुरुआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** नगर के दबतोरी रोड स्थित श्री निकुंज कोल्ड स्टोर का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुभारंभ हुआ। शुक्रवार को श्री निकुंज कोल्ड स्टोरेज के शुभारंभ अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक आशुतोष मौर्या ने कहा क्षेत्र में एक नया कोल्ड स्टोर खुलने से क्षेत्रीय किसानों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। अमित अग्रवाल ने कहा क्षेत्र के किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा मिले इसके लिए यह कोल्ड स्टोर बनाया गया है। गुड्डू पाराशरी ने कहा यह कोल्ड स्टोर एक लाख बोरी की भंडारण क्षमता के साथ क्षेत्र के किसानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। अंत में प्रेरित अग्रवाल ने आए हुए सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अबरार अहमद, गोरे प्रधान, रवि प्रकाश अग्रवाल, भावना अग्रवाल, वीरेंद्र यादव, प्रभाकर शर्मा लिट्टे, भैरो प्रसाद मौर्य, प्रदीप प्रधान, मनोज यादव, एड. मुकेश कुमार, डॉ. प्रमोद यादव आदि मौजूद रहे।

# बिसौली तहसील बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को तहसील परिसर के हाल में आयोजित एक समारोह में मुख्य चुनाव अधिकारी हृदेश शर्मा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष शिरीष मल्होत्रा ने पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिए। अधिवक्ताओं ने आए हुए अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।तहसील परिसर के हाल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए एसडीएम राशि कृष्णा ने कहा कि बार व बेंच का तालमेल बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है।

अधिवक्ताओं की जो समस्याएं सामने आएंगी, उन्हें मिल बैठकर निपटाया जाएगा। सीओ संजीव कुमार ने तहसील बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी, और सहयोग बनाएं रखने की अपील की। शिरीष मल्होत्रा ने कहा कि न्याय के मंदिर में सबको न्याय मिले और उसमें देरी न हो, ऐसा हमारा प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा हमें व्यक्तिगत की बजाय समाज हित में न्याय के लिए कार्य करना चाहिए।

इससे पूर्व शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य चुनाव अधिकारी हृदेश शर्मा ने नवनर्वाचित अध्यक्ष एड. अनूप शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यपाल यादव, सचिव प्रेमपाल सिंह, कोषाध्यक्ष नवल शर्मा, सह सचिव योगेश मौर्य, ऑडिटर नाजिम खान, मीडिया प्रभारी भविष्य कुमार सिंह, सदस्य विजय भान सिंह, रजा अब्बास, एवं स्नेह गौरव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला, सब रजिस्ट्रार वेद प्रकाश कठेरिया सहित अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# एफपीओ एवं उनके सहायक एग्रीगेटरों को यंत्रों पर अनुदान पाने की चयन प्रक्रिया संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जैव ऊर्जा नीति 2022 अंतर्गत प्रदेश में स्थापित सी० बी० जी० प्लान्ट तथा अन्य बायोमॉस आधारित संबंधित इकाईयों को फसल अवशेष उपलब्ध कराये जाने हेतु इन-सीटू एवं एस० एम० ए० एम० योजनान्तर्गत जनपद बदायूँ में प्राप्त 02 लक्ष्यों के सापेक्ष एफ०पी०ओ० एवं उनके सदस्य कृषकों को एग्रीगेटर के रूप में अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराये जाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गठित जिलास्तरीय समिति के द्वारा मैक लखनपुर एग्रो प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, ग्राम लखनपुर, विकास खण्ड जगत एवं म्याऊँ फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, ग्राम नबीगंज, विकास खण्ड म्याऊँ एवं उनके कृषक सदस्य एग्रीगेटरों का चयन किया गया। समिति के सदस्यों में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, परियोजना अधिकारी यू०पी० नेडा, एच०पी०स.ी०एल० सैंजनी, दातागंज के प्रति. निधि एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त वरिष्ठ कोषाधिकारी उपस्थित रहे।

# बदायूं में चलेगा शुद्ध के लिए युद्ध अभियान मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई: सीएल यादव

## राधिका स्वीट्स एवं रेस्टोरेंट के खाद्य सुरक्षा टीम ने कढ़ाई पनीर सहित भरे 19 नमूने

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राधिका स्वीट्स एवं रेस्टोरेंट इंदिरा चौक स्थित स्टेशन रोड खाद्य सुरक्षा टीम के द्वारा शुक्रवार को छापेमारी की गई। जहां खाद्य वस्तुओं के नमूने लेकर राजकीय प्रयोगशाला जांच हेतु भेजे गए। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सीएल यादव व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में सरकार की गाइड लाइन और त्योहारों को मद्देनजर रखते हुए आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता हो सके। जिसकी वजह से खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटखोरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है जिससे मिलावटी खाद्य एवं अशुद्ध पेय पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाई जा सकें इसलिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने टीम बनाकर मिलावटखोरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हैं। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सीएल यादव ने कहा कि बदायूं में चलेगा शुद्ध के लिए युद्धष अभियान, मिलावटखोरों के खिलाफ कार्रवाई होगी।जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनमानस के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाने पीने की शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सके इसलिए एफएसडब्लू वैन के द्वारा विशेष मिलावट खोरों खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। राधिका स्वीट्स एवं रेस्टोरेंट स्थित इंदिरा चौक स्टेशन रोड स्थित खाद्य सुरक्षा की टीम ने छापामार कर रेस्टोरेंट में आने वाले ग्राहकों को परोसने वाला कढ़ाई पनीर एवं तैयार पनीर का एक-एक नमूना लिया गया जांच हेतु संग्रह कर राजकीय खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। वहीं तहसील दातागंज के कस्बा हजरतपुर के प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के 17 नमूने लिए



गए और जांच के लिए राजकीय खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे गए। जिसमें सोन पापड़ी गुजिया मानक के विपरीत पाई गई जिसके लिए खाद्य व्यापार से जुड़े लोगों के लिए कहा गया यदि इस तरीके की भविष्य पुन.रावृति की तो विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।साथ ही आम जनमानस को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक करके अभियान चलाया गया। इस तरह से 19 नमूनों को राजकीय खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजा गया। रिपोर्ट आने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तगर्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र के सभी व्यापारियों को खाद्य पदार्थों को ढककर रखने दुकानों में साफ.सफाई रखने शुद्ध एवं गुणवत्ता पूवर्क खाद्य पदार्थों को बेंचने और बिना लाइसेंस के खाद्य व्यापार नही करने के कड़े निदेर्श दिए गए। मौके पर उपस्थित आम जनमानस को अपमिश्रण से होने वाले दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक किया गया। टीम में सहायक आयुक्त ;खाद्य द्वितीय सीएल यादव , मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण, आजाद कुमार, खुशी राम सत्येन्द्र सिंह तोमर,मौजूद रहे।

# एक नजर

## कार हटवाने को लेकर बारातियों ने साले बहनोई को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझानी।** शुक्रवार को थाना उझानी के मेमिया कॉलोनी के रहने वाले टीटू कुमार पुत्र अतिराज सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि मेमिया कॉलोनी में मेरिज हॉल है जहां बारात आई हुई थी। उसके घर के बाहर बारातियों ने कार खडी कर दी थी। जब शुक्रवार की सुबह चार बजे वह पंजाब से आ रहे अपने भाई को बुलाने के लिए कार के पास पहुंचा । तो वहां पर बारातियों की कार खडी थी । जिसे हटाने की कहने पर 12 बाराती उसे लात घूंसा व ईंट से मारपीट करने लगे । उसकी चीख पुकार की आवाज सुन जब उसका साला शीलू उसे बचाने आया तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया । घायल टीटू कुमार ने मारपीट करने वालों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने घायल साले बहनोई का उझानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेडिकल परीक्षण कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी हैं।



# आवारा पशुओं और बंदरों से जनजीवन अस्त-व्यस्त: सोमेंद्र यादव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बदायूं।** बिसौली आवारा पशुओं तथा बंदरों से परेशान ग्रामीणों ने कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सोमेंद्र यादव के नेतृत्व में एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी बिसौली को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी स जहीर आलम को दिया। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सोमेंद्र यादव ने धरना प्रदर्शन में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह किसने की जटिल समस्या है किसान कितनी ठंड में पूरी पूरी रात भर जाकर अपने खेतों की रखवाली करते हैं और दिन में बंदरों का आतंक जिससे दलहन और तिलहन की फैसले नहीं हो पा रही है उन्होंने कहा की इस समस्या का शीघ्र ही समाधान कराया जाए अन्यथा कांग्रेस जन ग्राम वासियों के साथ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे, जिसके लिए शासन प्रशासन जिम्मेदार होंगे। समाज सेवी अनिल पाठक जी ने समस्याओं से अवगत कराते हुए जल्द ही निदान की मांग करते हुए कहा क्योंकि महंगाई की मार है फसल में अधिक लागत लगती है और फसल नष्ट होने के बाद किसान का अन्य कोई सहारा नहीं है इसलिए यह गंभीर समस्या है। धरना देने वाले किसानों में बाबूराम मौर्य ,रामपाल मौर्य, पप्पू मौर्य ,रामस्वरूप मौर्य ,रमेश मौर्य, महेंद्र पाल यादव एडवोकेट ,रविंद्र प्रकाश शर्मा एडवोकेट ,कांग्रेस जिला सचिव भुवनेश कुमार मौर्य एडवोकेट ब्लॉक अध्यक्ष नरेश पाल यादव ,वीरेश कुमार यादव एडवोकेट, विजेंद्र मौर्य अंगद यादव ,विजेंद्र यादव, महेश पाल मौर्या ,नन्हे मौर्य ,छत्रपाल मौर्य दामोदर यादव, इंद्रेश गुप्ता, श्याम मोहन ,फूल माली ,विनय यादव सोमपाल मौर्य, छत्रपाल मौर्य ,महेंद्र पाल मौर्या, रक्षपाल मौर्य, विजय मौर्य रामावतार मौर्य, आदि कांग्रेस जान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।


## आवश्यक सूचना

**दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र को जनपद बदायूं की तहसीलों अथवा ब्लॉक में संवाददाता की शीघ्र आवश्यकता है , ग्रेजुएट और अनुभवी सपर्क करें।**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221
Email mkkhan741@gmail-com

लोकप्रिय हिंदी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एंव विज्ञापन/सूचनाओं के लिए निम्न नम्बरों पर सम्पर्क करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान दास | संवाददाता | बदायूं सिटी | 9411010546 |
| कैलाश मिश्रा | संवाददाता | इस्लामनगर | 9458213331 |
| राजीव सक्सेना | संवाददाता | नरैनी | 9761005266 |
| नईम आजाद | संवाददाता | बिल्सी | 9808271513 |
| अंकित गुप्ता | संवाददाता | रुदायन | 8430206061 |

अजीत शर्मा क्राइम संवाददाता
बदायूं सिटी 9259362222
धर्मेंद्र कुमार दीक्षित संवाददाता
आसफपुर 7830155078
आतिफ निसार ज़ैनू संवाददाता
सहसवान 8954188786

कामिल खान ब्यूरो चीफ
दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
संपर्क सूत्र - 7500110219, 411827221
Email :mkkhan741@gmail-com


# भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अधीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन अरुण कुमार ने बताया कि माह फरवरी व अप्रैल 2025 में महाशिवरात्रि, होली, फाल्गुन पूर्णिमा, जमात- उल-विदा (अलविदा), चेटीचन्द, ईद-उल-फितर, चौत्र पूर्णिमा, महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज गुहय जयन्ती, रामनवमी, महावीर जयन्ती, डॉ भीमराव अम्बेडकर जयन्ती तथा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली के अन्तर्गत हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा भी प्रस्तावित है। कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत 20 फरवरी 2025 से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 आगामी 14 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि कतिपय अराजक समाज विरोधी, शरारती, सम्प्रदायिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के तत्व समाज में साम्प्रदायिक, जातिगत, वर्गगत, विद्वेष तथा अफवाहें फैलाकर सामाजिक समता, सदभाव व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने का सुनियोजित प्रयास कर सकते हैं। जिसके कारण लोकशान्ति भंग होने की प्रबल संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 आगामी 14 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगी। इस आदेश की अवहेलना भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

# राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग, ध्वजारोहण व संप्रदर्शन को लेकर दिशा निर्देश जारी

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग उ0प्र0 द्वारा भारतीय झण्डा संहिता 2002 (2021 एवं 2022 में यथा संशोधित) व राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 जो राष्ट्रीय ध्वज के प्रयोग, ध्वजारोहण/संप्रदर्शन को नियंत्रित करते हैं। जो कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की वेबसाइट www-mha-gov-पद पर भी उपलब्ध हैं। इन अधिनियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्राप्त निर्देशों में अवगत कराया गया है कि भारतीय झंडा संहिता के भाग 02 के पैरा 2(2) की धारा (10) के अनुसार जनता द्वारा कागज के बने राष्ट्रीय झंडो को महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेलकूद के अवसरों पर हाथ में लेकर हिलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेलकूद के अवसरों पर जनता द्वारा प्रयोग किये हुए कागज के बने राष्ट्रीय झंडो को समारोह के पूरा होने के पश्चात न तो विकृत किया जाए और न ही जमीन पर फेंका जाए। ऐसे झंडों का निपटान उनकी मर्यादा के अनुरूप एकान्त में किया जाए। उन्होंने बताया कि भारत का राष्ट्रीय ध्वज हाथ से काते गए और हाथ से बुने हुए या मशीन द्वारा निर्मित, सूती/पॉलिएस्टर/ऊनी/सिल्क/खादी के कपडे से बनाया गया हो। जहाँ झंडे का प्रदर्शन खुले में किया जाता है या जनता के किसी व्यक्ति द्वारा घर पर प्रदर्शित किया जाता है।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बस की टक्कर से बाइक सवार दो छात्रों की मौत

■ परीक्षा का प्रवेश पत्र लेने जा रहे थे दोनों छात्र





शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भोजीपुरा में घर से परीक्षा प्रवेश पत्र लेने कॉलेज के लिए निकले बाइक सवार दो छात्रों को अभयपुर-अग्रदास मार्ग पर रमियांपुर गांव के सामने बारात से लौट रही बेक.ाबू बस ने रौंद दिया। इसमें बाइक सवार दोनों छात्रों की मौत हो गई। बस छात्रों को रौंदने के बाद बिजली के दो खंभों को तोड़ती हुई रुक गई। इस दौरान चालक के बाद बाराती मौके से भाग गए।

थाना क्षेत्र के गांव रमियांपुर निवासी मनोज (17) आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज गोपालपुर अजीजपुर में हाईस्कूल का छात्र था। मनोज का चचेरा भाई अर्जुन भी इसी कालेज में कक्षा नौवीं का छात्र था। शुक्रवार को प्रातः सवा नौ बजे मनोज के साथ उसका चचेरा भाई अर्जुन भी बाइक पर सवार हो लिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जैसे बाइक गांव के सीसी रोड से निकलकर अभयपुर-अग्रदास मार्ग पर पहुंची। वैसे ही तीव्र गति से अग्रास की ओर से बरात से लौट रही बस ने दोनों को बाइक समेत कुचलते हुए बिजली के दो खंभों को तोड़ती हुई आगे जाकर रुक गई। घटना के बाद बराती, बस चालक और क्लीनर बस छोड़कर मौके से भाग गए। ग्रामीणों की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी व एसआई संदेश यादव अपनी टीम को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों छात्रों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। उधर घटना के बाद दोनों छात्रों के घर में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा प्रवीन सोलंकी ने बताया कि बस और दुर्घटना ग्रस्त बाइक को कब्जे में ले लिया है।

### खंभे बस पर गिरते तो हो जाता बड़ा हादसा

हादसे के बाद बिजली के दो खंभे दूसरी तरफ गिर पड़े। उस समय खंभों पर हाईटेंशन लाइन में करंट दौड़ रहा था। गनीमत रही कि बड़ा हादसा बच गया। ग्रामीणों ने सूचना देकर बिजली आपूर्ति बंद करवा दी। उसके बाद आई बिजली टीम ने खंभों को लगाकर आपूर्ति सुचारु कराई।

### एक वर्ष पूर्व अर्जुन के पिता की भी हादसे में हो चुकी है मौत

छात्र अर्जुन दो भाई और दो बहनों में सबसे बड़ा था। एक वर्ष पूर्व अर्जुन के पिता कल्याण सिंह की देवरनियां इलाके में सड़क हादसे में जान चली गई थी। अब घर की जिम्मेदारी संभाल रहे अर्जुन की जान सड़क हादसे चली गई

# अधिवक्ता एक्ट संसोधन बिल के विरोध में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

## पांच सूत्रीय मांगों को लेकर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** केन्द्र सरकार के अधिवक्ता एक्ट संसोधन बिल 2025 लागू होने से पहले अधिवक्ता बिल के विरोध में उतर आये हैं। इसी क्रम में बहेड़ी बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एक सुर में इसका विरोध करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि यह बिल अधिवक्ताओं के हित में नहीं है, और इस बिल को किसी भी कीमत पर लागू नहीं होने दिया जायेगा।

बहेड़ी बार एसोसिएशन के नवागत अध्यक्ष ठाकुर रन सिंह व महासचिव मनोज कुमार जौहरी के नेतृत्व में बार एसोसिएशन भवन में एक बैठक हुई। बैठक के दौरान समस्त अधिवक्तागणों ने बिल संसोधन को लेकर अपने-अपने विचार रखे। इसके बाद सभी अधिवक्तागण जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए तहसील मुख्यालय पहुंचे, जहां बार के महासचिव मनोज जोहरी ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर महाम.हिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन



एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव को सौंपा। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा अधिवक्ता एक्ट में संशोधन हेतु बिल 2025 लाया जा रहा है, जोकि प्रथम दृष्टया अधिवक्ताओं के हितों को प्रभावित करने वाला दिखायी दे रहा है। हम समस्त अधिवक्ता साथी उक्त बिल का विरोध करते हुए अधिवक्ता व उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्राटेक्शन एक्ट का प्रावधान किये जाने की मांग की। इसके साथ ही उन्होने परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित न किये जाने व उनके लोक तांत्रिक स्वरूप को यथावत रखे जाने की मांग की।

अधिवक्ताओं ने कहा कि हम पूरे प्रदेश के अधिवक्ता मांग करते हैं कि प्रदेश के अधिवक्ताओं का 10 लाख का मेडिक्लेम व किसी अधिवक्ता की मृत्यु होने पर 10 लाख की बीमा राशि प्रदान की जाये। अधिवक्ता पंजीकरण के समय प्रत्येक अधिवक्ता से लिये जा रहे रुपये 500 के स्टाम्प की राशि प्रादेशिक परिषदों/स्थानीय बार को वापिस की जाये व राज्य सरकार द्वारा विधि एक, स्टाम्प की बिक्री से प्राप्त धनराशि का 2 प्रतिशत अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किया जाये। उन्होंने कहा कि नियम बनाने का अधिकार पूर्व में जो एडवोकेटस् एक्ट में प्राविधानित था उसको उसी प्रकार रखा जाये। केन्द्र सरकार द्वारा रेगुलेशन बनाने की जो बातें कही गयी हैं उसे तुरन्त समाप्त किया जाये। अधिवक्ताओं ने कहा कि साथ ही किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता न होने के कारण हम अधिवक्तागण एडवोकेट्स अमेंडमेन्ट बिल 2025 के पूरे संशोधन को निरस्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि उक्त एडवोकेट अमेंडमेन्ट बिल 2025 को वापस नहीं लिया गया तो हम अधिवक्तागण अपनी बार काउंसिल व जिला बार बरेली के साथ रणनीति बनाकर आंदोलात्मक संघर्ष करने को बाध्य होंगे।

इस दौरान कोषाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य, पूर्व अध्यक्ष शकील अहमद गुरु, वरिष्ठ अधिवक्ता आरिफ एडवोकेट, वीरेन्द्र सक्सेना, विनोद कुमार, तेजपाल गंगवार, धर्मेन्द्र सागर, हैप्पी महाजन, ज्ञान सिंह गंग.वार, दीपचंद पाण्डेय, राजेन्द्र कुमार गंगवार, अरविन्द मलिक, जयदेव गंगवार, दीपक गुप्ता, हर्षित महाजन, ठाकुर दास मौर्या, हरनाम सिंह, रमाकांत शर्मा, महफूज अहमद, अंसार शाह, केसर गंगवार, धर्मपाल सागर, तेजपाल गंगवार, संयुक्त सचिव एलवी दिवाकर, अरविंद कश्यप, जगदीश सिंह गुर्जर, राजेंद्र मौर्य, दीपचंद पांडे, रूड सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह छाबड़ा, सुनील रस्तोगी, हरीश गंगवार, ठाकुर कमल सिंह, रामस्वरूप गंगवार, मान सिंह गौतम, वरिष्ठ सदस्य मनोहर लाल गौतम, बलदेव सिंह संधू, इंदर सिंह, कृष्ण अवतार शर्मा, कुलबीर सिंह, चंद्रपाल गंगवार, सूरजपाल गंगवार, ढाकन लाल गौतम, रामपाल, अनिल बाबू माली, हरनाम सिंह, खड्ग सिंह, जसवीर सिंह चौहान, गिरवर सिंह, लाल सिंह चौहान, मुजस्सम खान, वीरेंद्र पाल प्रजापति, विनोद कुमार कोरी, आनंद मौर्य, एहिवरन सिंह, ललित शर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### दो नाबालिग लड़कियों को लेकर युवक हुए फुर्र, पुलिस जुटी खोजबीन में

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के कस्बा और एक गांव से अलग-अलग समय अलग-अलग युवक नाबालिक लड़कियों को भगाकर ले गए, जोकि एक ही समुदाय की बताई जा रही हैं। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने दोनो मामले में रिपोर्ट लिखकर नाबालिक लड़कियों की तलाश शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार कस्बा के एक मोहल्ले और थाना क्षेत्र के एक गांव से शुक्रवार को दो नाबालिक लड़कियों को स्थानीय युवक भगाकर ले गए। दोनों बाजार गई थीं। जब दोनों के परिजनों के द्वारा काफी तलाश करने पर नाबालिक नहीं मिली तब दोपहर के बाद परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट लिखकर पुलिस ने तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल दोनों नबालिकों का कोई सुराग नहीं मिला है।

### महिला ने युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** एक महिला ने एक युवक पर रास्ते में छेड़छाड़ करने और विरोध करने पर गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद महिला ने मामले की तहरीर पुलिस को दी, जिसपर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम अर्सियाबोझ निवासी एक महिला का कहना है कि दिनांक 20.2.2025 को समय 01 :00 बजे दोपहर प्राईमरी पाठशाला जटपुरा के नजदीक चौराहे के पास गांव के ही एक युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। जब उसने छेड़छाड़ का विरोध किया तो युवक ने उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने आरोपी तेजपाल पुत्र भगवानदास निवासी ग्राम अर्सियाबोझ मजरा जटपुरा थाना बहेड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### तमंचा दिखाकर नाबालिग लड़की से किया दुष्कर्म

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोर्ट ने सुनाई बीस वर्ष कैद की सजा**

**बरेली।** नाबालिग लड़की (14) को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म करने के आरोपी थाना भुता के गांव अधकटा बुनियादी बेगम निवासी सुनील कुमार को परीक्षण में दोषी पाया गया। स्पेशल जज पाक्सो एक्ट कोर्ट कुमार मयंक ने उसे 20 वर्ष कारावास की सजा सुनाई और 25 हजार रुपये जुर्माना भी डाला है। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील सुभव कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना भुता में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री 1 नवंबर 2022 की सुबह स्कूल जा रही थी। रास्ते में सुनील कुमार मिला और दोपहर में गांव केसरपुर क्षेत्र के एक प्राइमरी स्कूल पर आने को कहा। पुत्री ने मना कर दिया तो सुनील ने तमंचा निकाल कर धमकी दी कि अगर नहीं पहुंची तो तुम्हें स्कूल से वापस आते वक्त जान से मार दूंगा। उनकी बेटी डर की वजह से दोपहर 12 बजे स्कूल से टीन शेड पहुंची, जहां सुनील कुमार ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जब वह बेटी को स्कूल लेने पहुंचे तो वहां न मिलने पर अपने रिश्तेदार के साथ स्कूल के आसपास तलाश करने लगा। बेटी के चीखने चिल्लाने की आवाज पुराने प्राइम.री स्कूल के पास टीनशेड से आने पर वहां जाकर देखा कि सुनील उनकी बेटी का गला दबाने की कोशिश कर रहा है। ललकारने पर सुनील ने तमंचा तान दिया और जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। पीड़िता ने दुष्कर्म किए जाने की बात कबूली। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने आठ गवाह पेश किए।

### टैक्स चोरी मामले में एक बार फिर रामसेवक के घर पहुंची आयकर की टीम

शाह टाइम्स संवाददाता

**मकान की सील तोड़कर की जांच, घर वालों से पूछताछ की**

**बरेली।** गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज और उनके भाई रामसेवक के घर बीते दिनों आयकर की टीमों ने छापा मारा था। टीम ने अमित भारद्वाज के घर जांच की थी। वहीं उनके भाई रामसेवक के त्रिवटी नाथ मंदिर के पास स्थित बीडीए कालोनी के मकान में ताला तोड़कर जांच की थी। रामसेवक के घर में नहीं थे लिहाजा मकान को सील कर लैपटॉप समेत कई दस्तावेज अपने साथ ले गई थी। अब एक बार फिर आयकर की टीम कार्रवाई करने रामसेवक के घर पहुंची थी।

दरअसल बीती 12 फरवरी को नई दिल्ली से आई आयकर विभाग की टीम ने गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज और उनके भाई रामसेवक के यहां छापा मारा था। अगले दिन रामसेवक का मकान सील कर आयकर की टीमें लौट गई थीं। रामसेवक महाकुंभ गए थे, अभी तीन दिन पहले वह महाकुंभ से वापस लौटे। लिहाजा शुक्रवार को नई दिल्ली से आई करीब 35 सदस्यीय टीम ने सुबह नौ बजे रामसेवक के घर की सील तोड़ी। इस दौरान रामसेवक भी मौजूद रहे। मकान के अंदर मौजूद आयकर विभाग की टीमें जांच में जुटी हुई थीं। सप्ताह भर के अंदर आयकर की टीमों के घर दो बार आना किसी बड़ी टैक्स चोरी की तरफ इशारा कर रहा है। हालांकि आयकर के अधिकारियों ने अभी कुछ भी बोलने से इन्कार कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक आयकर की एक टीम गुप्ता चौराहा स्थित रामस.ेवक के भाई गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज के गोदाम पर भी मौजूद थी। यहां भी तमाम दस्तावेज खंगालने में टीम लगी हुई थी। बीती 12 फरवरी को हुई कार्रवाई के दौरान गुटखा कारोबारी अमित भारद्वाज की तबियत बिगड़ गई थी। जिसके बाद उनको अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। कार्रवाई का दूसरे व्यापारियों ने विरोध भी किया था। डॉक्टरों ने अमित को चिकन पॉक्स की शिकायत बताई थी।

# जानवरों के कटे पैर लदी गाड़ी प्रकरण में पुलिस ने ड्राइवर-हेल्पर का शांति भंग में किया चालान

■ चालक की तहरीर पर तीन अज्ञात पर हुआ मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**फतेहगंज पश्चिमी।** गुरुवार को पशुओं के कटे पैर पिकअप में लाद कर बरेली से रामपुर ले जा रहे गिरफ्तार आरोपी चालक साजिद हुसैन और उसके साथी शराफत अहमद का पुलिस ने शुक्रवार को शांति भंग में चालान कर दिया। साथ ही आरोपी साजिद हुसैन की तहरीर पर पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ दस हजार रुपये की रंगदारी मांगने और गाड़ी को तोड़ने की रिपोर्ट दर्ज की है।

गुरुवार को पुलिस ने धनेटा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर राहगीरों और स्थानीय लोगो और हिंदू संगठन कार्यकर्ताओं की मदद से एक पिकअप से हजारों की संख्या में पशुओं के कटे पैर बरामद किए थे।साथ ही बरेली निवासी चालक साजिद हुसैन और जम्बू कश्मीर निवासी उसके साथी शराफत अहमद को भी गिरफ्तार किया था। मीरगंज और फतेहगंज पश्चिमी पशु चिकित्सा अधिकारी ने सैंपल भरकर पुलिस को सौप दिया था।

विश्व हिंदू महासंघ के जिला उपाध्यक्ष महिपाल गुर्जर की तहरीर पर पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी।पुलिस ने रिपोर्ट में दोनो को थाने से जमानत देकर शांति भंग की कार्यवाही करके दोनों को मीरगंज उप जिलाधिकारी तृप्ति गुप्ता के समक्ष भेज दिया जहां से वह जमानत पर छूट गए। इस प्रकरण में चालक साजिद हुसैन की तहरीर पर पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ पिक अप रोककर दस हजार रुपए मांगने नही देने पर गाली गलौज और मारपीट करनें गाड़ी तोड़ने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया गिरफ्तार दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट लिखकर उनका शांति भंग की अलग से कार्यवाही करके मीरगंज एसडीएम कोर्ट में भेज दिया गया है। साथ ही चालक की तहरीर पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रूपये मांगने,मारपीट करनें और गाड़ी तोड़ने की कार्यवाही भी की गई है।

# दिल से कैनवास तक-आशा स्कूल, बरेली में रचनात्मकता का उत्सव



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** एक हृदयस्पर्शी पहल के तहत, पंचशूल गनर्स ने द टाइम्स ऑफ इंडिया और फोकस नेत्रालय के सहयोग से षदिल से कैनवास तकष नामक एक विशेष आयोजन आशा स्कूल, बरेली में आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष रूप से सक्षम बच्चों की रचनात्मकता और कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करना था, जिससे उन्हें कला और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करने का अवसर मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न रोचक गतिविधियों से हुई, जिनमें चित्रकला, शिल्प निर्माण और मजेदार खेल शामिल थे। कुल 23 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी मेहनत को प्रशस्ति पत्रों के माध्यम से सराहा गया, जिससे बच्चों की खुशी और आत्मविश्वास और बढ़ा। इस अवसर पर आशा स्कूल, बरेली के प्रधानाचार्य डॉ. विवेक सिंह ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और रचनात्मकता निखरती है। हम पंचशूल गनर्स के आभारी हैं, जिन्होंने हमारे विद्यार्थियों को यह अद्‌भुत अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ, जहां बच्चों ने स्वादिष्ट नाश्ते का आनंद लिया और इस यादगार अनुभव को संजोया। आयोज.कों, शिक्षकों और उत्साही प्रतिभागियों के सामूहिक प्रयासों ने इस दिन को वास्तव में विशेष बना दिया, जिससे समावेशी और रचनात्मक शिक्षण अनुभवों की महत्ता पुनः स्थापित हुई।

# अफीम सप्लाई करने वाले दो तस्कर गिरफ्तार

■ आरोपियों के कब्जे से पांच किलो अफीम बरामद

झारखंड से लाकर दिल्ली और पंजाब में सप्लाई करने वाले थे अफीम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** झारखंड से अफीम लाकर दिल्ली और पंजाब में सप्लाई करने वाले दो तस्करों को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने गिरफ्तार कर लिया। तस्करों के कब्जे से पांच किलो अफीम, दो मोबाइल फोन और 2350 रुपये बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बदायूं के थाना दातागंज के गांव सैनपुर निवासी ओमवीर और थाना बिनावर के गांव सल्लननगर के वीरेंद्र के रूप में हुई है। एएनटीएफ के दरा.ेगा विकास यादव ने बताया कि दोनों को गुरुवार को आलमपुर जाफराबाद स्थित बमियाना तिराहे से गिरफ्तार कर भमोरा थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पूछताछ में ओमवीर ने बताया कि वह, वीरेंद्र, सैनपुर का हुकुम सिंह और सल्लनगर का महावीर अफीम सप्लाई करते हैं।

महावीर और हुकुम सिंह स्थानीय किसानों और झारखंड से अफीम खरीदकर लाते हैं। वे अफीम को दिल्ली-पंजाब समेत अन्य राज्यों में सप्लाई करते हैं। महावीर और हुकुम सिंह ने उन दोनों को कीपैड मोबाइल फोन दिए थे और उनके फोन अपने पास जमा कर लिए थे।

# उप महानिदेशक, पशु विज्ञान डा. राघवेन्द्र भट्टा ने किया दो छात्रावास का शिलान्यास

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई), इज्जतनगर में आज शुक्रवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), नई दिल्ली के उप महानिदेशक, पशु विज्ञान डा. राघवेन्द्र भट्टा ने संस्थान में दो छात्रावास का शिलान्यास किया तथा संस्थान के विभिन्न विभागों का भ्रमण कर संस्थान में चल रही शोध गतिविधियों की जानकारी ली। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डा. त्रिवेणी दत्त सहित संस्थान सभी संयुक्त निदेशक, विभागाध्यक्ष एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

डा. राघवेन्द्र भट्टा ने संस्थान में छात्रों के लिए 24 कमरों वाले माधव छात्रावास तथा छात्राओं के लिए 20 कमरों वाले लक्ष्मी छात्रावास का शिलान्यास किया। इन छात्रावासों में छात्रों के लिए मैस, वार्डन कार्यालय, अतिथि कक्ष, रीडिंग रूम सहित सभी आधुनिक सुविधायें उपलब्ध होंगी। शिक्षा विभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा प्राप्त अनुदान से इन छात्रावास का निमार्ण होगा तथा प्रत्येक छात्रावास के निर्माण में 5 करोड़ रूपये की लागत आयेगी। शिलान्यास उपरांत उपमहा.निदेशक ने संस्थान के विभिन्न विभागों रैफरल पॉलीक्लीनिक, बायोएसे और बायोसेंसर, बायोइंजी.नियरिंग भवन, जीएलपी कम्पलाइंट लैब, कैडराड, बायोटेक्नोलॉजी विभाग, दैहिकी एवं जलवायुकी विभाग तथा पशु पोषण विभाग का भ्रमण कर संस्थान में चल रहे शोध



परियोजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त निद.ेशक, शोध, डा. एस.के.सिंह, संयुक्त निदेशक, शैक्षणिक, डा. एस.के. मेंद.ीरत्ता, संयुक्त निदेशक, प्रसार शिक्षा डा. रूपसी तिवारी, संयुक्त निदेशक कैडराड डॉ. सोहिनी डे, डा. ज्ञानेनद्र सिंह, परीक्षा नियंत्रक डा. रजत गर्ग, यू.जी. कोर्डिनेटर, डा हीरा राम, डा. अभिषेक, डा. सोनल, डा. हिमानी धांजे, डा श्यामा के. लतीफ, डा. करूणा आदि उपस्थित रहे।

# गर्भवती अभ्यर्थी ने तय समय से पहले ही पूरी की पुलिस भर्ती की दौड़

■ ससुरालियों ने दिया साथ, बहू ने पेश की नजीर



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** पीएसी ग्राउंड में चल रही यूपी पुलिस सिपाही भर्ती की दौड़ में जहां रोज अभ्यर्थी मैदान पर ढेर हो रहे हैं, वहीं मथुरा की बहू रश्मि ने नजीर पेश की है। उसने दो माह की गर्भावस्था के बावजूद तय समय से पहले ही दौड़ पूरी कर ली।

रश्मि मूल रूप से अलीगढ़ के थाना गोंडा के गांव कुंवरपुर की निवासी हैं। उन्होंने बताया कि उनकी शादी मथुरा के बलदेव क्षेत्र निवासी करमवीर चौधरी से हुई है। पति ने तैयारी के लिहाज से उन्हें मथुरा में रखा है। शादी से पहले से ही तय कर रखा था कि पढ़ाई जारी रखेंगी और नौकरी भी करेंगी। पति व ससुराल वालों ने इसमें उनकी पूरी मदद की। गर्भावस्था के बावजूद उन्हें दौड़ने की इजाजत दी। इसके लिए उन्होंने डॉक्टर से भी परामर्श लिया। कई जांचों के बाद डॉक्टर ने उन्हें दौड़ में शामिल होने की स्वीकृति दी। नतीजा, 14 मिनट की दौड़ उन्होंने 12 मिनट 52 सेकेंड में ही पूरी कर ली।

रश्मि ने बताया कि वह मथुरा में रहकर बीटीसी कर रही हैं। अभी चौथे सेमेस्टर में हैं। उन्होंने लड़कियों को संदेश दिया कि स्वस्थ रहने का प्रयत्न करना चाहिए। जरूरी नहीं कि नौकरी ही करें। आप फिट होंगी तो एक मां के रूप में बच्चों का ज्यादा बेहतर तरीके से पालन कर सकेंगी। लड़कियों को नियमित व्यायाम करना चाहिए। गर्भावस्था के दौरान डॉक्टर के मना करने पर उन्होंने व्यायाम बंद कर दिया है, पर दौड़ लगाती रहीं।

### दौड़ में गिरे तीन युवक, पहुंचाया अस्पताल

आठवीं वाहिनी पीएसी के मैदान पर पुलिस विभाग की आरक्षी भर्ती परीक्षा की दौड़ में बृहस्पतिवार को तीन युवक गिर पड़े। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनके पैर में मोच आने की बात बताई गई है।

दौड़ 27 फरवरी तक लगातार होनी है। इसके लिए रोज 1,050 अभ्यर्थी बुलाए जाते हैं। बृहस्पतिवार को 19 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। दौड़ में 944 अभ्यर्थी सफल और 81 असफल रहे। नोडल अधिकारी एसपी यातायात अकमल खान के मुताबिक तीन अभ्यर्थी विशाल सिंह, रूपेश और बाबू दिवाकर दौड़ते वक्त गिर पड़े। उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। वहां एक्सरे में पता लगा कि हड्डी ठीक है, मांस पेशियों में खिंचाव आने से वह गिरे थे।

### घायल संविदा कर्मचारी को अधीक्षण अभियंता ने दिया खून

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** करंट लगने से घायल संविदा कर्मचारी अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रहा था। जब ऑपरेशन के समय खून की जरूरत पड़ी तो मदद के लिए साथी कर्मियों के साथ अधीक्षण अभियंता आगे आए। अधीक्षण अभियंता ने अस्पताल पहुंचकर घायल कर्मचारी को खून दिया। 15 जनवरी को सीबीगंज सबस्टेशन पर तैनात संविदा कर्मचारी विनोद राठौर रामपुर रोड पर स्वालेनगर में 11 हजार की लाइन पर काम कर रहा था। फाल्ट ठीक करते समय करंट लगने से वह झुलस गया। उसे मिनी बाईपास स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद उसे डीडीपुरम स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शरीर में छेद होने पर संविदा कर्मचारी की किडनी में इंफेक्शन हो गया। कर्मचारी की सर्जरी के लिए खून की जरूरत पड़ी। इसकी जानकारी होने पर शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता ब्रह्मपाल अस्पताल में खून देने के लिए पहुंच गए।

# युवक की हत्या करने के मामले में दो लोगों को उम्रकैद

■ कोर्ट ने 60 हजार का जुर्माना भी लगाया

■ एक साल पहले फतेहगंज पश्चिमी में रंजिश में मफलर से गला दबाकर की गई थी हत्या

शाह टाइम्स संवाददाता


**बरेली।** युवक की मफलर से गला दबाकर हत्या करने के मामले में स्पेशल जज फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने थाना फतेहगंज पश्चिमी के गांव मनकरी निवासी सत्यपाल और महेन्द्र को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक पर 60-60 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

सरकारी वकील संतोष श्रीवास्तव एवं सौरभ तिवारी ने बताया कि गांव चिटौली निवासी जावित्री देवी ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति रामबाबू 25 जनवरी 2024 की शाम 6 बजे सब्जी लेने फतेहगंज पश्चिमी बाजार गए थे। गांव का ही देवेन्द्र सक्सेना उर्फ डिम्पल उनके पति से रंजिश मानता था और एक बार मारपीट भी हो चुकी थी। उसके पति की डिम्पल ने अपने तीन अन्य साथियों देवेन्द्र, प्रदीप और महेन्द्र के साथ मिलकर हत्या कर दी। पुलिस ने 30 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर धनेटा फाटक के पास हाइवे से आरोपी को पकड़ा था। उसने पूछताछ में बताया था कि 25 जनवरी



को रामबाबू से कहासुनी हो गई थी। उन्हें शाम को रहपुरा अंडरपास के पास रामबाबू मिल गया। वहां पर उसे शराब पिलाई और एक बार फिर कहासुनी होने पर उसने और सत्यपाल ने रामबाबू के नाक, मुंह पर घूंसे मारे और जब रामबाबू मारने के लिए उठा तो उसके गले में पड़े मफलर से उसका गला कस दिया और उसकी मौत हो गई। उसके बाद उसी की बाइक पर बैठाकर अंडरपास के आगे सर्विस रोड किनारे फेंक दिया और बाइक को भी लुढ़का दिया। पुलिस ने विवेचना के बाद महेन्द्र और सत्यपाल समेत दो के ही विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ने आठ गवाह पेश किये थे।

## तलाश गुमशुदा



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कि दिनांक 22.08.2023 को रीतिक पुत्र भारत सिंह निवासी ग्राम बकैनियां थाना बहेड़ी जिला बरेली की उसके पिता भारत सिंह पुत्र श्री होरीलाल निवासी ग्राम बकैनियां थाना बहेड़ी ने थाना आकर लिखित सूचना दी कि उसका पुत्र रीतिक जो दिनांक 21.08.2023 को मेरा पुत्र उम्र 20 वर्ष जो कस्बा बहेड़ी से लापता हो गया है, जिसकी आस पड़ोस व सव रिश्तेदारी में काफी तलाश की गई, किन्तु कोई पता नहीं चल सका। इस सम्बन्ध में थाने के रपट नं. 2 दिनांक 22.08.2023 को गुमशुदगी दर्ज की गई है। तथा इस संबन्ध में मु.अ. सं. 540/2023, धारा-364, 506 आईपीसी भी दर्ज है।

हुलिया व कपड़े:- आंख, नाक, कान, लम्बाई 5 फिट, रंग सांवला, पैन्ट नीली व शर्ट सफेद काली रंग की व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुये है। यदि किसी थाना या अथवा किसी व्यक्ति को पता चले तो थाना हाजा पर निम्न नम्बरों पर सूचित करने की कृपा करें। इस सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत है।

**सनी चौधरी**
चौकी प्रभारी, मो.- 9627555141

**कोतवाली बहेड़ी**
मो.- 9454403080

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# प्रॉपर्टी विवाद में पूर्व पति ने घर में घुसकर चाकुओं से गोदकर की महिला की निर्माण हत्या



**पीलीभीत।** शहर से सटी नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में प्रॉपर्टी विवाद में पहले पति को छोड़कर दूसरे पति के साथ रह रही महिला की पहले पति ने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी इस दौरान बीच बचाव करने आए उसके दूसरे पति और दूधिए पर भी जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान हत्यारोपी पहला पति भी घायल हो गया। उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उसे अस्पताल में पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया है। हत्याकांड की सूचना मिलते ही सनसनी फैल गई है। एएसपी समेत भारी पुलिस फोर्स और फरिसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। घटना शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे की है। नगर पंचायत नौगवां पकड़िया निवासी बहेलिया मनीराम अपनी पत्नी पूजा के साथ घर पर था। पूजा हैंडपंप पर बर्तन धो रही थी बताते हैं कि इसी दौरान तीन हमलावर उसके घर में घुस गए और उन्होंने पूजा पर चाकू से बार करने शुरू कर दिए। ताबड़तोड़ प्रहार से पूजा की मौके पर ही मौत हो गई। मनीराम ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया लेकिन उसे भी हमलावरों ने घायल कर दिया। बताते हैं कि इसी दौरान दूध लेकर पहुंचे प्रियांशु ने भी बचाने का प्रयास किया हमलावरों ने उस पर भी हमला किया। जिसमें मनीराम और प्रियांशु घायल हो गए। संघर्ष के दौरान हमलावर उमाशंकर भी घायल हुआ है उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही सैकड़ो की भीड़ उमड़ पड़ी। सुनगढ़ी पुलिस और फॉरेंसिक टीम भी पहुंची साक्ष्य एकत्र किए।

# महिलाओं को स्वरोजगार की ओर ले जाना प्रमुख लक्ष्य: पूनम परिहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** स्वयं सेवी संस्था संदेश द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय फल प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। खाद्य प्रसंस्करण विभाग से आये प्रशिक्षक अरुण झा ने मौसमी फल व सब्जियों से अचार, मुरब्बा, जैम, व चटनी आदि बनाना सिखाया। संदेश की सचिव पूनम परिहार ने बताया कि संस्था द्वारा समय समय पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं को स्वरोजगार से जोडने के लिए विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जाता हैं। इसी क्रम में ग्रामीण आंचलों की महिलाओं के लिए खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण के माध्यम से अचार, चटनी,मुरब्बा, जैम आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके माध्यम से महिलाएं घर बैठे अपना रोजगार कर सकती है। तथा अपने परिवार के लिए आमदनी बढ़ाने का जरिया बन सकती है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केई गाँवों की युवतियों व महिलाओं ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में संद. ेश के सहायक प्रबन्धक राहुल सक्सेना, अंशु, रामायण, सुशीला, गौरा सुनीता आदि उपस्थित रहे।

## गढ़ आसपास

### 24 फरवरी को विदेश भेजने के नाम पर ठगी पीड़ितों के लिए पूरनपुर में लगेगा विशेष शिविर: एसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** सैकड़ों युवाओं को विदेश भेजने, नौकरी दिलवाने के नाम पर फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र और दस्तावेज बनवाकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आईलेट संचालकों के खिलाफ जिले के पुलिस कप्तान अवनीश पांडेय द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत 24 फरवरी को पूरनपुर कोतवाली में कैंप लगाया जा रहा है। जिसका पुलिस द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार कराया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने बताया कि पूरनपुर क्षेत्र में लाखों रुपए की ठगी कर युवाओं को डंकी रूट से विदेश भेजने की तमाम शिकायतें मिल रही थी जिसे देखते हुए आईलेट संचालकों के खिलाफ अभियान चलाया गया है जिसके तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में 12 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी को पूरनपुर कोतवाली में विशेष शिविर लगाकर ऐसे मामलों की सुनवाई कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पीड़ित लोगों से 24 फरवरी को पूरनपुर कोतवाली पहुंचने का आग्रह किया है। एसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि पूरनपुर के अलावा मझोला क्षेत्र में भी ठगी के मामले प्रकाश में आए हैं जिनका संज्ञान लिया गया है। ठगी के शिकार लोगों की शिकायत मिलते ही प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

### मंजीत सिंह पर 15 लाख रुपये हड़पने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

**पुरनपुर।** तथाकथित भाजपा नेता मंजीत सिंह पर अब अपने पुत्र के एमबीबीएस में एडमिशन के लिए 15 लाख रुपये हड़पने व रूपये मांगने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। तहरीर मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव बिलंदपुर अशोक निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र मनोहर लाल ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में कहा कि ग्राम खांडेपुर निवासी मंजीत सिंह पुत्र देवेंद्र सिंह से उसके पारिवारिक संबंध थे। बकौल देवेन्द्र मंजीत सिंह ने उससे कहा कि उसके पुत्र नवजोत सिंह उर्फ टोनी ने नीट की परीक्षा पास कर ली है। एमबीबीएस में एडमिशन के लिए 15 लाख रुपए की आवश्यकता है। जिस पर उसने पांच पांच लाख की धनराशि उसे उधार दे दी। काफी समय से दी गई रकम को वह वापस माग रहा है लेकिन मनजीत सिंह टाल मटोल करता रहा। आरोप है कि 10 फरवरी को प्रातः 10 बजे जब उसने दी गई रकम की मांग की तब मनजीत सिंह ने उसे गालियां देते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया और जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान सुमित शर्मा और रवि यादव ने उसे किसी तरह बचाया। एसपी अविनाश पांडे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं।

### टोल कर्मियों पर हमला करने के मामले में हुआ मुकदमा दर्ज

**गढ़मुक्तेश्वर।** टोल टैक्स को लेकर हुए संघर्ष के दौरान सिर में फायर सिलेंडर लगने से घायल हुए कर्मचारी की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने हरियाणा से जुड़े चार श्रद्धालुओं को जेल भेजा। हरियाणा के बहादुरगढ़ और दिल्ली के नजफगढ़ क्षेत्र में रहने वाले विक्रम, सीताराम, गौतम, सुरेंद्र सिंह बुधवार की सुबह अपनी दिवंगत चाची किताब कौर की अस्थियां लेकर ब्रजघाट तीर्थनगरी में आए थे। जहां गंगा की जलधारा में अस्थियां विसर्जित करने के उपरांत वापस लौटते समय टोल प्लाजा पर टैक्स वसूली को लेकर कर्मचारियों से कहासुनी हो गई थी। जिसने कुछ ही पलों के भीतर उस समय उग्र रूप ले लिया था, जब तीन कारों में सवार हरियाणा के श्रद्धालुओं ने लाठी डंडों से हमला करते हुए कार में रखे फायर सिलेंडर से टोल कर्मी रोहित के सिर में वार कर दिया। जिसमें घायल होने पर रोहित को गंभीर हालत में गढ़ सीएचसी से मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत से हालात को काबू में करते हुए हरियाणा और नजफगढ़ से जुड़े चार लोगों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया था। टोल प्लाजा के डीजीएम दिनेश कुमार द्वारा दी गई तहरीर के आधार हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज करते हुए विक्रम, सीताराम, गौतम, सुरेंद्र सिंह को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। हरियाणा और नजफगढ़ से जुड़े चार यजमानों के विरुद्ध टोल कर्मियों से हुए विवाद को लेकर हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेजे जाने से स्थानीय गंगा पुरोहितों में नाराजगी व्याप्त हो रही है। इंस्पेक्टर नीरज कुमार ने बताया कि टोल मांगने का विरोध करते हुए कर्मचारी रोहित के सिर में फायर सिलेंडर से वार करने वाले हरियाणा के चार युवकों को हत्या के प्रयास के मामले में जेल भेजकर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### श्रम परिवर्तन और एएचटीयू टीम ने की छापामारी

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** बाल श्रम निषेध अभियान के तहत एएचटीयू और श्रम प्रवर्तन विभाग की टीम ने कई स्थानों पर छापामारी कर कामकाज करते मिले चार नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू करते हुए संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में जनपद स्तर पर बाल श्रम की रोकथाम को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत थाना एएचटीयू और श्रम प्रवर्तन विभाग की संयुक्त टीम ने सिंभावली क्षेत्र में कई घंटों तक छापामारी की। इस दौरान कई दुकान एवं होटलों से लेकर कारखाने और वर्कशॉप में सघन चौकिंग की गई। श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि छापामारी के दौरान दुकान, होटल, कारखाने और वर्कशॉप में चार नाबालिग बच्चे कामकाज करते हुए मिले, जिन्हें रेस्क्यू करते हुए परि. जनों के सुपुर्द कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिन प्रतिष्ठानों में नाबालिग बच्चे कामकाज करते हुए मिले थे, उनके विरुद्ध भी बाल श्रम निषेध कानून के तहत कार्रवाई की गई है।

## भारतीय ज्ञान परंपरा एवं योग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** शुक्रवार को मोनाड विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं योग पर चल रही दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफल समापन हुआ। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. एनपी गिरी ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार हरियाणा, प्रो. ओम नारायण तिवारी पतंजलि यूनिवर्सिटी हरिद्वार, डा. पवन चौहान प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर (योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा) एनआईओएस नोएडा, डा. रविकांत तिवारी संयोजक योग विभाग केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, रणवीर परिसर जम्मू उपस्थित हुये। इस संगोष्ठी में विवि के प्रतिकुलाधिपति डा. एनके सिंह, कुलपति डा. मोहम्मद जावेद, उपकुलपति एवं कुलसचिव कर्नल डा. डीपी सिंह, उपकुलपति प्रशास. निक प्रो. योगेश पाल सिंह, उपकुल. पति (अकादमिक) जयदीप कुमार एवं उपकुलपति (एडमिशन) रोां. हत शर्मा ने समस्त अतिथियों को शॉल पहनाकर व प्लॉट सैंपलिंग देकर स्वागत किया। इस संगोष्ठी में देशभर के विद्वानों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों और योगाचार्यों ने भाग लिया और भारतीय ज्ञान परंपरा एवं योग के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विशेषज्ञों ने भारतीय ज्ञान परंपरा की प्राचीनता, इसकी वैज्ञानिकता और आधुनिक समय में इसकी प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की। योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर विशेष व्याख्यान दिए गए। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली है, जो शारी. रिक, मानसिक और आध्यात्मिक उत्थान का माध्यम है। इस अवसर पर विवि के कुलपति ने समापन सत्र में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और योग का योगदान संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें अपनी प्राचीन परंपराओं को पुनर्जीवित कर आधुनिक संदर्भों में उनका उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर प्रतिभाग करने वाले शोधार्थियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए जिसमें ऑनलाइन के माध्यम से इंदा अरिवंती सहायक प्रोफेसर एकेआई विश्वविद्यालय इंडोनेशिया ने अपना शोध पत्र पढ़ा और अपने शोध के बारे में विस्तार से बताया। विवि द्वारा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन डा. सुशील कुमार एवं डा. दीपिका चौहान ने किया। इस कार्यक्रम में स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स के संकायाध्यक्ष डा. सुनील कुमार श्रीवास एवं विभागाध्यक्ष डा. प्रदीप कुमार का विशेष योगदान रहा। विवि के मानविकी और सामाजिक विज्ञान संकाय की संकायाध्यक्ष डा. सोमा दास ने संगोष्ठी के सफल समापन के लिये सभी विद्वानों, शोधार्थियों और आयोजन समिति के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में शोध निदेशक डा. पंकज कुमार सिंह, डा. गरिमा गुप्ता, डा. प्रताप सिंह, डा. अमित सिंह, डा. रिचा यादव, डा. शिल्पी सिंह, डा. सौरभी दत्ता, डा. अमित चौधरी, डा. अरूण जादोन, डा. महीप मिश्रा, लोकेन्द्र कुमार, निशू शर्मा, प्रिंसी शर्मा, सुमित कुमार, चेतन्य गुप्ता, मूल राज, अमित कुमार, नेहा रानी, ममता रानी चौधरी, प्रीति तोमर, मीडिया प्रभारी विपुल चौधरी एवं अमित मित्तल आदि के साथ बड़ी संख्या में छात्र भी मौजूद रहे।

### स्वच्छ भारत मिशन की उड़ रही है धज्जियां

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की धज्जी उड़ाए जाने से आबादी के बीच सडकों पर कूड़ा करकट और गंदगी के ढेर लगने से आवागमन में दिक्कत के साथ ही लोगों को बीमारी का प्रकोप झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा साफ सफाई को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छ भारत मिशन को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है, परंतु पौराणिक गढ़ ब्रजघाट गंगानगरी से जुड़ी नगर पालिका द्वारा इस अभियान को आइना दिखाकर खूब मनमानी की जा रही है। वार्ड नौ और 23 में नालियों से निकलने वाली गंदगी को कई दिनों से सडक किनारे ढेर लगाकर छोड़ दिया जाता है, जिससे वह रात होने तक फिर से नालियों में पहुंचकर गंदे पानी की निकासी को प्रभावित करने लगती है। नालियों की गंदगी को डंपिंग ग्राउंड में पहुंचाने की बजाए सडकों के किनारे ढेर लगाने से लोगों को आवागमन में दिक्कत के साथ ही दुर्गंध की समस्या भी झेलनी पड़ रही हैं। लोगों का कहना है कि नालियों की गंदगी फिर से नाली में जाने के कारण मक्खी मच्छरों का प्रकोप बढने से सर्दी के इस मौसम में भी बुखार समेत कई तरह की बीमारी पांव पसार रही हैं। चेयरमैन राकेश बजरंगी का कहना है कि सफाई अभियान में कोई भी चूक नहीं होने दी जाएगी। सफाई के दौरान एकत्र होने वाले कूड़े को हटाने की बजाए अगर कोई कर्मचारी उसे सडक पर छोड़ देता है, तो उसे चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, श्यामू की मौत

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव देहरा में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जहाँ एक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार करनपुर जट्ट निवासी श्यामू (35) की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। श्यामू अपने साथी के साथ करनपुर जट्ट से धौलाना-मसूरी मार्ग होते हुए गाजियाबाद के विजयनगर जा रहे थे। पीछे से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने श्यामू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल साथी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी धौलाना देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि परिजनों को हादसे की सचना दे दी गई है। आरोपी ट्रक चालक की खोज की जा रही है, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### चार स्थानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई

**हापुड़।** एचपीडीए के उपाध्यक्ष द्वारा अवैध निर्माणों/अवैध प्लाटिंग के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देशों के अनुपालन में गुरुवार को हापुड़ विकास क्षेत्र में एचपीडीए के सचिव / सक्षम अधिकारी प्रवीण गुप्ता के दिशा निर्देशन में चार स्थानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही एक मकान और तीन गोदामों में सीलिंग की कार्रवाई की गई। प्राधिकरण की इस कार्रवाई से अवैध निर्माण करने वालों में अफरा तफरी मची रही। प्राधिकरण की टीम ने आवास विकास से किठौर धनौरा मार्ग से स्वर्ग आश्रम रोड के चौराहे पर उपेंद्र त्यागी 10000 वर्ग मीटर, सत्यप्रकाश त्यागी की 7000 वर्ग मीटर, ग्राम धनौरा बाईपास फ्लाई ओवर के आगे भूषण व सोहनवी की दस हजार वर्ग मीटर तथा हर्ष ट्रेडर्स के सामने असौड़ा दोमयी रोड पर इंदू शर्मा, व विशाल गोयल, मनोज शर्मा की 8 हजार वर्ग मीटर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण की टीम ने फ्रीगंज रोड स्थित देवी मंदिर के पीछे हरीश वर्मा का 125 वर्ग मीटर का मकान, आरटीओ आफिसर के सामने फरियाद का 200 वर्ग मीटर का गोदाम, साकेत प्रथम गढ़ रोड पर संजीव कुमार का 750 वर्ग मीटर का गोदाम, ग्राम असौड़ा मेरठ रोड पर शानू खान का 120 वर्ग मीटर का गोदाम को सील कर दिया है। सभी स्थानों पर मानचित्र स्वीकृत नहीं था।

### महिला की ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर जट्ट में गोबर लेकर जा रही एक महिला की ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। बताया गया कि ट्रैक्टर ट्राली किठौर की ओर से आ रही थी। बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव श्यामपुर जट्ट में गुरुवार की सुबह को शमशीदा गोबर लेकर जा रही थी। इसी बीच किठौर की ओर से आ रही टाइल्स से भरी ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर काफी संख्या में लोग एकत्र हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। शव को देखकर परिजन में कोहराम मच गया। और परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

### हाईवे पर टायर फटने पर कार पलटी

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** फ्लाई ओवर पर चढने के दौरान अचानक टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार कई पलटी खाती हुई सडक पर पलट गई, जिससे बड़ी अनहोनी घटना बाल बाल टल गई। सिंभावली क्षेत्र में गांव बक्सर के पास दिल्ली लखनऊ नेशनल हाईवे के फ्लाई ओवर पर चढ़ते समय अचानक टायर फटने से स्विफ्ट कार अनियंत्रित हो गई, जो कई पलटी खाते हुए सडक पर पलटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दिल्ली से गढ़ की तरफ जाते समय हुई इस घटना में कार चालक शान मोहम्मद गढ़ मामूली रूप से घायल हो गया। परंतु एक बड़ी अनहोनी घटना होने से बाल बाल टल गई। हादसे की सूचना पर एनएचआई के इंचार्ज नितिन श्रीवास्तव टीम के साथ मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने हाइवे सिक्स पुलिस टीम को साथ लेकर कड़ी मशक्कत करते हुए क्रेन के माध्यम से क्षतिग्रस्त कार को हाइवे से नीचे हटवाकर अवरुद्ध यातायात को फिर से सुचारू करा दिया।

### दवा खिलाकर जबरन करा दिया गर्भपात

**गढ़मुक्तेश्वर।** दहेज की मांग पूरी न होने पर महिला का उत्पीडन करते आ रहे ससुराल वालों ने दवा खिलाकर जबरन गर्भपात करा दिया, जिनके विरुद्ध पीडिघ्त ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। गढ़ के मोहल्ला अहाता बस्तीराम निवासी राजबीर की पुत्री प्रीति ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें उल्लेख किया है कि उसकी शादी दस नवंबर 2022 को सिंभावली क्षेत्र के गांव राजपुर निवासी चंद्रपाल सैनी के बेटे सुमित के साथ हुई थी। जिसमें परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार काफी दान दहेज दिया था। परंतु उससे संतुष्ट न होकर ससुराल वाले उसका आए दिन उत्पीडन करने लगे, जिन्होंने तीन फरवरी को दवा खिलाकर जबरन गर्भपात कराते हुए मारपीट कर उसे घर से बाहर खदेड़ दिया। इंस्पेक्टर नीरज कुमार का कहना है कि पीडिघ्ता प्रीति की तहरीर पर पति समेत ससुर चंद्रपाल, सास उर्मिला, जेठ सचिन, जेठानी पूजा, देवर अमित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है, जिसके आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### नए दरोगा निरीक्षण में हो गए फेल, चौक किए बिना कोक कर दिया असलाह

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** अर्द्धवार्षिक निरीक्षण के दौरान सीओ ने सिंभावली थाने का निरीक्षण कर वांछितों की धरपकड़ के साथ ही लंबित विवेचनाओं के निस्तारण में तेजी लाने का निर्देश दिया। सीओ स्तुति सिंह ने शुक्रवार को सिंभावली थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। जिन्हें पुलिस टीम ने परंपरागत वेशभूषा में गार्ड ऑफ ऑनर दिया। सीओ ने लंबित चल रही विवेचनाओं को अतिशीघ्र निपटाने के साथ ही वांछितों की धरपकड़ करने के संबंध में कड़े दिशा निर्देश दिए। सीओ ने साफ सफाई में सुधार के साथ ही आगंतुकों के साथ अच्छा बर्ताव करने की हिदायत भी दी। ट्रायल के दौरान नए दरोगाओं के विफल होने पर सीओ ने हिदायत देते हुए कहा कि असलाह की बेहतर ढंग में देखरेख करने के साथ ही उसे खोलना और बांधने के विषय में सारी जानकारी होना बहुत जरूरी होता है। जो दरोगा असलाह नहीं खोल पाए हैं, उनसे नोटिस के माध्यम से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। इस दौरान इंस्पेक्टर श्योपाल सिंह, एसएसआई वासुदेव सिंह, एसआई मुनेंद्र सिंह, इकरार अहमद, अनंगपाल राठी, शौराज सिंह, गोविंद सिंह, एसआई मुस्कान, रीना चाहर, मोहिनी प्रतिभा, हेड क्लर्क मोहन सिंह, अनिल कुमार, विकास, मनीषा समेत अधिकांश पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### खाद्य सुरक्षा टीम ने कई दुकानों पर मारा छापा

**सिंभावली/गढ़मुक्तेश्वर।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने ग्रामीण अंचल में छापामारी करते हुए दो दुकानों से मिठाई के नमूने लेकर जांच को प्रयोगशाला में भेजे हैं, हालांकि भनक लगते ही अधिकांश हलवाई दुकान बंद कर मौके से रफूचक्कर हो गए। डीएम कार्यालय में दी गई शिकायत के आधार पर शुक्रवा रो खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सिंभावली क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में सघन छापामारी की। जिसकी भनक लगते ही अधिकांश हलवाई अपनी दुकानों को आनन फानन में बंद कर मौके से रफूचक्कर हो गए। हालांकि टीम ने दो दुकानों पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के साथ ही मिठाई के नमूने लेकर उन्हें जांच को प्रयोगशाला में भिजवा दिया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सहरिश सादात ने बताया कि सिंभावली क्षेत्र के गांव मुरादपुर में दो दुकानों पर प्रवर्तन कार्रवाई की गई है। जिसके तहत दुकान स्वामी असरू की दुकान से बर्फी और मारूफ की दुकान से बेसन के लड्डू के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिए गए हैं। जहां से नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सोवेन्द्र सिंह के निर्देशन में कार्यवाही की गई।दुकान में साफ सफाई व काम कर रहे कार्मिक का स्वास्थ प्रमाण पत्र बनवाने हेतु नोटिस भी जारी किया गया।

## हापुड़ आसपास

### रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे



**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रस्ते को लेकर हुए विवाद के चलते दो पक्षों में लाठी-डंडों चल गए जिसमे कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गुरूवार को गांव गालंद में रास्ते को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सरकारी नल के पास से गुजरने वाले रास्ते को लेकर पड़ोसियों ने मां-बेटे पर लाठी-डंडों और फावड़े से हमला कर दिया। पीड़ित कपिल ने बताया कि उनके घर के पास सरकारी नल है, जिसके पीछे से रास्ता जाता है। पड़ोसियों ने इसी रास्ते को लेकर विवाद शुरू किया। शुरुआत में अन्य लोगों ने मामला शांत करा दिया।कुछ देर बाद दो महिलाओं समेत सात लोग लाठी-डंडे और फावड़े लेकर कपिल के घर में घुस आए। आरोपियों ने पहले कपिल की मां मुन्नी से गाली-गलौज की। जब कपिल ने मां को बचाने की कोशिश की तो उस पर भी हमला कर दिया। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कपिल अपनी मां को लेकर कोतवाली पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों घायलों को सरकारी अस्पताल भेजा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रघुराज सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। घायलों का मेडिकल कराया गया है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगा।

### सोता रहा परिवार, हजारों रुपए और मोबाइल उड़ा ले गए चोर

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीकपूरा में एक मकान से हजारों रुपए और मोबाइल उड़ा ले गए शातिर चोर।जब पीड़ित परिवार सो रहा था। इस मौके का फायदा उठाते हुए चोरों ने घर से मोबाइल फोन ओर हजारों रुपए लिऐ और फरार हो गया। जानकारी के अनुसार मोहल्ला सद्दीकपूरा फाटक के पास इमरान पुत्र नौशाद अपने परिवार के साथ सो रहे थे रात्रि में चोरों ने घर से घुसकर मोबाइल फोन और हजारों रुपए लेकर फरार हो गए जब पीड़ित सुबह को पता चला तो वह हक्का-बक्का रह गया पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह का कहना है पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### घर से खोया हुए बच्चे को पुलिस ने पांच घंटों में किया बरामद



**पिलखुवा।** कोतवाली पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल के तहत घर से खोया हुए बच्चे को पुलिस ने 5 घंटे में बरामद किया। पिलखुवा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक बच्चे को अथक प्रयास के बाद मात्र 5 घंटे में सकुशल बरामद किया है बच्चे के मिलने के बाद परिवार वालों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली मोहल्ला चंडी मंदिर निवासी रविन्द्र तोमर का पुत्र लवीश तोमर दोपहर बाद घर से नाराज होकर बिना बताए घर से कही चला गया था। बच्चे के माता पिता द्वारा कोतवाली पिलखुवा में सूचना दी पुलिस ने तत्परता से इस बच्चे की तलाश शुरू कर दी। पुलिस के अथक प्रयास के बाद शाम को ही करीब 8 बजे बच्चे को तलाश करके उसके माता पिता को सुपुर्द किया गया। बच्चे सकुशल मिलने के बाद परिवार वालों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### उधार की रकम वापस ना करने पर लिया कोर्ट का सहारा, गारंटी के तौर पर दिया चौक भी हुआ बाउंस

**गढ़मुक्तेश्वर।** रकम उधार लेने के दौरान गारंटी के तौर पर दिया गया चौक खाते में पैसा न होने पर बाउंस होने पर कोर्ट द्वारा लगाए गए जुर्माने समेत रकम अदा न करने पर काटनी पड़ेगी जेल। गढ़ क्षेत्र के गांव मानकचौक की कुसुम कौर से बाबूगढ़ क्षेत्र के रसूलपुर के फौजी नितिन ने 1.60 लाख की रकम बतौर जरूरत उधार ली थी, जिसकी गारंटी की एवज में उसने महिला को अपने बैंक खाते का चौक भी सौंप दिया था। तयशुदा समय में उधार चुकता न होने पर महिला ने संबंधित चौक को अपने खाते में लगा दिया, परंतु रकम न होने के कारण उसके बाउंस होने पर उसने गढ़ की अदालत में मुकदमा दायर कर दिया। न्यायिक अधिकारी वर्तिका शैलत ने अपने निर्णय में आरोपी को अर्थदंड समेत दो लाख आठ हजार की रकम अदा करने का आदेश दिया है, जिसमें से एक लाख 92 हजार की रकम पीडिघ्त महिला और सोलह हजार की रकम राज्य खाते में जमा होगी। अगर संबंधित पक्ष ने उक्त राशि जमा नहीं की तो उसे तीन माह का कारावास भी भुगतना होगा।

# एआरटीओ और खनन अधिकारी पर हमला करने के आरोप में चार गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** पट्टी कला क्षेत्र में एआरटीओ और खनन अधिकारी की कार में टक्कर मारने के आरोप में पुलिस ने मानपुर तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

जहां से चारों को जेल भेज दिया गया है। गौरतलब है कि बुधवार की देर रात पट्टी कला के ढाबे के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे एआरटीओ राजेश कुमार और खनन अधिकारी को कुछ धंधेबाजों ने उनकी गाड़ी में टक्कर मारकर हमले का प्रयास किया था जिसको लेकर अधिकारियों में हड़कंप मच गया था।

सूचना पाकर स्वार क्षेत्र अधिकारी भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे लेकिन तब तक खनन धंधेबाज फरार हो चुके थे अधिकारियों ने चार डंपरों को पकड़कर सीज कार्रवाई की थी। इस मामले में आरटीओ की ओर से स्वार कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ हमला करने सरकारी कार्य में बाधा डालने और कार में टक्कर मारने के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया था। चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला ने दलबल के साथ इस मामले में छापेमार कार्रवाई की और चार धंधेबाजों को मानपुर तिराहे से गुरुवार की देर रात गिरफ्तार कर लिया। इनमें शिव कुमार उर्फ शिवा पुत्र प्रेम सिंह, अमर सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम कानोरा थाना बाजपुर, जलीस पुत्र शफी अहमद निवासी ग्राम सोनकपुर थाना टांडा, नईम पुत्र सलीम थाना भोट जनपद रामपुर शामिल है चारों खनन धंधेबाज को पुलिस ने शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जहां से चारों को जेल भेज दिया गया है चोकी इंचार्ज अजय शुक्ला ने बताया की अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।



मसवासी। हमला करने के आरोप में पकड़े गये चार व्यक्ति।

# जल, जंगल व जमीन को बचाने के लिए किसानों को किया गया जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जनपद में कृषि विभाग की भूमि संरक्षण इकाई द्वारा संचालित जलागम विकास घटक प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 के प्रचार-प्रसार हेतु वाटरशेड यात्रा अभियान के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बमना, विकास खण्ठ स्वार में प्रभातफेरी, जलकलश यात्रा, वृक्षारोपण कार्यकम, भूमि पूजन एवं जल संरक्षण विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन कर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम-सरकडी के अन्तर्गत तालाब जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण मुख्य अतिथि अध्यक्ष, जिला सहकारी, बैंक लि. मोहनलाल सैनी द्वारा किया गया।

जागरुकता के लिए प्रचार वाहन को अपर जिला अधिकारी हेम सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर जलागम क्षेत्रों हेतु रवाना किया गया। भारत सरकार द्वारा नामित सदस्य प्रशान्त प्रताप सिंह, एक्सपर्ट एन.पी.एम.यू. द्वारा योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यो एवं जागरूकता कार्यकम का अवलोकन किया गया। वाटरशेड यात्रा अभियान में उपस्थित कृषकों एवं क्षेत्र वासियों को जल एवं गांव से निकलने वाले पानी का समुचित प्रयोग कैसे हो, जमीन को अधिक उपजाऊ कैसे बनाए तथा जल, जमीन एवं जंगल के संरक्षण हेतु कृषि विभाग के अधिकारियों, कृषि वैज्ञानिक तथां अन्य वक्ताओं द्वारा जागरुक किया गया।

वाटरशेड अभियान के अन्तर्गत खाद, बीज, कीटनाशी दवायें एवं अन्य स्टॉल सम्बन्धित विभागों और स्वयं सहायता समूह द्वारा स्टॉल लगाकर योजना से होने वाले लाभों से कृषकों/क्षेत्रवासियों को जागरूक किया गया जिससे वह भी लाभ प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक शैलेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी/जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप राणा, भूमि संरक्षण अधिकारी डॉ. भगवत सरन एवं डा. ओ.पी. सिंह सहित ग्राम बमना व अन्य ग्रामों के कृषकों द्वारा अधिक संख्या में प्रतिभाग किया गया।






# कार चालक ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर दो लोगों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**धमोरा/रामपुर।** रामपुर-बरेली हाइवे पर एक कार सवार ने हाइवे पर एक ई-रिक्शा सवार परिवार को टक्कर मार दी। हाईवे पर हुए हादसे में ई रिक्शा में सवार पिता समेत एक पुत्री की मौत हो गई।

साथ ही मृतक ई रिक्शा चालक की पत्नी ओर बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा शुक्रवार की सुबह 9 बजे हुआ है। गंज थाना क्षेत्र के चपटा निवासी शमशाद पेशे से ई-रिक्शा चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। बीते दिन शमशाद अपनी पत्नी रुकसाना और दो बेटी अलीशा (9) वर्षीय और रहेमीन (11) वर्षीय बेटी के साथ अपनी ई-रिक्शा से सवार होकर घटना स्थल के समीप कमोरा गांव में अपने किसी रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। जैसे ही शमशाद की रिक्शा धमोरा बाईपास पर पहुंची तो रामपुर की ओर से आ रही कार ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे शमशाद की रिक्शा परिवार समेत रोड़ किनारे खाई में जाकर पलट गई। जबकि कार चालक कार छोड़कर मौका से फरार हो गया। हादसे में जोर की आवाज होने पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। जिसके बाद हादसे की सूचना पर धमोरा चौकी पुलिस भी पहुंच गई। जिससे हुए हादसे में रिक्शा चालक शमशाद 46 बर्ष व उसकी बेटी रहेमीन 11 बर्ष की मौत हो गई। जबकि मृतक शमशाद की पत्नी रुकसाना और एक बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तीनों मृतकों के शवों को कब्जे में ले लिया और घायल रुकसाना को उपचार के लिए एम्बुलैंस 108 के जरिए जिला अस्पताल भेज दिया। जिसके बाद दोनो मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।



# प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** नगर के डॉक्टर राम बहादुर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में प्रयोगात्मक परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित किया गया। 22 फरवरी को सुबह दस बजे से होगी नगर के बिलासपुर रोड डॉ राम बहादुर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज के प्राचार्य मनोज पटेल ने बताया कि जंतु विज्ञान एम.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर 22 फरवरी को सुबह 10 बजे वनस्पति विज्ञान 23 फरवरी समय 8 बजे प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। परीक्षा से संबंधित छात्र-छात्राएं अपनी सामग्री लेकर समय से विद्यालय पहुंचे।

# काली पट्टी बांधकर अधिवक्ताओं ने जताया विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहाबाद /रामपुर।** शुक्रवार को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने बाहं पर काली पट्टी बांधकर सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम में संशोधन करने का विरोध किया।

बार एसोसिएशन शाहाबाद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष तकरीर रहमान खाँ एडवोकेट व समस्त कार्यकारिणी व बार एसोसिएशन के सदस्यों ने केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 जो कि अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने व वकीलों की सर्वोच्च संस्था को इस अधिनियम में पंगु बनाने की कोशिश की गई है।

काली पट्टी बांधकर विरोध जाहिर किया। दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट सुहेल खान ,महासचिव अनोद शर्मा ,मासूम मियां ,वसीम खान, आनंदपाल सिंह, घनेंद्र यादव, संजीव मिश्रा, तवक्कुल हुसैन, प्रदीप यादव, निधि यादव, संजीव मिश्रा ,अमर सिंह, ताहिर खान, तारिक खान, अशफाक अहमद, कमलबीर सक्सेना, रेहान खान, मोहसिन खान, गौसिया जमाल आशुतोष पाठक आदि आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।



# भाजपा नेता हरिओम मौर्य ने रामलीला का फीता काटकर किया शुभारम्भ



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** स्वार टांडा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरकापुर पट्टी में ऐतिहासिक प्राचीन शिव मंदिर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नौ दिवसीय रामलीला मंचन का नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हरिओम मौर्य के द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर उन्होंने बोलते हुए कहा कि हमें प्रभु राम के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए भगवान श्री राम ने पिता के वचनों का पालन करने के लिए 14 वर्ष बन में बिताए उनके साथ में उनकी पत्नी तथा भाई भी साथ में रहे उन्होंने भी आदर्श स्थापित किया उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार में ऐतिहासिक मंदिरो का विकास एवं जीर्णोद्धार कराया जा रहा है जिसके अंतर्गत इस मंदिर का भी एक करोड रुपए की लागत से विकास कराया जा रहा है।

इस मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, टांडा ग्रामीण मंडल भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरव शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा के जिला कार्यालय प्रभारी मयंक मौर्य रामलीला कमेटी के अध्यक्ष उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष तथा अन्य व्यक्ति एवं काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# स्ट्रांग रूम ने रखी कॉपियों की सुरक्षा में पुलिस तैनात



शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** वर्ष 2025 की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से आयोजित होने वाली है। हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं की कॉपियां आ चुकी हैं। जिनको की स्ट्रांग रूम में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में रखा गया है। शाहबाद के राजकीय इंटर कॉलेज में कॉपियां आ चुकी है जिनकी सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाली पुलिस शाहाबाद के उपनिरीक्षक रमेश चंद्र सहित अन्य पुलिस कर्मी तैनात है।

# वकीलों ने प्रोटेक्शन एक्ट के खिलाफ राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** वकीलों ने प्रोटेक्शन एक्ट के खिलाफ महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन तहसीलदार मिलक के माध्यम से भेजा बार एसोसिएशन मिलक ने एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार के नाम से तहसीलदार सीमा गंगवार के माध्यम से दिया है। जिसमें अधिवक्ताओं ने मांग की अधिवक्ता ब उनके परिवार के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्रावधान किया जाए। परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त कोई समाहित ना किया जाए उनके लोकतांत्रिक स्वरूप को यथावत रखा जाए।

तहसील मिलक के अधिवक्ता विशेष कर बार एसोसिएशन मिलक रामपुर मांग करती है कि प्रदेश की अधिवक्ताओं का दस लाख का मेडिकल क्लेम तथा अधिवक्ता की मृत्यु होने पर दस लाख की बीमा राशि प्रदान की जाए यह पंजीकरण के समय प्रत्येक अधिवक्ता के लिए जा रहे रुपए 500 के स्टांप की राशि प्रादेशिक परिषदों को वापस किए जाएं। राज्य सरकार द्वारा विधिक स्टांप की बिक्री से प्राप्त धनराशि का दो प्रतिशत अधिवक्ताओं की कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च किए जाएं जैसा कि केरल सरकार द्वारा किया जा रहा है।

नियम बनाने का अधिकार पूर्व में जो एडवोकेट एक्ट में प्रावधानित था उसको उसी प्रकार रखा जाए केंद्र सरकार द्वारा रेगुलेशन बनाने की जो बात का गई है उसे तुरंत समाप्त किया जाए।

किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता ना होने के कारण हम अधिवक्ता गण एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 के पूरे संशोधन को निरस्त करते हैं और मांग करते हैं कि तुरंत वापस लिया जाए। अन्यथा अधिवक्ता गण पूरे देश में इस लड़ाई को लड़ने की रणनीति बनाने को बाध्य होंगे। पत्र पर अध्यक्ष उमेश चंद्र सक्सेना, राम राठौर, देवेंद्र गंगवार, विपिन कुमार तिवारी महासचिव, सतीश चंद्र गंगवार पूर्व अध्यक्ष, सोमपाल भारतीय,नोनी राम,धर्मेंद्र सक्सेना आदि अधिवक्ता के नाम है।



# नारेबाजी के साथ अधिवक्ताओं नें एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बार एसोसिएशन शाहाबाद के अधिवक्ताओं ने सरकार द्वारा अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में महा महिम राष्ट्रपति को द्वारा एसडीम ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को बार एसोसिएशन शाहाबाद के अधिवक्ता समय से तहसील पहुंचे नवनिर्वाचित अध्यक्ष तकरीर रहमान खान के नेतृत्व में बैठक की गई उसके बाद अधिवक्ताओं ने एक दूसरे के बाह पर काली पट्टी बाधी और परिसर में अधिवक्ता एकता जिंदाबाद एवं काला कानून वापस लेने के नारे लगाते हुए एसडीएम शाहबाद हिमांशु उपाध्याय को पहले ज्ञापन पढ़कर सुनाया गया उसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सोपा गया इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुहैल खान, महासचिव अनोद शर्मा, मीडिया प्रभारी कमल वीर सक्सेना, निशाहरुद्दीन, सत्यवीर सिंह, अमर सिंह, ताहिर खान, संजीव श्रीवास्तव ,मुनेश यादव, मासूम मियां, गौसिया जमाल ,रेहान खान, मोहसिन खान ,बृजपाल सिंह यादव ,प्रदीप यादव, जमीर बेग, आशुतोष पाठक, अशफाक अहमद, प्रमोद कुमार जौहरी, आनंदपाल सिंह , शुजाउल मियां, निधि यादव, सत्येंद्र यादव, घनेंद्र यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# एक ही घर में हांडी में बैठे निकले 10 सांप देख मजदूरों के उड़े होश

शाह टाइम्स संवाददाता

**पटवाई/रामपुर।** शुक्रवार को मकान की सफाई करने के दौरान एक ही हांडी में बैठे 10 सांप को देखकर मकान में काम कर रहे छह मजदूरों के होश उड़ गए आनंन फानन मजदूर मकान छोड़कर बाहर भाग निकले और मकान मालिक को फोन कर सूचना दी। सूचना पर मकान मालिक मोहम्मद हसनैन मोके पर पहुंचे और उन्होंने वन विभाग को फोन किया सूचना पर वन विभाग से सजन बहादुर सिंह और बेचू सहित एक अन्य वनकर्मी मौके पर पहुंचे और बड़ी मशक्कत के बाद सांपों को पकड़ा गया।

मकान मालिक मोहम्मद हसनैन ने बताया कि वह अली नगर के रहने वाले हैं और उन्होंने 6 , 7 साल पहले अपना मकान मढ़ियाँन बल्लू में बनाया था जिसमें प्लास्टर नहीं कराया था अब उन्होंने प्लास्टर कराने के लिए 6 मजदूर वहां भेजे थे मजदूरों ने उन्हें बताया कि पहले तो मिट्टी हिलती देखी पास जाकर देखा तो सांपों के फुस्कारों की आवाज आ रही थी।

मिट्टी को हटाया तो उसके नीचे हांडी थी हांडी को हिलाया तो 10 काले और लंबे सांप हांडी से बाहर आ गए। सबसे बड़े सांप की लंबाई 11 फीट उससे छोटे लंबा सांप की लंबाई 9 फीट थी बाकी सभी सात-सात फीट लंबे सांप थे। वन विभाग से आई टीम 11 फीट वाले सांप को स्वयं नाप कर देखा था। सांप निकालने की सूचना पर आसपास के ग्रामीणों का वहां जमघट लग गया। वन विभाग से आई टीम सांपों को पड़कर अपने साथ ले गई।



# आधार संशोधन की एडवांस बुकिंग में जनवरी-फरवरी फुल

## समाजसेवी ने की शीघ्र अतिरिक्त सेंटरों की मांग




शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को समाजसेवी एवं कांग्रेसी नेता शाजमान आर्यन ने जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह से शाहबाद में अतिरिक्त आधार का कार्ड संशोधन केंद्र की मांग की है। समाजसेवी ने बताया कि शाहबाद स्थित डाकखाने पर आधार कार्ड में संशोधन के लिए लंबी-लंबी लाइन लग रही हैं डाकखाने में लटके बोर्ड पर साफ-साफ लिखा हुआ है की जनवरी-फरवरी के टोकन बांट दिए गए हैं। मार्च के लिए टोकिन कब बटेंगे पूछने पर डाकखाने में तैनात कर्मचारी बताते हैं मार्च के लिए टोकन कब बाटेंगे समय आने पर वह भी बता दिया जाएगा। शाजमान आर्यन ने सरकार से मांग की है कि तहसील में काम से कम तीन या चार तो आधार संशोधन केंद्र होना चाहिए जिससे आम जनता को राहत प्राप्त हो सके।

# आज होगी नामांकन पत्रों की बिक्री




शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** यूथ बार एसोसिएशन शाहाबाद वर्ष 2025 की नवीन कार्यकारिणी के लिए शनिवार से नामंकन पत्रों की बिक्री होगी। चुनाव अधिकारी एडवोकेट अकरम अली ने बताया कि नामांकन पत्रों की बिक्री शनिवार से प्रात: 11 से 3 बजे तक दो दिन रहेगी आज से नामांकन पत्रों की बिक्री होना थी लेकिन बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अधिवक्ता न्याय कार्य से विरत रहे थे इसलिए शनिवार और सोमवार को नामांकन पत्रों की बिक्री होगी।

# तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने के आरोप में एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**पटवाई/रामपुर।** पीड़िता की तहरीर पर एसपी ने किया मुकदमा दर्ज करने का आदेश।

पटवाई पुलिस ने आरोपी विमल के खिलाफ तमंचे के बल पर दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति फैक्ट्री में काम करता है।

वह घर पर छोटे बच्चों के साथ अकेली रहती है आए दिन आरोपी विमल उस पर छींटा कशी करके छेड़खानी करता है और अश्लील फब्तियां कसता है। पीड़िता लोक लाज की वजह से किसी से भी नहीं कहती थी लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आता ।पीड़ित के मोबाइल पर भी बार बार कॉल करता और पीड़िता को परेशान करता है।

बीते 30 जनवरी को पीड़ित का पति फैक्ट्री कम पर गया हुआ था तभी आरोपियों उसके घर में घुस आया और तमंचे के बल पर उसके साथ दुष्कर्म किया और साथ ही उसकी वीडियो भी बनाई जिसको वायरल करने की धमकी देता है पटवाई पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मारपीट में दो घायल, रेफर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को कोतवाली क्षेत्र गांव टांडा के रहने वाले सूरजपाल पुत्र मुकुट लाल व 40 वर्षीय शिवानी देवी पत्नी सूरजपाल व अन्य में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया पारिवारिक झगड़े में सूरज पाल व शिवानी घायल हो गए परिजन आनंन फानन दोनों घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचे जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# एडवोकेट एक्ट में संशोधन के खिलाफ गरजे वकील
## स्वार में वकीलों ने काली पट्टी बांधकर अमेंडमेंट बिल का जताया विरोध

■ धरना, प्रदर्शन और कार्य से विरत रहकर जताया जोरदार विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को बड़ी संख्या में वकीलों ने धरना प्रदर्शन / हडताल की। वकीलों ने एडवोकेट एक्ट में संशोधन बिल के खिलाफ आज काला दिवस घोषित किया और सभी तहसील सदर के वकीलों ने काली पट्टी बांधकर इसका विरोध किया। सभी वकील और दस्तावेज लेखकों ने अपने-अपने चैम्बरों पर निबंधन कार्य बंद रखा और साथ में मिलकर जोरदार विरोध किया। साथ ही एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर को दिया गया। इस धरना विरोध प्रदर्शन में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट सतनाम सिंह मट्टू, एडवोकेट महासचिव रईस अहमद, भरत पूठिया एडवोकेट, दिलशाद हसन एडवोकेट, शबी मियां एडवोकेट, आमिर एडवोकेट, राजकुमार एडवोकेट, मोहम्मद ताहिर एडवोकेट, अभिषेक सक्सेना एडवोकेट, शहजाद एडवोकेट, मुख्तार अहमद एडवोकेट, अमित नोटियाल एडवोकेट, भूरा अली एडवोकेट, रूखसार एडवोकेट, कृष्ण कुमार गुप्ता एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



रामपुर। संशोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन करते अधिवक्तागण।



स्वार। एडवोकेट एक्ट में संशोधन बिल के खिलाफ प्रदर्शन करते वकील।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 में संशोधन को लेकर वकीलों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वकीलों ने हाथों में काली पट्टी बांध कर बिल संशोधन का विरोध जताते हुए न्यायिक कार्य नहीं किया।

वकीलों ने विधि मंत्रालय द्वारा तैयार ड्राफ्ट पर आपत्ति जताई है। शुक्रवार को बार वेलफेयर एसोसिएशन और सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकीलों ने बैठक कर एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 को वकीलों की स्वतंत्रता निष्पक्षता एवं निर्भीक वकालत पर कुठाराघात बताया है। जिसके विरोध में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर वकीलों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर हड़ताल पर रहने का निर्णय लिया। बाद में वकीलों ने विधि मंत्रालय द्वारा एडवोकेट एक्ट 1961 में संशोधन के लिए तैयार ड्राफ्ट पर आपत्ति जताते हुए संशोधित धारा 35 । और 49 । (1) पर विरोध जताते हुए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम अमन देओल के कार्यालय पर नायब नाजिर को सौपा गया। इस दौरान बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ गौस्वामी, सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह संधू, एल्डर कमेटी के चेयरमैन इरशाद अहमद, राशिद अली गौस, पंकज कुमार जोशी, ताहिर हसन खां, दिलीप कुमार अरोरा, मोहम्मद जुनैद, सिराज अहमद, अय्यूब अहमद, राशिद खां, जावेद अख्तर, रफीक अहमद, मुमताज मियाँ, हैसाम खां, मतलूब खां, मेहरबान अली, नौशादआलम, आसिफअंसारी, सलीम अहमद, अफसर अली, सन्दीप सिंह, बृज किशोर दिवाकर, कमल सिंह, चंद्रपाल सिंह सागर, सुंदर लाल, हरस्वरूप सिंह, महेंद्र सिंह सागर, इरफान अहमद, प्रशान्त गौस्वामी,अजहर खां, सलीम अहमद, आरिफअहमद, शादाब अहमद, महीपाल सिंह आदि वकील मौजूद रहे।

# नगर पालिका टीम ने चलाया अतिक्रमण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टांडा/रामपुर।** नगर टांडा में अभियान के बाद पुनः सामान रख रहें दुकानदार नगर पालिका की टीम ने हटबाया।

बढ़ते अतिक्रमण से लगने बाले जाम की समस्या को देखते हुए नगर पालिका की टीम ने शुक्रवार को जिलाधिकारी के आदेश पर ईओ पुनीत कुमार के निर्देशन में मुख्य सदर बाजार में हो रहें अतिक्रमण को जेसीबी से हटवाया और अतिक्रमण करने पर कड़ी चेतावनी दी है। शुक्रवार को ईओ पुनीत कुमार के निर्देशन में मुख्य मार्ग के किनारें हो रहें अतिक्रमण को अभियान के माध्यम से दुकानदार, फड़, ठेला स्वामियों को समझाकर अतिक्रमण हटबाया, इसी दौरान नगर पालिका की टीम को देखकर दुकान स्वामियों ने अपना सामान हटा दिया। उधर नगर पालिका की टीम ने ठेला, फड़ स्वामियों, दुक. ानदारों, बाइक अथवा चार पहिया वाहन स्वामियों को अतिक्रमण न करने चेतावनी दी, ऐसा करने पर जुर्माने की चेतावनी दी गई है। नगर पालिका की टीम के अभियान चलाए के बाद से अतिक्रमण कारी पुनः अपना सामान रख लेते है। जिससे नपा की टीम द्वारा चलाया जा रहा अभियान का असर नहीं हो पाता। उधर मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति बन जाने से सभी को परेशानी होती है। उधर अतिक्रमण कारी नगर पालिका के द्वारा चलाये जा रहें अभियान को फ्लॉप करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहें। नगर पालिका ईओ पुनीत कुमार द्वारा अपने संदेश में कहा गया कि जो भी मार्ग के किनारें अथवा दुकानों के आगे जानबूझकर अतिक्रमण कर मार्ग को संकुचित करेगा। उस पर जुर्माने की कार्रवाई की जॉयेगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा चलाये जा रहें अतिक्रमण हटाओ अभियान में पालिका का सहयोग करें। अभियान के दौरान बड़े बाबू धनीराम , शुभम, पंजीराम, पप्पू, अमित, मुकेश, रउफ, अक्कू आदि मौजूद रहे।



■ मुख्य मार्ग के किनारें हो रहे अतिक्रमण को अभियान के माध्यम से दुकानदार, फड़, ठेला स्वामियों को समझाकर अतिक्रमण हटवाया गया।

## भाजपा सरकार में अधिकारी बेलगाम भ्रष्टाचार चरम पर: गजेन्द्र सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी की एक मीटिंग इंडस्ट्रियल एरिया मोहल्ला अजीतपुर रामपुर में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए करते हुए मंडल कोऑर्डिनेटर मुरादाबाद गजेंद्र सिंह ने कहा कि जिले में सभी केडर कैम्प से किए जाएं हर विधानसभा स्तर पर जो सूची बनाई है उसे अनुसार कैडर लगाए जाएं तथा सेक्टर के अनुसार जो पदाधिकारी निष्क्रिय हो उन्हें हटाकर कर्मठ और मेहनती कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर सेक्टरों को दुरुस्त करें।

आगे कहां के आने वाला समय बहुजन समाज पार्टी का है क्षेत्र में जाकर पार्टी द्वारा किए गए विकास कार्य को जनता के बीच बताएं उन्होंने कहा कि जब बसपा की सरकार थी अधिकारी कर्मचारी समय से ऑफिस में बैठकर जनता की समस्या सुनते थे और उनका निराकरण करते थे। आगे कहा कि भाजपा के शासन में कर्मचारी अधिकारी बेलगाम है भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है आगे कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में बसपा अपना परचम लहराएगी इस अवसर पर मंडल कोऑर्डिनेटर मुरादाबाद राजेश प्रकाश सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि बसपा के सुशासन को जनता आज भी याद कर रही है बसपा ने तमाम आईटीआई जी टी आई और यूनिवर्सिटी खुलवाकर शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान किया सरकारी नौकरियों में भर्ती कर ईमानदारी से बेरोजगारों को रोजगार दिया। इस अवसर पर मौजूद रहे, जिला प्रभारी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर एडवोकेट, जिला अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश बौद्ध, जिला उपाध्यक्ष हबीबुल रहमान, जिला महासचिव रमेश श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष अखिलेश गुप्ता, सरजू भास्कर, टिल्लू प्रधान, दीपक कुमार सहगल,आदि लोग उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ के बस्तर राजघराने में 135 वर्षों बाद ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने रामपुर के नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर राजघराने में 135 वर्षों बाद ऐतिहा. सिक क्षण आया, जिसके साक्षी रामपुर के अंतिम शासक नवाब रजा अली खां के पौत्र पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां भी बने हैं। बस्तर के महाराजा कमलचंद्र भंजदेव का विवाह आज मध्यप्रदेश के किला नागौद राजघराने की राजकुमारी भुवनेश्वरी कुमारी के साथ सम्पन्न हुआ। इस मौके पर नवाब रामपुर के अलावा देशभर के 100 से अधिक राजघरानों के प्रतिनिधि, राजनीतिक हस्तियां और विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।

पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खान उर्फ नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खान ने बताया कि बस्तर के महाराजा कमलचंद्र भंजदेव का विवाह मध्यप्रदेश के किला नागौद राजघराने की राजकुमारी भुवनेश्वरी कुमारी के साथ हुआ है। बस्तर राज. महल में गद्दी पर आसीन किसी राजा की पांच पीढ़ियों के बाद ऐतिहासिक शादी राज महल में हुई है। बस्तर राजघराने में आखिरी शादी साल 1918 में महाराजा रुद्रप्रताप देव की हुई थी। इसके बाद राजगद्दी पर बैठे किसी भी राजा का विवाह बस्तर राजमहल में नहीं हुआ। यहां 135 वर्षों बाद बारात निकली है, जबकि 107 साल बाद गद्दी पर आसीन किसी राजा का विवाह राजमहल में हो रहा है।



महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव का विवाह साल 1961 में दिल्ली में, विजय चंद्र भंजदेव का विवाह 1954 में गुजरात में और भरतचंद्र भंजदेव का विवाह भी गुजरात में हुआ था। अब पांच पीढ़ियों के बाद पहली बार बस्तर राजमहल में शाही शादी हो रही है । 135 वर्षों बाद राजमहल से बुधवार को शाही बारात निकली। वर बने महाराजा कमलचंद्र भंजदेव हाथी पर सवार होकर नगर में निकले, इस बारात में ऊंट, घोड़े चल रहे थे। यहां बड़ी संख्या में बस्तरवासी मौजूद थे, जो शाही बारात के गवाह बने। 20 फरवरी की शाम राजमहल से बारात एअरपोर्ट तक निकली। अंतिम बार साल 1890 में महाराजा रुद्रप्रताप देव की बारात निकली थी। साल 1923 में महारानी प्रफुल्ल कुमारी देवी की शादी भी बस्तर राजमहल में हुई थी, लेकिन तब बारात नहीं निकली थी। अब 20 फरवरी को महाराजा कमलचंद्र भंजदेव की बारात राजमहल से निकली, जो जगदलपुर से एयरपोर्ट से चार्टर्ड प्लेन से किला नागौद गई। बारात के लिए तीन विशेष चार्टर्ड प्लेन बुक किए गए, जो बारातियों को लेकर मध्यप्रदेश के नागौद स्थित एयरपोर्ट तक पहुंचे। काशिफ खान ने बताया कि साल 1890 में निर्मित बस्तर राजमहल को इस ऐतिहासिक विवाह के लिए विशेष रूप से सजाया गयास पूरे महल को रंगबि. रंगी रोशनी और पारंपरिक शाही अंदाज में संवारा गया स देश-विदेश से खास फूलों की व्यवस्था की गईस पांच दिनों की शाही शादी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक भी देखने को मिलीस समारोह को यादगार बनाने के लिए हर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। देशभर की लोक कलाओं और सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की गई। बस्तर की समृद्ध परंपराओं को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। काशिफ खान ने बताया कि बस्तर राजपरिवार की कुल देवी मां दंतेश्वरी का छत्र और छड़ी पहली बार किसी विवाह समारोह में शामिल हुईं। यह छत्र और छड़ी साल में केवल दो बार बस्तर दशहरा और फागुन मड़ई के दौरान ही बाहर निकाले जाते हैंस मां दंतेश्वरी का छत्र और छड़ी जगदल. पुर लाया गयास राज परिवार के सदस्यों से पूरे रीति रिवाज से पूजन किया और मां दंतेश्वरी का छत्र और छड़ी को वापस दंतेवाड़ा रवाना कर दिया गया। दंतेवाड़ा मंदिर के मुख्य पुजारी परमेश्वर नाथ जीया के अनुसार मां दंतेश्वरी का छत्र और छड़ी विवाह के लिए पहली बार मंदिर से बाहर निकलीस छत्र और छड़ी को जवानों के सुरक्षा घेरे में विशेष सलामी दी गई और वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत पूरे सम्मान के साथ वापस दंतेवाड़ा भेजा गया। नागौद में आयोजित भव्य विवाह समारोह में रामपुर के नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां समेत देशभर के प्रतिष्ठित राजघरानों के सदस्य शामिल हुए।





बस्तर के महाराजा कमलचंद्र भंजदेव का शुभ विवाह मध्यप्रदेश के नागौद राजघराने की राजकुमारी भुवनेश्वरी कुमारी के साथ सम्पन्न हुआ, शादी में नवाब रामपुर के अलावा देशभर के 100 से अधिक राजघरानों के प्रतिनिधि, राजनीतिक हस्तियां और विशिष्ट अतिथि शामिल हुए।

## पुरानी रंजिश को लेकर महिला के साथ की मारपीट रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** गुरुवार को पटवाई थाना क्षेत्र के मुड़िया खेड़ा गांव की रहने वाली महिला सोम. वती ने थाना पटवाई में तहरीर देते हुए बताया है कि पुरानी रंजिस को लेकर उसके गांव के ही रहने राजू,बबलू,मुकेश, व वीरसिंह, चरंजीलाल यह सब लोंगो ने मिलकर महिला के साथ गंदी गंदी गाली दी व लाठी डंडा व लातो घूंसो से मारा पीटा व जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए महिला ने थाना पटवाई में उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को लेकर थाने में प्रार्थना पत्र दिया है पुलिस ने भी रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## सरकारी विद्यालय देख गदगद हुए सांसद मोहिबुल्लाह नदवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्वार/रामपुर।** शुक्रवार सरकारी विद्यालयों की दिशा और दशा सुधारने के लिए सरकार भरसक प्रयास कर रही है। चाहे सरकारी विद्यालय में मूलभूत सुविधाएं जैसे फर्नीचर, स्मार्ट टीवी, लाइट, टयालीकारण दिव्यांग शौचालय, फर्श, साफ पानी और साफ स्वच्छ टॉयलेट की व्यवस्था हो या गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हो सभी क्षेत्रों में सुधार के प्रयास किया जा रहे हैं जिससे ग्रामीण अंचलों के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा गांव में ही उपलब्ध हो पाए और उन्हें बड़े शहरों का मुंह ताकना ना पड़े।

सरकार के इन्हीं प्रयासों का जीता जाता उदाहरण सांसद मोहिबुल्लाह नदवी का सैदनगर ब्लॉक के सरक. ारी स्कूल प्राथमिक विद्यालय लाल. पुर कला में देखने को मिला।

सांसद महोबुल्लाह नदवी एक दिवसीय दौरे पर सैदनगर के ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण कर रहे थे एवं सरक. ारी योजनाओं के क्रियान्वयन की भौतिक स्थिति का जायजा ले रहे थे कि अचानक उनकी नजर लालपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय लाल. पुर कला पर पड़ी।सांसद बिना किसी पूर्व योजना एवं सूचना के अनान्यास ही अपने समर्थकों के साथ विद्यालय के अंदर चले गए जहां पहुंचकर उनके आश्चर्य का ठिकाना ना रहा उन्होंने कहा कि मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि एक सरकारी विद्यालय का स्तर इतना अच्छा होगा कि वहां भौतिक एवं शैक्षिक वातावरण शिक्षा के अनुक. ूल एवं शिक्षा अधिकार अधिनियम के निर्देशों के अनुसार होगी।

साथ ही उन्होंने कक्षा में जाकर बच्चों के शैक्षिक स्तर को एवं विद्यालय में संचालित होने वाली विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शबनम आरा को सर्वप्रथम उन्होंने विद्यालय के इतने कुशल संचालन के लिए मुबारकबाद दी एवं प्रशंसा करते हुए उनसे पूछा कि आपके विद्यालय में इतना अच्छा शैक्षिक वातावरण कैसे है ? आपका विद्यालय ऐसा प्रतीत होता है जैसे कोई प्राइवेट स्कूल हो। इसका जवाब देते हुए प्रधान अध्यापिका ने कहा कि शासन द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता, सामूहिक सहभागिता, अभिभावकों के सहयोग एवं विद्यालय स्टाफ के पूर्ण सहयोग के कारण हम विद्यालय का सफल संचालन एवं बच्चों के शैक्षिक उन्नयन में सफलता प्राप्त कर पा रहे हैं। अंत में संसद ने पुनः विद्यालय के समस्त स्टाफ को मुबा. रकबाद देते हुए यह आशा जताई कि आपके विद्यालय से जनपद के सभी विद्यालय प्रेरित होंगे।



स्वार। सरकारी स्कूल का निरीक्षण करते सांसद मोहिबुल्लाह नदवी

## पुरानी रंजिश के चलते थाने में दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार रात्रि थाना शाहबाद जनपद रामपुर के ग्राम मीरापुर के रहने वाले बंटी पुत्र देवेंद्र थाना शाहबाद में तहरीर देते हुए गांव के ही दो व्यक्तियों पर आरोप लगाया है कि वह अपने परिवार के साथ पड़ोस के ही गांव शाहपुर देव मैं विवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था कि इस बीच मेरी पत्नी सुमन घर पर अकेली थी रात्रि में गांव के ही विनोद, सुनैश, चोरी की नीयत से मेरे घर में घुस गये मेरी पत्नी ने दोनों को पहचान लिया। जैसे ही सुमन ने शोर मचाने का प्रयास किया दोनों भाई मेरी पत्नी के ईंट मार कर भाग गए। विनोद और सुनेश से हमारा पुराना विवाद चल रहा है उसके चलते हमें गालियां व धमकाते रहते हैं।

## विधायक ने सदन में दढ़ियाल अंत्येष्टि स्थल का उठाया मुद्दा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**स्वार/रामपुर।** नगर पंचायत दढ़ियाल में आधुनिक अंत्येष्टि स्थल के नवनिर्माण कराये जाने की मांग करते हुए विधायक प्रतिनिधि इकराम अंसारी और रोहतास सिंह चौहान ने क्षेत्रीय विधायक को पत्र सौंपा जिसे विधायक शफीक अहमद अंसारी ने प्रमुखता से सदन के समक्ष पेश कर दिया है।विधायक शफीक अहमद अंसारी विकास और लेकर अधिक चिंतित रहते हैं जिसके कारण क्षेत्रीय जनता उनसे और अधिक अपेक्षा रखती है। दो दिन पहले ही विधायक शफीक अहमद अंसारी ने क्षेत्र के विकास को लेकर सदन में अपने विचार व्यक्त किये थे। नगर पंचायत निवासी विधायक प्रतिनिधि इकराम अंसारी और रोहतास सिंह चौहान ने अपने पत्र में कहा कि नगर पंचायत दढ़ियाल घनी आबादी का क्षेत्र है और लगभग 80 गाँव इसके आसपास बसे हैं लेकिन अंत्येष्टि स्थल काफी पुराना बना है समय समय पर अक्सर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। क्षेत्रीय विकास में अंत्येष्टि स्थल का नव निर्माण कराए जाने की मांग की है। जिसे विधायक शफीक अहमद अंसारी ने सदन में प्रस्तुत किया है।



विधायक शफीक अहमद अंसारी

## लेखपाल पर विरासत दर्ज करने के बदले में रिश्वत मांगने का आरोप

■ आरोप लेखपाल ने विरासत दर्ज करने के लिए 29 हजार रुपये की मांग कर डाली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के-अंतर्गत चौकोनी गांव निवासी धनी पाल पुत्र गोपाल ने उक्त गांव के हल्का लेखपाल लखविंदर सिंह से विरासत दर्ज करने के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने विरासत दर्ज करने के संबंध में हल्का लेखपाल से बात की तो लेखपाल ने विरासत दर्ज करने के 29000 रुपए की मांग कर डाली। भ्रष्ट लेखपाल ने कॉल रिकॉर्डिंग में यह तो स्पष्ट कर दिया है की रिश्वत की बात है। लेखपाल ने पीड़ित से कहा कि पहले 15000 देने होंगे उसके बाद सारे रुपए देने होंगे तब विरासत दर्ज के लिए रिपोर्ट लगाई जाएगी। आरोप है।इसी हल्का लेखपाल ने 2021 से लेकर अब तक जनसुनवाई पोर्टल पर झूठी एवं फर्जी रिपोर्ट लगाई गई है। जिसके प्रिंट पीड़ित के पास अभी तक मौजूद हैं। पीड़ित ने ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई एवं विभागीय जांच कराने की मांग की है।

## इंजन चोरी में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** गुरुवार को पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम नरखेड़ा के रहने वाले सुरजीत सिंह ने थाना पटवाई में तहरीर देते हुए बताया है कि प्रार्थी के खेत पर पानी वाला इंजन लगा हुआ था दो फरवरी 2025 को रात्रि में अज्ञात व्यक्ति द्वारा इंजन चुरा लिया था प्रार्थी ने काफी खोजबीन की परंतु इंजन नहीं मिला प्रार्थी ने पांच फरवरी को थाना पटवाई में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की प्रार्थी ने दोबारा बीस फरवरी को थाना पटवाई प्रार्थना पत्र दिया जिसमें पटवाई पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर है।

## राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक. दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कैंप कार्यालय शौकत अली मार्ग नियुक्त किड्स केयर स्कूल शाहाबाद गेट में राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में प्रदेश सचिव मोहम्मद सिराज क्षेत्रीय महासचिव मुशाहिद हुसैन युवा नेता राष्ट्रीय लोक दल मोहम्मद रेहान मोहम्मद नोमान मो. हसिन नाना और कई कार्यकर्ता मौजूद रहे बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया क्योंकि राष्ट्रीय लो. कदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1998 करोड़ की घोषणा की गई है जो सराहनीय कदम है हम राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के सभी कार्यकर्ता योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश का दिल से धन्यवाद करते हैं क्योंकि हमारे राष्ट्रीय लोक दल के सभी सांसद विधायक मंत्री और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी द्वारा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का भला करने का कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय लोकदल एक ऐसा संगठन है जिसमें सभी समाज की बात होती है इसी बात को लेकर आज कैम्प कार्यालय पर मीटिंग को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मद उस्मान बबलू द्वारा पूरे जिले के कार्यकर्ताओं को अवगत कराया है। कि हर महीने की 1 तारीख को राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की मासिक मीटिंग की।



## बलवे का आरोप में नामजद दो युवकों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** पट्टी कला के गांव घोसीपुरा में पांच माह पूर्व बलवा करने का आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दोनों लोग काफी दिनों से मुकदमे में वांछित चल रहे थे और पुलिस को गच्चा देकर फरार चल रहे थे। गौर तलब है कि पिछले वर्ष सितंबर माह में घोसीपुरा के दो परीवारो में किसी मामले को लेकर संघर्ष हो गया था जिसमें कई लोग घायल हुए थे खुलेआम धारदार हथियारों और तमंचे का प्रदर्शन हुआ था जिसमें दोनों पक्षों की ओर से स्वार कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। गुरुवार की देर रात पुलिस ने छापे मार करवाई कर मिलक नोखरीद ओवर ब्रिज के नीचे से गांव घोसीपुरा निवासी शाहरुख पुत्र अफसर अली, इमरान पुत्र शरीफ अहमद निवासी घोसीपुरा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया।





# द. अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 107 रनों से हराया

- रायन रिकलटन ने 103 रनों की शतकीय पारी खेली, रबाडा ने तीन विकेट हासिल किए

**कराची, वार्ता।** रायन रिकलटन (103) की शतकीय, कप्तान तेम्बा बवूमा (58), एडन मारक्रम (नाबाद 52) रासी वान दर दुसें (52) की अर्द्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को चैंपियंस ट्रॉफी के तीसरे मैच में अफगानिस्तान को 107 रनों से हरा दिया।

316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 50 रन के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। रहमानउल्लाह गुरबाज (10), इब्राहिम जदरान (17), सेदिकुल्लाह अटल (16) और हशमतउल्लाह शहीदी (शून्य) पर आउट हुए। इस दौरान रहमत शाह एक छोर थामे रन बनाते रहे। आलम यह रहा कि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे अफगानिस्तान के विकेट अंतराल पर गिरते रहे। अजमतउल्लाह ओमरजई (18) को कगिसो रबाड़ा ने आउट किया। मोहम्मद नबी (आठ) को यानसन ने अपना शिकार बनाया। गुलब. दीन नईब (13) और राशिद खान (18) रन बनाकर आउट हुए। 43 ओवर की तीसरी गेंद पर कगिसो रबाड़ा ने रहमत शाह को आउटकर अफगानिस्तान की पारी का 208 के स्कोर पर अंत कर दिया। रहमत शाह ने अफगानिस्तान के लिए 92 गेंदों में नौ चौके और एक छक्का लगाते हुए (90) की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने तीन विकेट लिए। वियान मुल्डर और लुंगी एन्गिडी ने दो-दो विकेट लिए। यानसन, और केशव महाराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बवूमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 28 के स्कोर पर टोनी डीजार्जी (11) का विकेट गवां दिया। उन्हें मोहम्मद नबी ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान बवूमा ने रायन के साथ पारी को संभाला।



खेल विशेष

## BSF ने बॉर्डरमेन 'मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का किया आयोजन

**अमृतसर, वार्ता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) आगामी 23 फरवरी को अमृतसर में 'बॉर्डरमेन मैराथन 2025' के चौथे संस्करण का आयोजन करने जा रही है। 'हैंड इन हैंड विद वॉर्डर पॉपुलेशन' थीम के आधार पर यह मैराथन न केवल एक खेल आयोजन है, बल्कि सीमावर्ती युवाओं को सशक्त बनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। बीएसएफ ने शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि इस भव्य आयोजन की गरिमा को बढ़ाने के लिए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। वर्ष 2022 से आरंभ हुई यह वार्षिक मैराथन, जो एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित की जाती है, हर वर्ष अपनी भव्यता और लोकप्रियता में वृद्धि कर रही है। इस वर्ष, यह आयोजन और भी विशाल होने जा रहा है, जिसमें 5200 से अधिक धावक भाग ले रहे हैं, जिनमें भारत के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय पेशेवर एथलीट भी शामिल हैं। पंजाब के छह सीमावर्ती जिलों के युवाओं की बढ़ती भागीदारी इस मैराथन की सफलता और महत्व को और भी मजबूत बनाती है। इस मैराथन में फुल मैराथन (42.195 किमी), हाफ मैराथन (21.097 किमी) और 10 किमी दौड़ जैसी प्रमुख श्रेणियां शामिल हैं, जो अनुभवी एथलीटों और शौकिया धावकों, दोनों के लिए एक बेहतरीन अवसर प्रदान करती हैं। इस वर्ष विशेष रूप से महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए, बीएसएफ ने सभी श्रेणियों में महिलाओं के लिए निष्शुल्क पंजीकरण की घोषणा की है, जिससे उनकी भागीदारी को और अधिक बढ़ावा मिलेगा। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त यह मैराथन गोल्डन गेट, अमृतसर से जेसीपी अटारी तक के खूबसूरत और ऐतिहासिक मार्ग पर आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न आयु वर्गों (पुरुष और महिला, 40 वर्ष से कम व अधिक) के प्रतिभागी शामिल होंगे, जिसमें प्रथम आने

भारत-पाक महामुकाबला

## हम भारत से कमजोर हैं: अफरीदी

- मैच से पहले बोले शाहिद अफरीदी, कहा: हमारे पास खिलाड़ी कंसिस्टेंट नहीं हैं

**दुबई, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को महामुकाबला खेला जाना है। इस मैच को लेकर फैंस बेहद उत्साहित हैं। मुकाबले से पहले ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें शाहिद अफरीदी, युवराज सिंह, इंजमाम उल हक और नवजोत सिंह सिद्धू जैसे दिग्गज शामिल हुए। इस दौरान अफरीदी ने भारत की तुलना में अपनी टीम को कमजोर बताया है। उन्होंने कहा है कि उनके खिलाड़ी कंसिस्टेंट नहीं हैं। अफरीदी ने कहा हाँ अगर हम मैच-विजेताओं के बारे में बात करते हैं, तो मैं कहूंगा कि भारत के पास पाकिस्तान की तुलना में अधिक मैच-विजेता हैं। एक मैच-विजेता वह है जो अकेले दम पर खेल जीतना जानता हो। अभी हमारे पास पाकिस्तान में ऐसे



खिलाड़ी नहीं हैं। भारत की ताकत उसके मध्य और निचले क्रम के खिलाड़ी हैं, जो उन्हें मैच जिता रहे हैं। लंबे समय से हम खिलाड़ियों को मौके दे रहे हैं, लेकिन कोई भी लगातार आगे नहीं बढ़ पाया है। कुछ ने कुछ मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन हमारे पास ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो लगातार ऐसा कर सकें। उन्होंने अपने प्रदर्शन को एक या दो साल या 50-60 मैचों तक कायम रखा। यहीं पर हम भारत की तुलना में थोड़े कमजोर हैं, जो इस क्षेत्र में बहुत मजबूत है। लेकिन भारत के खिलाफ जीत की कुंजी सामूहिक प्रदर्शन है। चाहे वह बल्लेबाज हों, गेंदबाज हों या स्पिनर हों, हर किसी का योगदान महत्वपूर्ण है। अफरीदी ने कहा कि एक कप्तान के रूप में रिजवान को दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित करना होगा। यह बहुत महत्वपूर्ण है। उन्हें हर मैच में प्रदर्शन करना होगा और उनका रवैया, शारीरिक भाषा और नेतृत्व बहुत मायने रखता है। एक कप्तान होने के नाते प्रशंसा और आलोचना समान मात्र में मिलती है। उनका प्रदर्शन महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि वह टीम को एक साथ रखने वाले गोंद है। वह सभी के साथ समान व्यवहार करते हैं, वह एक जुझारू खिलाड़ी हैं और मैदान पर उनकी ऊर्जा शानदार है।

## केरल-विदर्भ रणजी के फाइनल में

- गुजरात पर दो रन की बढ़त के आधार पर केरल को व मुंबई को 80 रन से हराकर विदर्भ फाइनल में पहुंची

**अहमदाबाद, वार्ता।** आदित्य सरवटे और जलज सक्सेना (चार-चार विकेट) की शानदार गें. दबाजी की बदौलत केरल और गुजरात के बीच खेला गया पहला सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को ड्रा रहा और केरल ने पहली पारी में मिली दो रनों की मामूली बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में जगह पक्की कर ली है।

गुजरात ने कल के सात विकेट पर 429 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में सरवटे ने जयमीत पटेल (78) को मोहम्मद अजहरूद्दीन के हाथों स्टंप करवाकर केरल को 436 के स्कोर पर आठवीं सफलता दिलाई। इसके बाद सरवटे ने सिद्धार्थ देसाई (30) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। अरजान नागवासवाला (10) भी सरवटे का शिकार बने। केरल के गेंदबाजों ने गुजरात की पूरी टीम 174-4 ओवर में 455 के स्कोर पर समेट कर दो रनों की बढ़त ले ली। केरल की ओर से आदित्य सरवटे और जलज सक्सेना (चार-चार विकेट) लिए।

एम डी निधीष और एनपी बासिल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी केरल ने अपने दो विकेट 32 के स्कोर पर गवां दिए। अक्षय चंद्रन (नौ), वरुण नयनार (एक) रन बनाकर आउट हुए। सिद्धार्थ देसाई ने रोहन कुन्नुमल (32) को आउटकर केरल को तीसरा झटका दिया। केरल का चौथा विकेट सचिन बेबी (10) रन के रूप में गिरा। मैच को ड्रा घोषित किये जाने के समय केरल का दूसरी पारी में स्कोर चार विकेट पर 114 रन था। गुजरात की ओर से सिद्धार्थ देसाई और मनन हिंगराजिया को दो-दो विकेट मिले। उल्लेखनीय है कि केरल ने पहली पारी में 457 का स्कोर खड़ा किया था। रणजी ट्रॉफी का फाइनल मैच केरल और विदर्भ के बीच होगा।

**विदर्भ**-हर्ष दुबे (पांच विकेट), यश ठाकुर और पार्थ रेखड़े (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले के पांचवें दिन शुक्रवार को मुम्बई को 325 रन पर समेटकर 80 रनों की जीत के साथ टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बना ली हैं। मुम्बई ने कल के तीन विकेट पर 83 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में यश ठाकुर ने शिवम दुबे (12) को आउट कर विदर्भ को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सूर्यकुमार यादव ने आकाश आनंद के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया।

हर्ष दुबे ने सूर्यकुमार यादव (23) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। हर्ष का अगला शिकार आकाश आनंद (39) रहे। इसके बाद शम्स मुलानी और शार्दुल ठाकुर मुम्बई की धूमिल होती उम्मीद को फिर से जगा दिया। शम्स मुलानी (46) के रनआउट होने पर मुम्बई को बड़ा झटका लगा। इसके बाद यश ठाकुर ने शार्दुल ठाकुर (66) को बोल्डकर पवेलियन भेज दिया। तनुष कोटियान (26) रन बनाकर आउट हुए। हर्ष दुबे ने मोहित अवस्थी (34) को पगबाधा आउटकर मुम्बई की दूसरी पारी का 97-5 ओवर में 325 रन पर समेटकर 80 रनों से जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। विदर्भ की ओर से हर्ष दुबे ने पांच विकेट लिए। यह ठाकुर और पार्थ रेखड़े को दो-दो विकेट मिले। विदर्भ ने पहली पारी में 383 रन का स्कोर बनाया था। उसके बाद मुम्बई की पहली पारी 270 के स्कोर पर सिमट गई थी। विदर्भ ने दूसरी पारी में 292 रन बनाए थे।

## गिल ने बनाया करियर का सबसे धीमा शतक



**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ परिस्थितियों के अनुसार अपने एकदिवसीय करियर का सबसे धीमा नाबाद शतक बनाया।

शुभमन गिल का यह शतक ऐसे समय में आया जब भारत विराट कोहली, श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल का विकेट गंवा कर मुश्किल में था। ऐसे कठिन समय में गिल समझदारी से बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई। यह उनका आठवां एकदिवसीय शतक है। 2019 विश्व कप के बाद

**2019 विश्व कप बाद यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज के द्वारा वनडे में सबसे धीमा शतक है**

यह किसी भी भारतीय बल्लेबाज के द्वारा एकदिवसीय में सबसे धीमा शतक है। गिल ने उनकी विजयी शतकीय पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। मैच के बाद गिल ने कहा कि यह निश्चित रूप से मेरे सबसे अच्छे शतकों में से एक था।आईसीसी टूर्नामेंट में यह मेरा पहला शतक है। मैं बेहद खुश हूं। पिच आसान नहीं था। शुरुआत में ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आ रही थी। इसलिए मैंने तेज गेंदबाजों के खिलाफ क्रीज का इस्तेमाल कर गेंद को सर्कल के ऊपर से खेलने का प्रयास किया। फिर जब स्पिनर्स आए, तो मैंने और कोहली ने इस बारे में बात की कि फंट फुट पर सिंगल लेना आसान नहीं हो रहा था, इसलिए मैंने बैक फुट पर खेलने पर ध्यान केंद्रित किया।

## ममता जी व प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने जीता महिला युगल आईडीएएस खिताब

**लखनऊ, वार्ता।** पीसीडीए (ओ) पुणे की ममता जी और सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे की प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने 11वां अखिल भारतीय डीएडी बैडलमटन टूर्नामेंट में महिला युगल आईडीएएस खिताब जीत लिया है। सूर्या खेल परिसर, करियप्पा रोड, कैंट, लखनऊ में आयोजित टूर्नामेंट के महिला युगल आईडीएएस फाइनल में ममता जी- व प्रेक्षा जैन की जोड़ी ने अभिनीत ढिल्लन व एस-संगीता को सीधे गेम में 21-11, 21-14 से हराया। वहीं पुरुष युगल खेल कोटा में पीसीडीए आर्मी लखनऊ के अजय कुमार व शैलेंद्र पावा और महिला युगल ओपन में पीसीडीए आर्मी लखनऊ की मधु ज्ञानचंदानी व पूनम यादव ने फाइनल में जगह पक्की की। पुरुष युगल आईडीएएस सेमीफाइनल में पीसीडीए आर्मी-पुणे के विक्रम ए-राजापुरे व सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे के आनंद अग्रवाल ने सीडीए सिकंदराबाद के डा-श्रीनिवास रेड्डी व टी-रामा मूर्ति को 21-13, 21-12 से हराया। पुरुष एकल आईडीएएस सेमीफाइनल में, पीसीडीए -आर्मी-पुणे के विक्रम ए-राजा. पुरे ने सीडीए आरटीसी एनएडीएफएम, पुणे

- हिन्दुस्तान की बड़ी जीत, तरुणसंघा को पूरे अंक

**नई दिल्ली, वार्ता।** डीएसए प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में हिंदुस्तान फुटबाल क्लब ने यूनाइटेड भारत एफ सी को 4-1 से हरा कर पूरे अंक अर्जित किए। यहां नेहरू स्टेडियम परिसर में खेले गए मुकाबले में विजेता टीम हिन्दुस्तान के लिए किलोंग, प्लेयर ऑफ द मैच होकिप, आशिफ और मिसाओ ने गोल जमाए स पराजित टीम का इकलौता गोल घ्हाँन शपोर्जी ने किया। वहीं दिन के दूसरे मुकाबले में तरुण संघां ने नेशनल यूनाइटेड सपोर्टिंग क्लब को ओलेन सिँह के गोल से परास्त किया। आज के मुकाबले में यूनाइटेड भारत ने पहले खाता खोला लेकिन एक बार फार्म मे आने के बाद हिन्दुस्तान ने खेल पर पकड़ बना ली और पाला बदलते ही विजेता टीम के तेवर भी बदल गए। आशिफ, होकिप, सूरज मेटी ने बेहतर तालमेल के साथ प्रतिद्वन्दवी पर दबाव बनाया और दर्शनीय गोल जमाए। हिंदुस्तान के 17 मैचों में 20 अंक हो गए हैं। अंक तालिका में सबसे नीचे चल रहे यूनाइटेड भारत के बचने के मौके बहुत

## भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स में शिरकत करेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इटली के ट्यूरिन में आठ मार्च से शुरु होने वाले स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में भारत का 49 सदस्यीय दल शिरकत करेगा। इटली के ट्यूरिन में आठ से 15 मार्च होने वाली इस प्रतियोगिता में भारत के 30 एथलीट और 19 लोगों का सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं।

## विराट कोहली ने कैच पकड़ने के अजहर के रिकॉर्ड की बराबरी की

**दुबई, वार्ता।** भारत के स्टार बल्लेबाज और चुस्त क्षेत्ररक्षक विराट कोहली ने एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैचों में सबसे अधिक कैच पकड़ने के पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। कोहली ने गुरुवार को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने आज के मैच में नजमुल शान्तो और जाकेर अली के कैच पकड़े। कोहली और अजहरुद्दीन अब 156 कैच लेकर संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। उन्होंने एकदिवसीय मैचों में 140 कैच पकड़ने वाले महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया है। इसके अलावा राहुल द्रविड़ 124 कैच के साथ चौथे स्थान पर हैं। शानदार क्षेत्ररक्षण करने वाले सुरेश रैना 102 कैच के साथ शीर्ष पांच में शामिल हैं। इस बीच, भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने 200 एकदिवसीय विकेट लेने वाले संयुक्त दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बनकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है।उन्होंने पाकिस्तान के सकलैन मुश्ताक की बराबरी करते हुए महज 104 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की। मोहम्मद शमी ने आज बांग्लादेश के पांच बल्लेबाजों को आउट किया।



## चहल-धनश्री का हुआ तलाक



**18 महीने से अलग रह रहे थे दोनों, दिसम्बर 2020 में हुई थी शादी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा का तलाक हो गया है। कानूनी कार्यवाही पूरी करने के बाद दोनों ने आधिकारिक तौर पर अलग होने का फैसला किया है। एक मीडिया हाउस की रिपोर्ट के अनुसार, मामले से परिचित एक वकील ने बताया गुरुवार को बांद्रा फैमिली कोर्ट में अंतिम सुनवाई और सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी हुईं, जिसमें दोनों सुबह 11:00 बजे से मौजूद थे। रिपोर्ट के अनुसार, सुनवाई के दौरान जज ने इस कपल को काउंस. लिंग सेशन में शामिल होने का निर्देश दिया, जो करीब 45 मिनट तक चला। जज के पूछे जाने पर चहल और धनश्री दोनों ने पुष्टि की कि वे आपसी सहमति से तलाक चाहते हैं। बांद्रा फैमिली कोर्ट में चर्चा के बाद जज ने शाम 4:30 बजे आधिकारिक तौर पर तलाक को मंजूरी दे दी। युजवेंद्र और धनश्री की शादी 11 दिसम्बर 2020 को हुई थी। दोनों 18 महीने से अलग रह रहे थे वकील ने यह भी खुलासा किया कि अंतिम फैसला लेने से पहले दोनों पिछले 18 महीनों से अलग रह रहे थे। चहल और उनकी पत्नी धनश्री के तलाक की अफवाहें काफी समय से सोशल मीडिया पर चल रही थीं। हालांकि, चहल और धनश्री का अभी तक अफ़्फिशियल बयान सामने नहीं आया है। झलक दिखला जा-11 शो में लव स्टोरी सुनाई थी धनश्री वर्मा ने झलक दिखला जा-11 के एक एपिसोड के दौरान युजवेंद्र चहल के साथ अपनी लव स्टोरी के बारे में खुलासा किया था।

## कोहली को खुद पर दबाव बनाने से फार्म में लौटने में आ रही दिक्कत : कुंबले



**दुबई, वार्ता।** भारत के पूर्व कप्तान व कोच अनिल कुंबले का मानना है कि विराट कोहली खुद पर जरुरत से ज्यादा दवाब बना रहे है इस वजह से उन्हें फॉर्म में लौटने में दिक्कत आ रही है। बांग्लादेश के खिलाफ मैच जीतने के बाद कोहली के प्रदर्शन को लेकर कुंबले ने कहा कि खराब फॉर्म से गुजरते हुए विशेषकर सफेद गेंद की क्रिकेट में कोहली को इतने लंबे समय तक ऐसी मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ा। मुझे लगता है कि वह अपने ऊपर जरुरत से ज्यादा दवाब बना रहे हैं।

आपके पास ऐसे खिलाड़ी हैं जो पहले भी ऐसा कर चुके हैं और हर कोई आपसे उम्मीद रखता है कि यह वो व्यक्ति है जो खेल को हमसे दूर ले जाएगा और ये टीम में महत्वपूर्ण है। जब आपके ऊपर इस तरह का दबाव हो और आपसे इस तरह की उम्मीदें होती हैं तो अचानक आप और कई सारी चीजो को अहमियत देने लगते हैं और बहुत अधिक प्रयास करने लगते हैं। जब आप ऐसा करते हैं तो आप तनावमुक्त नहीं होते हैं। मेरा मानना है कि वह अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी और सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वह बहुत अधिक प्रयास कर रहा है। आप देख सकते हैं कि वह अपनी पारी किस तरह से खेल रहा है। उसे बस इसके बारे में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। रोहित शर्मा वहां आता है, उसे आजादी मिलती है क्योंकि बहुत सारी बल्लेबाजी होती है और वे सभी शानदार फॉर्म में हैं। इसी तरह विराट के लिए, उसे बस मैदान में आने के बाद किसी और चीज़ के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि जब वह फार्म में होता है, जब वह सिर्फ़ सिंगल लेना चाहता है और स्ट्राइक रोटेट करता रहता है, तो वह स्पिन को बहुत अच्छी तरह से खेलने वाला खिलाड़ी है। अब वह केवल नियंत्रण करने के बजाय रन बनाने के लिए बहुत अधिक प्रयास कर रहा है, और यही उसका गेम प्लान रहा है।

# रेखा की लक्ष्मण रेखाएं

सियासी परम्परों पर चलते हुए दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के एक दिन बाद सीएम रेखा गुप्ता ने पूर्व सीएम आतिशी और उनके मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ को हटा दिया है। इतना ही नहीं आतिशी सरकार ने जिन अधिकारियों- कर्मचारियों को दूसरी जगह नियुक्त किया था, उन्हें फौरन अपने मूल विभाग में रिपोर्ट करने का आदेश दिया गया है। राजनीति में सब कुछ जायाज वाली कहावत पर गौर करते हुए इस पर ज्यादा टीकर-टिप्पणी ठीक नहीं, यह भी ठीक है कि दिल्ली को संपन्न, विकसित, आत्मनिर्भर बनाकर राज्य की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने का संकल्प जताया। वे सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित व आतिशी के बाद चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में महिला वोटरों ने राजनीतिक परिदृश्य बदलने में निर्णायक भूमिका निभाई है। फलत: राजनीतिक दलों ने महिला मतदाताओं को लुभाने के लिये लुभावनी योजनाएं घोषित की हैं। ऐसी योजनाओं का असर मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड के हालिया चुनावों में देखने को भी मिला है। ऐसे में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने महिला मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि महिलाएं उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने महिलाओं को हर माह पच्चीस सौ रुपये देने का वायदा इसी मकसद से किया था। वैसे ऐसी ही घोषणाएं कांग्रेस व आप ने भी की थी। उल्लेखनीय तथ्य है कि भाजपा शासित राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में रेखा गुप्ता पहली महिला मुख्यमंत्री हैं। वहीं दूसरी ओर एक बार उनके चयन से भाजपा ने फिर साबित किया कि संघ व उसके आनुषंगिक संगठनों से आए नेताओं को ही शीर्ष पदों के चयन में वरीयता दी जाती है। वहीं रेखा गुप्ता इस मायने में भाग्यशाली हैं कि वे पहली बार विधायक बनने के बावजूद मुख्यमंत्री का ताज हासिल करने में सफल रही हैं। हालांकि, वह भाजपा के विभिन्न संगठनों में पिछले तीन दशकों से सक्रिय रही हैं और तीन बार दिल्ली नगर निगम पार्षद भी रही हैं। हालांकि, इससे पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाए जाने को लेकर खूब चर्चा रही। इसकी वजह उनकी राजनीतिक विरासत के अलावा, उनका आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को हराना भी था। जनता ने भी उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री की टक्कर का मानकर जिताया। कयास लगाये जा रहे थे कि कई कारणों से नाराज जाट समुदाय को मनाने की कोशिश में उन्हें यह पद मिल सकता है। लेकिन जैसा कि भाजपा की रणनीति रही है, वह राजनीति में परिवारवाद के तमगे से बचने का प्रयास करती रही है। राष्ट्रीय स्तर पर परिवारवाद का विरोध भाजपा का मुख्य एजेंडा भी रहा है। कुछ विवाद भी प्रवेश वर्मा की बयानबाजी को लेकर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर राजनीतिक मर्यादा को लांघने वाले रेखा गुप्ता के पुराने ट्वीट भी सोशल मीडिया पर खासे वायरल हो रहे हैं। वैसे तो भाजपा कह सकती है कि डबल इंजन की सरकार दिल्ली के विकास को नई दिशा देगी, लेकिन नई मुख्यमंत्री को आप सरकार के शैक्षिक सुधारों, मुफ्त बिजली-पानी, मोहल्ला क्लीनिक व अन्य लोककल्याण के कार्यक्रमों के बड़े विकल्प देने होंगे। दिल्ली की जनता लगातार प्रदूषण, जल भराव, विकास, कूड़े के ढेरों तथा ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रही है। पूर्व मुख्य मंत्रियों व एलजी से टकराव के चलते दिल्ली के विकास की गति थम सी गई थी। एक महिला मुख्यमंत्री होने के नाते उन्हें बेटियों की सुरक्षा की अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी, ताकि फिर दिल्ली में निर्भया कांड जैसे हादसे न हों। वहीं चुनाव के दौरान भाजपा के प्रमुख एजेंडे में शामिल रही यमुना की सफाई को भी उन्हें अपनी प्राथमिकता बनानी होगी। वहीं उन्हें ध्यान रखना होगा कि भले की आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर हुई हो,लेकिन अच्छे-खासे विधायकों के साथ वह एक मजबूत प्रतिरोधी विपक्ष के रूप में विधानसभा में मौजूद है। दिल्ली के सियासी तापमान के दृष्टिगत सीएम रेखा गुप्ता को भी अपनी सीमाएं/ लक्ष्मण रेखाएं तय करनी होंगी। विपक्ष उनके अनुभव हीन होने का फायदा उठाने की फिराक में लगा रहेगा।

## कांग्रेस की बदौलत दिल्ली में भाजपा सत्ता में आई



कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाधी को बसपा पर उंगुली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांक कर देख लेना चाहिए था, दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस भाजपा की बी टीम बन कर चुनाव मैदान पर उतरी, जिसके कारण भाजपा को दिल्ली की सत्ता में आने का मौका मिला, यह आम चर्चा है, जिसके कारण यहां बीजेपी सत्ता में आ गई है, वरना इस चुनाव में कांग्रेस का इतना बुरा हाल नहीं होता, यह पार्टी अपने ज्यादातर उम्मीदवारों की जमानत भी न बचा पाए, राहुल गांधी को किसी भी मामले में दूसरों पर व खासकर बीएसपी की प्रमुख पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में भी जरूर झांक कर देखना चाहिए, यह बेहतर होगा।

**मायावती**
**अध्यक्ष , बसपा**

# सर्वसमावेशी संस्कृति का प्रतीक महाकुंभ



**गजेंद्र सिंह शेखावत**

यदि आप भारत के गांव-कस्बों से गुजरें तो ऐसे असंख्य लोग मिल जाएंगे, जो प्रात: स्नान करते समय 'गंगे च यमुने चौव गोदावरी सरस्वती। नर्मदे सिंधु कावेरी जले स्मिन संनिधि कुरु।। का मंत्रोच्चार कर रहे होंगे। इस मंत्र का अर्थ है-हे यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु, और कावेरी हमारे जल में उपस्थित होकर इसे पवित्र करो। स्नान के नित्यकर्म में राष्ट्र की सभी पवित्र नदियों का आह्वान यह बताता है कि भारतभूमि के लोगों की नदियों के प्रति कितनी गहरी श्रद्धा है।

विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है। उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं। ये नदियां मां की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं। हम जब भी समस्याओं में उलझे होते हैं तो इन नदी रूपी माताओं के निकट आकर शांति की तलाश करते हैं और अपनी इहलौकिक यात्रा को समाप्त कर पारलौकिक यात्रा के लिए भी इन्हीं नदियों की गोद में पहुंचते हैं। इन नदियों का न केवल हमारे धार्मिक-आध्यात्मिक जीवन में विलक्षण महत्व है, अपितु ये सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक तथा अन्य कई रूप से भी सहायक मानी जाती हैं।

यही कारण है कि हमारे धार्मिक ग्रंथों में नदियों को माता का दर्जा दिया गया है। ऋग्वेद के नदी सूक्त से लेकर आधुनिक साहित्य तक, नदियों की महिमा को व्यापक रूप से दर्शाया गया है। महाभारत, मत्स्य पुराण, ब्रह्म पुराण और कालिदास के ग्रंथों में भी नदियों की पवित्रता को रेखांकित किया गया है। कुंभ महापर्व, नदियों के महात्म्य का ही महापर्व है, जो विविधतता में एकता प्रदर्शित करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। कुंभ मेला भारत की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं का सबसे बड़ा पर्व है। यह महापर्व खगोल विज्ञान, आध्यात्मिकता, कर्मकांड की परंपराओं और सामाजिक तथा सांस्कृतिक ज्ञान-विज्ञान की बहुवर्णीयता से सभी को आकर्षित करता है।

अथर्ववेद में उल्लेख मिलता है कि भगवान ब्रह्मा ने हरिद्वार, प्रयागराज, उज्जैन और नासिक चार कुंभ स्थापित किए, जिससे यह आयोजन पवित्र माना जाता है। स्कंद पुराण में कुंभ योग बताते हुए कहा गया है 'मेषराशिंगते जीवे मकरे चन्द्र भास्करी। अमावास्या त द ा योग: कुम्भाख्यस्तीर्थनायके।। 'अर्थात' जिस समय बृहस्पति मेष राशि पर स्थित हो तथा चंद्रमा और सूर्य मकर राशि पर हों तो उस समय तीर्थराज प्रयाग में कुंभ-योग होता है।

**विश्व की लगभग सभी सभ्यताओं का जन्म नदी तटों पर हुआ है, लेकिन भारत तो नदी संस्कृति का ही देश है, उत्तर में सिंधु से लेकर दक्षिण में कृष्णा-कावेरी तक और पूर्व में ब्रहमपुत्र से लेकर पश्चिम में नर्मदा तक भारत की ये पुण्य सलिलाएं अनंतकाल से कोटि-कोटि भारतवासियों के जीवन का उद्धार करती रही हैं ये नदियां मां की तरह ही हमारा भरण-पोषण करती हैं**



कुंभ का आयोजन समाज, धर्म और संस्कृति के समन्वय का प्रतीक है। इसमें प्रमुख अखाड़ों के संत, महात्मा और नागा संन्यासी संसार के संपूर्ण कष्टों के निवारण हेतु तथा समाज, राष्ट्र, और धर्म आदि के कल्याण के लिए अमूल्य दिव्य उपदेश प्रदान करते हैं। प्रयाग में कुंभ के तीन प्रमुख स्नान होते हैं। मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और वसंत पंचमी पर। इन तीनों स्नानों में सर्वप्रथम स्नान निर्वाणी अखाड़े का, द्वितीय स्नान निरंजनी अखाडे का और तृतीय स्नान जूना अखाड़े का होता है। इसके पश्चात् समस्त संप्रदाय के लोगों का होता है। कुंभ-पर्व की प्राचीनता के संबंध में तो किसी संदेह कीआवश्यकता ही नहीं, किंतु यह बात अवश्य महत्त्वपूर्ण है कि कुंभ मेले का धार्मिक रूप में श्रीगणेश किसने किया ? विद्वानों ने यह सिद्ध किया है कि कुंभ मेले के प्रवर्तक आदि शंकराचार्य हैं। उन्होंने कुंभ-पर्व के प्रचार की व्यवस्था धार्मिक संस्कृति को सुदृढ़ रखने के लिए तथा जगत कल्याण की दृष्टि से की थी। उन्हीं के आदर्शानुसार आज भी कुंभपर्व के चारों सुप्रसिद्ध तीर्थों में सभी संप्रदाय के साधु-महात्मागण देश-काल-परिस्थिति अनुरूप लोककल्याण की दृष्टि से धर्म-रक्षार्थ धर्म का प्रचार करते हैं, जिससे सर्वजन कल्याण होता है।

कुंभ का इतिहास कान्यकुब्ज के शासक सम्राट हर्षवर्धन के साथ भी जुड़ा है। हर्षवर्धन कुंभ के अवसर पर प्रयाग में ही रहकर सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन करते और सभी मतावलंबियों के विचार सुनते थे। धार्मिक सहिष्णुता के साथ-साथ महाराज हर्षवर्धन इस अवसर पर अपनी दानशीलता का भी परिचय देते थे। चीनी यात्री वेनसांग के यात्रा विवरण के अनुसार कुंभ में वह अपना सर्वस्व मुक्तहस्त से दान कर देते थे। सम्राट हर्षवर्धन ने अपना समूचा कोष प्रयाग कुंभ के अवसर पर दान कर दिया। जब दान के लिए कुछ और शेष नहीं रहा, तब उन्होंने अपने वस्त्राभूषण तथा मुकुट तक उतार कर दे दिए। जब शरीर पर वस्त्र भी नहीं बचे तो उनकी बहन राज्यश्री ने उन्हें पहनने के लिए वस्त्र दिए। महाराज हर्षवर्धन के त्याग और दान की यह प्रेरक परंपरा कुंभ में अब तक अक्षुण्ण चली आ रही है।

कुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि इसका वैज्ञानिक और ज्योतिषीय पक्ष भी महत्त्वपूर्ण है। जब सूर्य मकर राशि में और गुरु कुंभ राशि में होते हैं, तब स्नान करने से व्यक्ति के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। संगम के जल में प्राकृतिक खनिज और औषधीय गुण होते हैं, जिससे यह स्नान शरीर की शुद्धि का माध्यम बनता है।

करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने के बावजूद यहां आधुनिक तकनीक के प्रयोग और कुशल प्रबंधन ने कुंभ मेले को विश्व का सबसे बड़ा और व्यवस्थित आयोजन बना दिया है। स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का ऐसा संगम शायद ही कहीं और देखने को मिले। सरकार और प्रशासन ने इसे पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं, जिससे यह आयोजन न केवल धार्मिक, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय संदेश भी देता है।

# हाई बीपी की समस्या को कंट्रोल करने के लिए करें ये वर्कआउट



आज के समय में ज्यादातर लोगों को हाई बीपी की समस्या रहती है। इसलिए ऐसे लोगों को अपनी दवा के साथ खानपान और फिजिकल फिटनेस पर भी उतना ही ध्यान देते हैं। ऐसे में आप बीपी को कंट्रोल करने के लिए डेली रूटीन में कुछ छोटे-छोटे बदलाव करते हैं। साथ ही एक्सरसाइज को रूटीन का हिस्सा बनाने से आपको बीपी कंट्रोल करने में काफी फायदा मिलता है। एक्सरसाइज से आपका दिल मजबूत होता है और ब्लड सर्कुलेशन भी इंप्रूव होता है। साथ ही एक्सरसाइज करने से तनाव कम करने में सहायता मिलती है। आप डेली रूटीन में सिंपल वॉक से लेकर लाइट स्ट्रेच तक कुछ भी कर सकते हैं।

हालांकि इस बात में कोई दोराय नहीं है कि हाई बीपी की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए वर्कआउट बेहद फायदेमंद है। इसलिए आपको कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। हाई बीपी के मरीजों को वर्कआउट रूटीन में कुछ बदलाव करने की जरूरत हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को वर्कआउट करते समय किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए।

### कोर्डियो वर्कआउट...

अगर किसी व्यक्ति को हाई बीपी की समस्या है, तो आपको कार्डियो वर्कआउट करना चाहिए। इस दौरान इंटेसिटी को मॉडरेट ही रखें। आप स्विमिंग से लेकर ब्रिक्स वॉकिंग और साइकिलिंग आदि कर सकते हैं। वहीं अगर आप कार्डियो एक्सरसाइज करते हैं, तो इससे आपका ब्लड सर्कुलेशन इंप्रूव होता है और एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न होती है। इससे आपको हेल्दी वजन बनाए रखने में सहायता मिलती है। इससे आपका ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है।

### लाइटवेट करें स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

**हार्ट हेल्थ**

बता दें कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीजों को स्ट्रेंथ ट्रेनिंग कभी मिस नहीं करना चाहिए। इसलिए सप्ताह में 2-3 बार आप लाइटवेट के साथ स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करनी चाहिए। आप चाहें तो इसके लिए रेसिस्टेंस बैंड का इस्तेमाल कर सकते हैं। क्योंकि जब आप स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करते हैं, तो इससे मसल्स बिल्डअप में सहायता मिलती है। साथ ही इससे मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है। वहीं ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करना आसान हो जाता है।

### हाइड्रेशन का रखें ख्याल

वैसे तो हर किसी को वर्कआउट करते हुए अपने शरीर के हाइड्रेशन लेवल का ख्याल रखना चाहिए। लेकिन अगर आपको हाई बीपी की समस्या है, तो यह अधिक जरूरी हो जाता है। दरअसल, डिहाइड्रेशन से आपके दिल पर एक्स्ट्रा दबाव पड़ता है। इससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है।

# खरपतवारनाशी ग्लायफोसेट से शिशुओं के स्वास्थ्य को खतरा

**स्रोत फीसर्च**

एक हालिया अध्ययन में खरपतवारनाशी ग्लायफोसेट के बढ़ते उपयोग का सम्बंध नवजात शिशुओं के जन्म के समय कम वजन और गर्भावस्था के छोटा होने से देखा गया है। इस रसायन का खेती में खूब उपयोग होता है, खासकर अमेरिका में। यह अध्ययन ओरेगन विश्वविद्यालय के एडवर्ड रुबिन और एमेट रेनियर द्वारा प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइन्सेज में प्रकाशित किया गया है।

शोधकर्ताओं ने 1990 से 2013 के बीच जन्मे एक करोड़ से अधिक नवजात शिशुओं के डैटा का विश्लेषण किया और अलग-अलग जिलों में ग्लायफोसेट के इस्तेमाल की मात्रा का सम्बंध गर्भावस्था अवधि और जन्म के समय वजन से किया। पाया गया कि जिन जिलों में सोयाबीन, मक्का और कपास की जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फसलें उगाई जाती हैं और भारी मात्रा में ग्लायफोसेट छिड़का जाता है, वहां 2005 तक नवजात शिशुओं का औसत वजन 30 ग्राम कम और गर्भावस्था की अवधि 1.5 दिन कम हो गई थी। ये प्रभाव 1996 से पहले नहीं दिखाई दिए थे क्योंकि तब जीएम फसलों का खूब उपयोग शुरू नहीं हुआ था। ग्लायफोसेट-सह फसलें आने के बाद ग्लायफोसेट का अत्यधिक उपयोग शुरू हुआ था। महज अमेरिका में हर साल यह 127000 टन से अधिक छिड़का जाता है। अमेरिकी पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी के अनुसार ग्लायफोसेट का सावधानियों के साथ उपयोग सुरक्षित है, लेकिन कुछ शोध में इसका सम्बंध प्रजनन हार्मोन असंतुलन और अल्प गर्भावधि से देखा गया है।

शोधकर्ताओं के मुताबिक इसके आर्थिक प्रभाव भी गंभीर हैं। जन्म के समय कम वजन और छोटी गर्भावधि का सम्बंध दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याओं से है, जैसे संज्ञानात्मक विकास में देरी, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, मधुमेह व हृदय रोग। और शोधकर्ताओं का अनुमान है गर्भावधि में मामूली कमी से नवजात की देखभाल, विशेष शिक्षा, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली के कारण बीमारी पर खर्च, और प्रभावित व्यक्तियों की कमाई में कमी जैसी समस्याओं से हर साल 1.1 अरब डॉलर से अधिक की हानि होती है।



# साहित्यकार जब चाहता है तो सत्ताएं बदल जाती हैं



**पवन सिंह**

ये हेडलाइन भी लिफाफा पकड़ कवियों की जो भरी कविता जैसे लगी... चीन की चड्डी खैंच देंगे पाकिस्तान की पों निकाल देंगे। अमे. रिका भरेगा पानी अगर हम नदी नहा लेंगे। हमारे देश में कभी एक मौसम हुआ करता था जब साहित्यकार और कवि सत्ताओं के सामने अडिग और निडर होकर कलम के जरिए बात किया करते थे। अब कलम में 'राग तेलाही' की स्याही भरते हैं और सत्ता के कपाल पर कंपकंपी करते हैं। आज के साहित्यकारों और कवियों ने कलम, शब्द और आवाजों को बत्ती बनाकर उसके तैलीयपन से अपने तथाकथित ओज को जलाए रखने में महारथ हासिल कर रखी है। रही बात हेडिंग चेपने की तो इसमें कौन सी जीएसटी लगती है। दरअसल हकीकत तो ये है कि जब सत्ता चाहती है तो साहित्यकार की कलम बदल जाती है। शब्द बदल जाते हैं। शब्दावली बदल जाती है। शब्दार्थ बदल जाते हैं। भाव और अलंकार बदल जाते हैं। कलम रिरियाने लगती है। वह राग दरबारी गाने और लिखने लगती है। इसलिए सत्ताएं जब चाहती हैं तो सुर-ताल-तबला-सरंगी। सब कुछ उसके मुता. बिक ही बदल जाता है।

कौन साहित्यकार है और कौन नहीं पहले समाज तय करता था। अब साहित्यिक ठेकेदार तय करते हैं। नोएडा मीडिया के तथाकथित साहित्यिक सम्मेलन तय करते हैं। सत्ता के साथ गलबहियों का स्तर और सत्ता के साथ गांठ कितनी सालिड जुड़ी है। यह तय करता है। इसलिए मैं अपने विश्वविद्यालय के पुराने दोस्त और मौजूदा उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक के उक्त कथन से कदापि सहमति व्यक्त नहीं कर सकता कि साहित्यकार जब चाहता है तो सत्ताएं बदल जाया करती हैं। वर्तमान संदर्भ में यह कथन पूर्णतया अतिशयोक्ति अलंकार से भरा हुआ है। क्योंकि अब साहित्यकार और उसकी कलम मलाई की चाल चलती है। वह मलाई निकालने के खांचे खोदती है और फिर पद, पैसा, प्रतिष्ठान और मंचीय सम्मान से सुशोभित होती है। दरअसल यही आज का सच है। इसे स्वीकार करें न करें। कहते हैं साहित्य समाज का दर्पण होता है लेकिन यह दर्पण कभी हुआ करता था अब तो सब कुछ अर्पण करके साहित्यकार भजन गा रहा है। सब कुछ तुझको अर्पण बस इसी अर्पण और 'कलमीय समर्पण' के भव सागर के संगम में गोता लगा रहा है साहित्यकार! कितने स्वनामधन्य साहित्यकार हैं जो मौजूदा सामा. जिक, आर्थिक, राजनीतिक, सामरिक विषयों पर कलम को बंदूक बनायें हुए हैं। किसी की हिम्मत नहीं है जो आज के परिवेश का दर्पण बन सके। अब तो दर्पण बने साहित्यकारों को कहीं भी किसी पन्ने पर न तो जगह मिलती है और न ही तथाकथित साहित्यिक सम्मेलनों में मंच क्योंकि आइना दिखाने वाले साहित्यकारों की श्रेणी में नहीं आते। अब साहित्यकार और साहित्यिक मंच सम्मान और पुरस्कार आदान-प्रदान का शानदार गिव एंड टेक का माधयम हैं। इस बार तू मुझको दे अगली बार मैं तुझको दूंगा। वैसे अब तो सम्मानोध पुरस्कारों का बाकायदा एक शानदार बिजनेस है। पैइसा दे पुरस्कृत हो ले। दुबई से अमेरिका तक पुरस्कार ले। सब कुछ झोलझाल चल रहा है। जब चहुंओर पतन सम्मानित हो रही हो रहा हो तो आवाजों को कौन सुने। आवाजें अब नक्कार खाने की तूतियां हैं और ये तूतियां एक ही गीत गा रही है। तू तक तू तक तूतियां हई जमालो फिलहाल तूतियां शहतूत के फल का पंजाबी नाम है, जो मोरस के पेड़ पर उगता है।



# शिक्षा में स्मार्टफोन के प्रचलन से एकाग्रता व हेल्थ खतरे में

शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर दुनियाभर में हलचल है, बड़े शोध एवं अनुसंधान हो रहे हैं, जिनके निष्कर्षों एवं परिणाम को देखते हुए कड़े कदम भी उठाए जा रहे हैं। शोध एवं अध्ययनों के तथ्यों ने चौंकाया भी है एवं चिन्ता में भी डाला है। पाया गया कि जो छात्र अपने फोन के करीब रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्हें ध्यान केंद्रित करने में बहुत मुश्किल होती है, भले ही वे इसका उपयोग न कर रहे हों। स्मार्टफोन के उपयोग से नींद की गुणवत्ता कम होने, तनाव बढ़ने, एकाग्रता बाधित होने, स्मृति लोप होने, अवांछित सामग्री का अधिक उपयोग करने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने जैसे खतरे उभरें हैं।

इन बढ़ते खतरों को देखते हुए दुनियाभर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसे लेकर, कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर बहस जारी है। 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों या वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत ने विशेष कानूनों या नीतियों के माधयम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में अभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है। सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियां भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मान. सिक व शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा है। सर्वविदित है कि विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।



CMYK



शाह टाइम्स

# एक बयान और हड़कंप

शनिवार, 22 फरवरी 2025





## USAID

### कैसे काम करता है




यह संस्था देशों की सरकारों, एनजीओ, प्राइवेट सेक्टर और लोकल समुदायों के साथ काम करती है



इसे अमेरिकी संसद से पैसा मिलता है, जिसे यह अलग प्रोग्राम के लिए इस्तेमाल करती है।

यह हेल्थ, एजुकेशन, आर्थिक विकास, लोकतंत्र और गवर्नेंस और डिजास्टर मैनेजमेंट में मदद करती है।

**100** देशों में लगभग यह संस्था काम करती है, जिनमें अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका और मिडिल ईस्ट प्रमुख हैं।

इसका मकसद अमेरिकी विदेश नीति को आगे बढ़ाना और दुनियाभर के अलग-अलग संकट से जूझना है।

# बाइडेन बदलना चाहते थे मोदी की सरकार!

**नई दिल्ली।** गुरुवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से एक बयान दिया गया। इस बयान के मायने साफ हैं कि कहीं ना कहीं अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन भारत की मोदी सरकार को गिराना चाहते थे। इस बयान से अमेरिका तो अमेरिका यहां भारत के राजनीतिक गलियारों में हलचल बढ़ गई है। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर JIO POLITICS में बाइडन भारत को किस रूप में देखते थे क्योंकि अक्सर मीडिया में इस तरह की बातें सामने आती रही हैं कि बाइडन कहीं ना कहीं अंदरखाने पाकिस्तान का समर्थन करते थे।

### 21 मिलियन डॉलर का है मामला

भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए US एड की तरफ से 21 मिलियन डॉलर लगभग 182 करोड़ रुपये खर्च होने थे। इस मामले पर ट्रम्प ने एक बार फिर से सवाल उठाया है और भारतीय चुनावों में संभावित हस्तक्षेप का संकेत दिया है। ट्रम्प ने बुधवार को बड़ा दावा करते हुए सवाल उठाया कि भारत में मतदान बढ़ाने के लिए अमेरिका को 21 मिलियन डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है। उन्होंने अनुमान लगाया कि पिछली बाइडन सरकार की ओर से किसी और को जिताने की कोशिश की जा रही थी। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सरकार इस मुद्दे पर मोदी सरकार से बातचीत करेगी।

### मोदी के दौर से पहले आया बयान

यह बयान तब आया हैजब एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग DOGE ने 16 फरवरी को खुलासा किया कि USAID के तहत भारत में मतदाता टर्नआउट के नाम पर 21 मिलियन डॉलर आवंटित किए थे। साल 2024 के आम चुनावों में, मोदी सरकार पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में नहीं आ सकी। उसे सरकार बनाने के लिए अपने एनडीए सहयोगियों का सहारा लेना पड़ा। ज्यादातर एग्जिट पोल बीजेपी को लोकसभा चुनाव में जीतता हुआ दिखा रहे थे। लेकिन 4 जून को आए परिणाम में एक अलग तस्वीर देखने को मिली।

### कोई बाहरी खर्च किसलिए करता है

ट्रम्प ने FII प्रायोरिटी समिट में कहा, हमें भारत में मतदाता टर्नआउट पर +21 मिलियन खर्च करने की आवश्यकता क्यों है? मुझे लगता है कि वे किसी और को जिताने की कोशिश कर रहे थे। हमें भारतीय सरकार को बताना होगा। यह एक पूरी तरह से नया खुलासा है। हमें भारत सरकार को बताना होगा। क्योंकि जब हम सुनते हैं कि रूस ने हमारे देश में दो हजार डॉलर खर्च किया है तो यह हमारे लिए बड़ा मुद्दा बन जाता है।

### पहले भी उठ चुके हैं सवाल

डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले भी 21 मिलियन डॉलर खर्च करने पर सवाल उठाया था। उन्होंने इस मुद्दे के जरिए भारत के टैरिफ पर निशाना भी साधा था।

मंगलवार को ट्रंप ने कहा, 'हम भारत को 21 मिलियन डॉलर क्यों दे रहे हैं? उनके पास बहुत ज्यादा पैसा है। वे दुनिया के सबसे ज्यादा टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक हैं। हम वहां मुश्किल से ही घुस पाते हैं, क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा है।



## भारत में बयानबाजियों का दौर शुरू




भारत में इस खुलासे के बाद राजनीतिक दलों में बयानबाजी शुरू हो गई है। भाजपा ने इसे भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में बाहरी हस्तक्षेप करार दिया और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि यह विदेशी ताकतों द्वारा भारत की चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश थी। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि विदेशी संस्थाओं द्वारा भारतीय संस्थानों में व्यवस्थित घुसपैठ की जा रही है।

**राहुल पर क्या बोली कांग्रेस?**

इसके अलावा, कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा पर यह आरोप लगाया कि वह इस मुद्दे को राजनीतिक हथियार बना रही है। कांग्रेस का कहना है कि अगर विदेशों से कोई मदद दी भी गई है, तो इसकी जांच होनी चाहिए, लेकिन भाजपा इसे राहुल गांधी पर निशाना साधने के लिए इस्तेमाल कर रही है। गौरतलब है कि राहुल गांधी पहले भी कई बार विदेशों में जाकर भारत के लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील कर चुके हैं, जिस पर भाजपा ने उन्हें घेरने की कोशिश की थी।

## चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप का आरोप

इस मामले में भारत सरकार की प्रतिक्रिया आनी बाकी है। हालांकि, भाजपा इस मुद्दे को बड़े पैमाने पर उठा रही है और इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता से जोड़ रही है। अब देखना होगा कि मोदी सरकार इस मामले को लेकर अमेरिका से क्या जवाब मांगती है और क्या इसे लेकर कोई औपचारिक कार्रवाई होती है।



**यह हैं कुछ बड़े आंकड़े**

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ डॉलर प्रदान करने के उद्देश्य पर सवाल उठाया था। ट्रम्प ने दर्शकों को कुछ उदाहरण दिए कि राष्ट्रपति बनने से पहले उनका पैसा कहां जा रहा था। सूची में भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर शामिल थे। यूएसएड ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन आयोग को दी थी यह राशि 16 फरवरी को ट्रंप ने जारी किया था डोजियर। भारत में चुनावी हस्तक्षेप का आरोप भी लगाया।

## अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग ने दी थी जानकारी

मुझे भारत और उसके पीएम का बहुत सम्मान है। DOGE, जो बाइडेन प्रशासन के दौरान अमेरिकी मानवीय फंडिंग में अनियमितताओं की जांच के लिए जिम्मेदार है। उनसे घोषणा की कि उसने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए आवंटित फंड को रद्द कर दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी के सलाहकार संजीव सान्याल ने पहले USAID के खुलासे पर प्रतिक्रिया दी थी और इसे मानव इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताया था।

**बीजेपी ने उठाए थे सवाल**

बीजेपी आईटी सेलप्रमुख अमित मालवीय ने इस मामले में सोशल मीडिया पर लिखा था, यह तेजी से साफ होता जा रहा है कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए ने देश के हितों के विरोधी ताकतों को भारत के संस्थानों में घुसपैठ करने में व्यवस्थित रूप से सक्षम बनाया है, जो हर मौके पर भारत को कमजोर करने की कोशिश करते हैं।

**इस विभाग ने किया खुलासा**

दरअसल, ट्रंप की यह टिप्पणी उस समय आई जब अमेरिकी सरकारी दक्षता विभागने हाल ही में खुलासा किया कि यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट ने भारत में वोटिंग टर्नआउट बढ़ाने के लिए 21 मिलियन डॉलर का अनुदान दिया था।

**बांग्लादेश को भी जारी की थी ऐड**

इसी रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि बांग्लादेश में राजनीतिक हालात मजबूत करने के लिए 29 मिलियन डॉलर खर्च किए गए। बांग्लादेश में हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को सत्ता से हटाने की साजिश के आरोप लग चुके हैं, जिससे इस रिपोर्ट की गंभीरता और बढ़ जाती है।



## यूक्रेन को भी जारी की गई थी भारी-भरकम राशि

बुधवार को यूक्रेन में चल रहे युद्ध की ओर मुड़ते हुए, ट्रम्प ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की आलोचना की और उन पर संयुक्त राज्य अमेरिका को एक ऐसे युद्ध में अरबों डॉलर निवेश करने के लिए राजी करने का आरोप लगाया, जिसे वे जीत नहीं सकते। उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने यूरोप की तुलना में काफी अधिक खर्च किया है, लेकिन कोई वित्तीय लाभ नहीं हुआ है।

**ट्रंप ने जारी किया पूरा बयान**

हमें भारत सरकार को बताना होगा, क्योंकि जब हम सुनते हैं कि रूस ने हमारे देश में लगभग दो हजार डॉलर खर्च किए हैं, तो यह एक बड़ी बात है। उन्होंने दो हजार डॉलर के लिए कुछ इंटरनेट विज्ञापन लिए। यह पूरी तरह से एक बड़ी सफलता है।



झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्क्रब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

स्पेशल देशी दवाईयों द्वारा पक्का इलाज
भयंकर बवासीर भयानक से भयानक है, काफी इलाज करा चुके हैं परेशान है। फौरन सम्पर्क करें बवासीर जड़ से खत्म। डिश खिसक चुकी है दर्द व नसें सुन्न हो चुकी हैं। चलने फिरने में परेशानी है बिना ऑपरेशन अचूक इलाज। घुटनों का दर्द पम्प के जरिए नसों को खोल. कर पक्का इलाज लाइलाज गठिया 100% पक्का इलाज। पथरी रेत बनकर बाहर, गुप्त रोगों का जादुई इलाज, शुगर रोगी एक बार जरूर मिले, शरीर में कहीं भी गांठ पक्का इलाज, जिनके बच्चे नही होते 100 साल पुराना नुख्सा।
फोन न0- 9756686426

CMYK